(4) "पाकिस्तान की कुण्डली में स्थित ग्रहस्थिति के अनुसार कर्कराशि का शनिकाल (लगभग मध्यजुलाई तक) इसवर्ष प्रधान–शासक के लिए बहुत नेष्टफलप्रद रहेगा। पाक– कुण्डली में कर्कराशि में बुध, सूर्य, शनि, प्लूटो हैं। यह भारत के साथ कुटिलचाल से सम्बन्ध ठीक न रख पाएगा। इस समय केतु की महादशा में बुधान्तर 29 दिसम्बर, 2006 ई. से प्रारम्भ हुआ था। यहां निर्वाचन सैनिकशासन के प्रभाव में ही होंगे, परिणाम जनता के लिए हितकर न होगा।"

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2064 वि., पृ. 25, कॉलम 1, पहला स्टैंजा)

इन पंक्तियों की सत्यता दैनिक समाचारों से स्पष्ट है कि– जनाब मुशर्रफ साहिब अपने तानाशाही रवैय्ये को न छोडकर जो निर्वाचन करा रहे हैं। सत्ता में परिवर्तन या सत्ता दुबारा पाकर भी परिणाम सुखद नहीं रहेंगे।

(5) "27 जुलाई को शुक्र वक्री हो रहा है; गुरु पहले ही वक्री चल रहा है। 29 जुलाई को मंगल वृषराशि में आकर फिर से शनि के साथ दशम–चतुर्थसम्बन्ध बनाएगा। शनि–मंगल का यह सम्बन्ध 16 सितम्बर तक चलेगा। ध्यान दें– इसी मध्य श्रावण कृष्ण पक्ष त्रयोदश दिन का पक्ष भी आ गया है। श्रावण चान्द्रमास में पांच मंगलवार एवम् बुध, शुक्र, शनि– ये तीन ग्रह इसी चान्द्रमास में अस्त हो रहे हैं। शनि, शुक्र, केतु पर मंगल की दृष्टि भी है। बुध अतिचारी है। पूर्वी–दक्षिणी प्रान्तों एवम् देशों में भयंकर

अग्निकाण्ड, रेल व वायुयानदुर्घटना, दुर्भिक्ष, भयंकर समुद्रीतूफान, भूकम्प, यान–दुर्घटना आदि से भारी जनधनहानि के योग हैं।"

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2064 वि., पृ. 23, कॉलम 1, स्टैंजा 3)

उल्लिखित भविष्यवाणी की सत्यता को निम्नांकित घटनाएं प्रमाणित करती हैं–

(i) पीरू में 16 अगस्त, 2007 ई. को भूकम्प से 500 से अधिक व्यक्ति मरे; 2 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए।

(ii) 'मैक्सिको में भयंकर तूफान' से 21 अगस्त, 2007 ई. को भारी हानि हुई।

(iii) 11 अगस्त, 2007 ई. को अनन्तनाग (काश्मीर) में सेना के शस्त्रागार में अग्निकाण्ड से भारत सरकार को भारी हानि उठानी पड़ी।

(iv) सुमात्रा–इण्डोनेशिया में 12 सितंबर, 2007 ई. को 7.9 स्केल के ऐतिहासिक भूकम्प से भारी हानि हुई। मीडिया के अनुसार यह भूकम्प सन् 2004 ई. के बाद सबसे बड़ा भूकम्प था।

(6) **"16 जून को मंगल अपनी राशि मेष में आकर 15 जुलाई, 2007 ई. तक शनि–शुक्र के साथ दशम–चतुर्थसम्बन्ध बनाएगा। इस प्रकार शनि की मंगल पर एवं मंगल की शनि पर विशेष दृष्टि होगी। अमरीका–पाक की गहरी दोस्ती से पूरे दक्षिण–पूर्वी एशिया को भारी कठोर कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान ने तालिबान एवं लादेन की पीठ पर जो हाथ रखा है, उसका भयंकर परिणाम पाक–जनता को आगामी दो वर्षों में जल्दी ही भोगना पड़ेगा। आने वाले दिनों में पाक की हकूमत अमरीका की कठपुतली बन कर रह जाएगी और पाकिस्तान में उग्रवादी कभी भी रक्तपात की प्रक्रिया शुरु कर सकते हैं; प्रधान नेता को भारी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।"**

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2064 वि., पृ. 23, कॉलम 1, स्टैंजा 1)

उल्लिखित भविष्यवाणी की सत्यता स्पष्ट है– जनाब मुशर्रफ जी की अमरीका पीठ थपथपा रहा है। आगामी समय में यहां रक्तपात, रक्तक्रान्ति के योग भी उग्रवादी बनाएंगे–ऐसा ग्रहस्थिति से संकेत प्राप्त हो रहा है।

(7) **"द्वि.(अधिक) ज्येष्ठ कृष्णपक्ष, द्वि. (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्लपक्ष (2 जून से 30 जून तक)– इस चान्द्रमास में पांच शनिवार होने एवं द्वि. (अधि.) ज्येष्ठ कृ. पक्ष प्रतिपदा (2 जून) को शनिवार होने से किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति (नेता) की मृत्यु का योग बनता है"**

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2064 वि., पृ. 22, कॉलम 2, अन्तिम पंक्तिया)

ठीक– 30 जून, सन् 2007 ई. को श्री साहिब सिंह वर्मा (भू.पू. मुख्यमन्त्री देहली प्रान्त) के सड़कदुर्घटना में आकस्मिक–निधन से राजनैतिक जगत् में शोक व्याप्त हो गया। उल्लिखित पंक्तियों की सत्यता के लिए अधिक कुछ लिखने की आवश्यकता नहीं है।

(8) **मई–जून में मोहाली(पंजाब) में आगजनी से हानि, हरियाणा–पंजाब में सच्चा सौदा डेरा विवाद एवं पाकिस्तान में जस्टिस चौधरी को अपदस्थ किये जाने से होने वाले उपद्रवों की भविष्यवाणी के लिए निम्नांकित पंक्तियां पढ़ें–**

" 7 मई को मंगल मीनराशि में आकर शनि के साथ नवपंचमयोग बनाएगा। 15 मई को मंगलवारी वृषसंक्रान्ति है। ज्येष्ठ अधिकमास होने से कहीं युद्ध का वातावरण बने– "द्विज्येष्ठे नृप–विग्रहः"। बुध अतिचारी होने के कारण प्राकृतिक आपदा से 7 से 24 मई तक **भारी जनधनहानि के योग बनते हैं।"**

" 30 मई को शुक्र कर्कराशि में आकर शनि के साथ दृष्टिसम्बन्ध बनाएगा। यह दृष्टिसम्बन्ध 3 जुलाई, सन् 2007 ई. तक बना रहेगा। इन (शु. श.) पर वक्री बृहस्पति की विशेष दृष्टि भी है। इस समयावधि में इस वर्ष बलोचिस्तान में पाकराष्ट्राध्यक्ष के खिलाफ बग़ावत का रुख बने। मुस्लिमराष्ट्र जन–आन्दोलन को सुलझाने में निष्क्रिय रहेंगे। पाकिस्तान की विरूपता उसकी जमीन पर पल रहे आतंकी संगठनों द्वारा और विकृत हो जाएगी। साऊदीअरब घृणा और नफरत की पौधशाला के रूप में पनपेगा। अलकायदा गल्फ देशों के लिए भयंकर खतरा सिद्ध होंगे।"

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2064 वि., पृ. 22, कॉलम 2, स्टैंजा 4/5)

इस भविष्यवाणी के अनुसार पाक में जनान्दोलन से जनाब मुशर्रफ साहिब को अपना निर्णय बदलना पड़ा। मोहाली में इन्हीं दिनों अग्निकाण्ड से भारी हानि हुई।

(9) पंजाब में भाजपा–अकाली गठबन्धन सरकार बनने की भविष्यवाणी भी अक्षरशः सत्य सिद्ध हुई। पढ़ें–

"पंजाब की प्रभावराशि मीन है। 6 दिसंबर, सन् 2006 ई. को शनि वक्री होकर 10 जनवरी, 2007 ई. से फिर कर्कराशि में पदार्पण करेगा। 17 फरवरी, 2007 ई. से 29 मार्च, 2007 ई. तक शनि, मंगल का समसप्तकयोग यहां की रूलिंग– 'कांग्रेस पार्टी' के लिए काफी परेशानियों वाला है। कांग्रेस–पार्टी की कुण्डली में कर्कराशि अष्टम भाव की है एवं मकरराशि द्वितीय भाव की है, ये दोनों मारकभाव हैं, अतः सत्तारूढ़ दल को पुनः सत्ता हथियाने के लिए भारी प्रयत्न करने पड़ेंगे, वरना भाजपा–अकाली गठबन्धन के भारी पड़ जाने का योग है।

"('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2064 वि., पृ. 29 पर कॉलम 1)

(10) उत्तर प्रदेश में बसपा के बहुमत प्राप्त करने की भविष्यवाणी की सत्यता सं. 2064 वि. के पंचांग में पृ. 29, कॉलम 2 में उत्तरप्रदेश शीर्षक के अन्तर्गत निम्नांकित शब्दों में की गई थी, जिसकी सफलता पर हजारों पत्र, फोन हमें प्राप्त हुए है।

"संवत् 2064 वि. से पहिले ही राजनैतिक शक्तिपरीक्षण में वर्तमान सत्तारूढ़दल को विपक्षी पार्टियों से भारी टक्कर लेनी पड़ेगी। परिणामस्वरूप, यहां कांग्रेस अपना वर्चस्व बढ़ाने में सफल तो होगी, लेकिन प्रमुख पार्टी का स्थान न पा सकेगी। समाजवादी पार्टी को भी झटका लगेगा। बसपा को अधिक लाभ मिलेगा।"

(क) गत सं. 2064 वि. की भविष्यवाणी अवाक् कर देने वाली सिद्ध हुई है। **श्रीमती बेनजीर भुट्टो की मृत्यु एवं जनाब मुशर्रफ साहिब के अपदस्थ होने की भविष्यवाणी एवं सत्तापरिवर्तन की भविष्यवाणी पढ़ें –**

"इस वर्ष मुस्लिम राष्ट्रविशेष के शासनाध्यक्ष के अपदस्थ होने किंवा मृत्यु का योग है। इराक आदि में रक्तक्रान्ति जैसा वातावरण रहे, गृहयुद्ध जैसी स्थिति से अमेरिका हतोत्साहित होगा। सिंह का शनि 15 जुलाई, 2007 ई. के बाद मुस्लिम देश–विशेष में अघटित घटनाचक्र चलाएगा। उग्रवादजन्य हिंसक घटनाओं से अफगानिस्तान, इराक, पाक का बलोचिस्तान एवम् अरब गणराज्य देशों में जनता त्रस्त रहेगी। कहीं सत्तापरिवर्तन भी संभव है।"

"('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2064 वि., पृ. 29 पर कॉलम 1)

इस भविष्यवाणी के अनुसार उग्रवादजन्य हिंसक घटनाओं में श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो की 27 दिसम्बर, 2007 ई. को हत्या कर दी गई।

यद्यपि सभी भविष्यवाणियों की सफलता स्थानाभाव के कारण संभव नहीं है, पुनरपि– संवत् 2065 की अव्यभिचरित कुछ भविष्यवाणियों की चर्चा कर देना भी प्रासंगिक समझते है।

(1) भविष्यवाणी– " अप्रैल से जून के मध्य भूकम्प से हानि के योग बनते हैं"

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 24, कॉलम 2, स्टैंज़ा 2)

तदनुसार 12 मई, सन् 2008 ई. को चीन में भयंकर भूकम्प से 50 हजार व्यक्तियों की मृत्यु हुई एवं लाखों बेघर हो गए।

(2) भविष्यवाणी– " अप्रैल से जून के मध्य म्यांमार (बर्मा) में ....फौजी सरकार के लोकतन्त्र विरोधी दमनात्मक रवैय्ये से जनधनहानि के योग हैं। इन दिनों भूकम्प..... से कहीं हानि के भी योग हैं।

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 24, कॉलम 2, स्टैंज़ा 2)

ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार फौजी शासन ने यहां भारी दमनात्मक रवैय्या अपनाया हुआ है और खास म्यांमार में 3 मई, 2008 ई. को भीषण भूकम्प से लाखों नागरिक मारे गए।

(3) भविष्यवाणी– "21 जून को मंगल सिंहराशि में आकर शनि के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। इस प्रकार शनि–मंगल 9/10 अगस्त, 2008 ई. तक एक–साथ चलेंगे। ग्रहस्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है कि– नेपाल में राजशाही के लिए सन् 2008 ई. का समय बहुत ही चिन्ताजनक परिस्थिति बना देगा। यहां जन असन्तोष से अराजकता की स्थिति को संभालना कठिन होगा। माओवादियों में बढ़ रहे असन्तोष से नेपाल की तराई में स्थित मधेशियों के विरुद्ध हिंसा एवं जनधनहानि के योग संवत्–मध्य में स्पष्ट दिखाई देते हैं। सं. 2008 ई. की ग्रहस्थिति नेपाल में गणतन्त्र के पक्ष में जाती है।"

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 24, कॉलम 2, स्टैंज़ा 3)

इस भविष्यवाणी की सत्यता सर्वविदित है। ठीक 21 जून से 10 अगस्त के मध्य नेपाल में ऐतिहासिक राजतन्त्र समाप्त हुआ और गणतन्त्र की स्थापना का श्रीगणेश हो गया। इसी बारे पृ. 29 पर की गई भविष्यवाणी भी कम आश्चर्यजनक नहीं। पढ़ें–

(4) भविष्यवाणी– "सरकार और माओवादियों के बीच राजशाही और चुनावप्रणाली पर सहमति में कठिनाई आएगी। यहां माओवाद फिर देश को कठिन परिस्थितियों में लाकर खड़ा कर देगा। माओवादियों के हिंसक काण्ड भारत सरकार के लिए चिन्ता का कारण बनेंगे। *इसवर्ष सन् 2008 ई. की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति के अनुसार नेपाल में राजशाही की समाप्ति और एक स्वतन्त्र लोकतन्त्र की स्थापना सुनिश्चित है। लेकिन माओवाद यहां की शासनसत्ता पर किसी न किसी तरह काब्ज़ रहेगा।* "

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 24, कॉलम 2, स्टैंज़ा 2)

आज भी नेपाल में लोकतन्त्र के नाम पर शासन–सूत्र माओवादियों के अधीन है। इन उल्लिखि दो भविष्यवाणियों की सत्यता पर हमें नेपाल से भी अनेकों पत्र प्राप्त हुए हैं।

(5) भविष्यवाणी– "जुलाई–अगस्त सन् 2008 ई. में ....आतंकवादियों की गतिविधि से किसी विशिष्टव्यक्ति की मृत्यु किंवा पदच्युति का योग है।"

(i) इस भविष्यवाणी के अनुसार अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास पर आत्मघाती हमला हुआ और राजदूत की मृत्यु हुई। इस हमले में एक भारतीय रक्षा–अधिकारी सहित 44 व्यक्ति मारे गए।

(ii) 9 जुलाई को टर्की में अमेरिकी दूतावास पर आक्रमण में तीन अधिकारियों की मृत्यु भी इस भविष्यवाणी की सत्यता की पुष्टि करती है।

(6) भविष्यवाणी– "अप्रैल, 2008 ई. से 20 जून, 2008 ई. तक मंगल–राहु का समसप्तक एवं 21 जून से 9 अगस्त, 2008 ई. तक सिंह राशि में शनि का मंगल के साथ एकराशि–सम्बन्ध यूरोप के किसी देशविशेष में भूकम्प, समुद्री तूफान आदि आपदाओं से भारी जनधनहानि का संकेत देता है। समुद्रतटवर्ती देश किंवा भूभाग को विशेष हानि पहुंचेगी।"

"('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 25 पर कॉलम 2)

(i) ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार फिलिपीन्स में 22 जून को भयंकर तूफान से शिप दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें 800 व्यक्ति एवं चालकदल मारे गए। 5 जुलाई, 2008 ई. को एक भयंकर समुद्री तूफान फ्रैंक से फिलिपीन्स में भयंकर विनाश को प्राप्त हुआ, जिसमें 119 के लगभग नौकाएं एवं लगभग 1500 व्यक्ति लापता हो गए।

(ii) 16 जून को यूरोप जा रही एक नौका लीबिया की समुद्री सीमा में डूब गई, 150 यात्री लापता हो गए।

जनाब मुशर्रफ साहिब के अपदस्थ होने की भविष्यवाणी– सं. 2065 वि. पृ. 26 "मुस्लिमराष्ट्र" शीर्षक के अन्तर्गत–

(7) भविष्यवाणी– "मुशर्रफ महाभाग के लिए यह वर्ष (2008 ई.) भयंकर परिणामों वाला रहेगा। मुस्लिम नववर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार सिंह राशि का तृतीयभावस्थ शनि सं. 2065 वि. के पूर्वार्ध में यहां ऐतिहासिक राजनैतिक हत्याकाण्ड से देश को असुरक्षित करेगा एवं शासनसत्ता चरमरा जाएगी। तालिबानी–उग्रवादी देश में भारी अशान्ति का कारण बनेंगे। पाकिस्तान में लोकतन्त्र बहाली के लिए जन–आन्दोलन

जनाब मुशर्रफ साहिब की कठिनाइयों को बढ़ा देगा।"

"('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 26 पर कॉलम 1)

जनाब मुशर्रफसाहिब को मजबूरन राष्ट्रपति पद छोड़ना पड़ा। आगे 25 सितंबर से 7 नवंबर एवं 7 मार्च से संवत् के अन्त तक और दुःखद घटनाएं संभावित हैं।

(7) भविष्यवाणी– "मुस्लिम नववर्ष ग्रहस्थिति के अनुसार आयेश–षष्ठेश मंगल सप्तमभाव में सूर्य के साथ है। मंगल हिजरी सन् का बादशाह भी है, जोकि "पतयस्त्रिषडायानां यदि पापफलप्रदा"– प्रमाणानुसार वर्ष कुण्डली में शुभ नहीं। संकेत मिलता है– अमरीका मुस्लिमराष्ट्रों पर अपना दबदबा बनाए रखेगा। मेष, बृष नामराशि वाले अफग़ानिस्तान, इराक एवम सिंह प्रभावराशि वाले फ्रांस, काबुल तथा कन्या प्रभावराशि वाले राष्ट्र टर्की, बगदाद (इराक), पाकिस्तान आदि राष्ट्रों में इसवर्ष भयंकर प्राकृतिक आपदा–भूकम्प, समुद्री तूफान आदि से जनधनहानि के भयंकर योग बनते हैं।

30 अप्रैल से 8 अगस्त, 2008 ई. तक; 25 सितम्बर से 7 नवंबर तक एवं 7 मार्च से संवत् के अन्त तक की ग्रहस्थिति मुस्लिम राष्ट्रों के लिए भयावह है एवम् किसी मुस्लिमराष्ट्र–विशेष में अघटित दुःखद घटनाचक्र का संकेत देती है।"

"('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 26 पर कॉलम 1)

ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार 30 अप्रैल से 8 अगस्त तक पाक के जनाब मुशर्रफ साहिब को लाकतन्त्र बहाली के लिए जनान्दोलन का सामना करना पड़ा, विस्फोट, राजनैतिक हत्याकाण्ड भयंकर रूप धारण कर गए एवं शासनसत्ता चरमरा गई।

(8) 'जम्मू–काश्मीर में भयंकर हिंसात्मक घटनाचक्र की भविष्यवाणी' पढ़ें–

भविष्यवाणी– जम्मू–काश्मीर की नामराशि 'मकर' पर राहु की वर्षकुण्डलीगत स्थिति यहां के शासक वर्ग के लिए भयावह योग बनाती है। संवेदनशील क्षेत्रों में आतंकवाद में वृद्धि होगी। 30 अप्रैल से 20 जून तक मंगल–राहु का समसप्तकयोग एवं 21 जून से 18 अगस्त तक शनि–मंगल की पोजीशन, 27 जनवरी से संवत् के अन्त तक मंगल का सिंहस्थ शनि के साथ षडष्टक एवं समसप्तकयोग भारी हिंसात्मक घटनाओं वाला मालूम देता है। इस अवधि में सीमाप्रान्तों पर शत्रुदेश की गतिविधियां भारी अशान्ति का कारण बन सकती हैं। भारतविरोधी तत्त्व यहां उल्लिखित समयावधियों में अधिक सक्रिय हो सकते हैं। शासनतन्त्र को गहराई से इस पर दृष्टि रखनी होगी।

सर्वविदत है कि– उल्लिखित समयावधि में भयंकर हिंसाकाण्डों से केन्द्रीय शासन को हस्ताक्षेप करना पड़ा। आतंकवाद एवं धार्मिक समस्या को लेकर भारी जनधनहानि से केन्द्रीय नेतृत्व भी चिन्ताग्रस्त रहा है।

(9) अगस्त मास में बिहार में जलप्रलय की भविष्यवाणी–

(i) "1 अगस्त से 24 सितम्बर तक किसी प्राकृतिक दुर्घटना से जानी–माली नुक्सान होने का योग भी है।

"('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 24 पर कॉलम 2 अन्तिम पंक्तियां)

(ii) महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात, उड़ीसा आदि प्रान्तों में कहीं भयंकर वर्षा से भारी जनधनहानि का संकेत मिलता है।

"('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 29 पर कॉलम 1, पंक्ति 4, 5)

ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार बिहार में कोसी नदी ने प्रलयकारी दृश्य उपस्थित कर दिया। करोड़ों की संख्या में लोग बेघर हो गए। हजारों गांव खत्म हो गए। इस घटना को प्रधानमन्त्री जी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना पड़ा। पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा आदि में भी भारी वर्षा से जो हानि हुई है, वह भी सर्वविदित है।

पाठको ! श्रीमार्त्तण्ड पंचांग के माध्यम से की गईं या की जा रही भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय जो आप हमें दे रहे हैं, वह सब पूर्वाचार्यों एवं ज्योतिष शास्त्र के मर्मज्ञ गुरुचरणों की कृपा ही है या जनताजनार्दन के सौहार्द का परिणाम। हम उन पाठकों के भी आभारी हैं, जो विभिन्न प्रान्तों से पत्राचार द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई भेजकर हमें भावी वर्षों में ग्रहगतिजन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

संवत् 2066 वि. की ग्रहपरिषद् के अधिकारियों का विश्व पर प्रभाव

विज्ञान 'कार्य–कारण के सिद्धान्त' पर आधारित है। परन्तु असंख्य घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक अपने आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे हैं। सिद्धांतों के व्यभिचारमात्र से ज्योतिष शास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्य–सिद्धांतों पर आधारित एक विज्ञान है, जिसमें अभी अत्यधिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

जिस तरह पृथ्वी पर लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण–कर्म–स्वभाव–योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्रों एवम् शासनतंत्र पर पड़ता है, इसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसारचक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती 'आकाशी कौंसिल' का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलट–फेर एवं अघटित घटनाएं होती हैं, इस घटनाचक्र को त्रिकालज्ञ दैवज्ञों द्वारा लिखित ग्रन्थों के आधार पर वि. सं. 2066 की ग्रहस्थिति के अनुसार कुछ लिखने की चेष्टा कर रहे हैं।

संवत् 2066 वि. शुक्र द्वारा शासित वर्ष है एवं इसवर्ष की आकाशी कौंसिल में क्रूरग्रहों को 6 पद प्राप्त हुए हैं। ग्रहपरिषद् में क्रूर एवं सौम्य ग्रहों को ध्यान में रखते हुए यह ग्रहपरिषद् सन्तुलित सत्ता वाली प्रतीत नहीं होती।

संवत् 2066 वि. का राजा शुक्र (दैत्यगुरु) है। मन्त्री पद चन्द्र को प्राप्त है। लेकिन शुक्र एवं चन्द्र दोनों में परस्पर ऐकमत्य नहीं है, क्योंकि ये परस्पर सम+शत्रु भाव व्यक्त करते हैं। इस ग्रहपरिषद में संवत् के प्रधान दैत्यगुरु शुक्र के 7 ग्रह शत्रु हैं। लेकिन ग्रहपरिषद् में

6 पद क्रूर ग्रहों और 4 पद शुभ ग्रहों को प्राप्त हैं। इसवर्ष सूर्य को तीन (पद) प्राप्त हैं, जो

6 पद क्रूर ग्रहों और 4 पद शुभ ग्रहों को प्राप्त हैं। इसवर्ष सूर्य को तीन (पद) प्राप्त हैं, जो कि सबसे महत्वपूर्ण हैं। सूर्य को मेघेश, फलेश एवम् सब से महत्वपूर्ण पद दुर्गेश भी प्राप्त है। ग्रह–परिषद् के विचार से यहवर्ष प्रधान शासकों के लिए काफी प्रतिकूल मालूम देता है। इसवर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार न्यायपालिका और शासन प्रचालक पद्धति में काफी मतभेद उजागर हो सकते हैं। इस प्रकार कार्यपालिका और न्यायालिका में मतभेद से देश की स्थिति का सुधार करने के लिए विशेष कानून बनाने पड़ेंगे।

सेनाध्यक्ष सूर्य होने से सीमाप्रान्तों पर शत्रुकृत् कुचाल से वातावरण अशान्त हो सकता है। मुस्लिम देशों में अघटित घटनाचक्र चलेगा। पाक आदि देशों में कहीं राष्ट्राध्यक्ष की हत्या से अशान्ति व्याप्त हो सकती है। निश्चय ही यह वर्ष प्रमुख नेताओं के लिए संकटापन्न स्थितियों को लेकर आ रहा है।

किसी महत्वपूर्ण देश के नेतृत्व में परिवर्तन होने से भारत की प्रगति को बल मिलेगा। क्योंकि राजा शुक्र का इस ग्रहपरिषद् में एकमात्र शनि ही मित्र है, इसलिए महंगाई से (व्यवस्थापिका) जनता को परेशानी का सामना करना होगा। लेकिन नीरसेश और सस्येश गुरु होने से खाद्यपदार्थों की आपूर्ति के लिए शासन प्रयास करेगा।

जैसाकि गतवर्ष के पंचाङ्ग में पृष्ठ 23 पर स्पष्ट घोषणा की गई थी– **"संवत् 2065 वि. में ग्रह परिषद् की स्थिति और भी अधिक असन्तुलित हो जाने से विश्व के बड़े एवं मुस्लिम देशों में अघटित–घटनाचक्र चलेगा। इसवर्ष देश–विशेष में प्रमुख शासक–नेता व राष्ट्राध्यक्ष की हत्या व निधन से शोक की लहर दौड़ेगी। यह वर्ष कुछ देशों व प्रान्तों के प्रमुख नेताओं के लिए विशेष संकटापन्न स्थितियों को लेकर उपस्थित हो रहा है। कहीं वर्षेश चन्द्र होने पर अनेक प्रान्तों में चावल आदि बहुजलीय अन्न काफी होंगे। नए नेतृत्व के उदय से किसी देश–विशेष में राष्ट्रीय पार्टी को विशेष बल मिलेगा।"– ठीक, इस घोषणा के अनुसार परमाणु–करार पर प्रधानमन्त्री जी के संकटापन्न स्थितियों का सामना करना पड़ा था। इसी वर्ष पाक में नए नेतृत्व का उदय होने से प्रजातंत्र को बल मिला है।** मुस्लिम राष्ट्रों में अघटित घटनाचक्र चला है, वह सर्वविदित ही है।

संवत् 2066 वि. की ग्रहपरिषद् में सूर्य को अधिक महत्त्व प्राप्त है। सेनाध्यक्ष पद पर एवम् मेघेश होने पर सूर्यस्थिति अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। क्योंकि शुक्र सूर्य का शत्रु है। इसलिए शासन–सत्ता में तालमेल नज़र नहीं आता। कहीं नीतिसम्बन्धी मतभेद उजागर होंगे। कहीं मन्त्रिमण्डल में मतभेद होने से मन्त्रिमण्डल भंग होने के भी योग बन सकते हैं। कुछ राष्ट्रों में नीतिसम्बन्धी मतभेद से सीमासम्बन्धी विवाद खड़े होंगे। शुक्र वामपन्थी दलों का प्रतिनिधित्व करता है, जोकि फरवरी से मई, सन् 2009 ई. तक की अवधि में विभिन्न दलों में सिद्धान्त मतभेद होने पर भी राजनैतिक स्वार्थपरकता के कारण शासनसत्ता में भागीदार बनाने के लिए मजबूर कर सकता है। इसवर्ष मंगल और शनि की स्थिति मुस्लिमराष्ट्र–विशेष में कहीं उग्रवादजन्य राजनैतिक हत्याकाण्ड, कहीं युद्धपरक नीति से अशान्ति का कारण बनेगी। पाक आदि मुस्लिम– राष्ट्रों में उग्रवादजन्य परेशानी **बढ़ेगी, जिसका समाधान सहज प्रतीत नहीं होता।**

संवत् 2066 वि. की गोचर ग्रहस्थिति एवं जगत् लग्न कुण्डली के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं पर एक नज़र

जगत्लग्न कुण्डली पर विचार करने से ज्ञात **होता है कि– नीच गुरु जगत्लग्न कुण्डली में लग्नेश होकर द्वितीय भाव** में राहु **की सन्निधि में है।**

तृतीयभाव में कुम्भराशिस्थ मंगल **सिंहराशिस्थ शनि के साथ समसप्तक**योग बना रहा है। **इसलिए विश्व के प्रमुख राष्ट्रों** की राजनीति में विशेष **परिवर्तन** संभव है। विरोधी किंवा शक्तिसम्पन्न राष्ट्र अपनी प्रभुसत्ता को स्थापित करने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। अमेरिका की राजनीति में कहीं विशेष परिवर्तन के योग बनते हैं एवम् मुस्लिमराष्ट्रों के साथ अमेरिका का किसी विशेष देश के साथ राजनैतिक बदलाव दिखाई देगा।

यहां अमेरिका के राजनैतिक चक्र में ऐतिहासिक परिवर्तन संभव है, लेकिन शनि–मंगल का समसप्तकयोग आषाढ, श्रावण, भाद्रपद एवम् मार्गशीर्ष किंवा पौष मास में किसी प्रधान नेता पर भारी संकट ला सकता है। पाक, इराक, इरान, अफग़ानिस्तान में विशेष समस्याएं सामने आएंगी। जगत् कुण्डली में शनि–मंगल की स्थिति के अनुसार कहीं राजनैतिक हत्याकाण्ड, सैन्यशासन, उग्रवादन्य परेशानी से अनेकत्र वातावरण अशान्त रहेगा। प्रभावराशि मकर वाले भारत के लिए बृहस्पति शुभ है। प्रभावराशि कन्या वाले मुस्लिमराष्ट्र पाकिस्तान एवम् अन्य मुस्लिमराष्ट्र अफगानिस्तान, बंगलादेश, सीरिया, इराक, इज़राइल, श्रीलंका किंवा पश्चिम एशिया के कुछ देशों में इसवर्ष रक्तपात की सम्भवना को गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार नकारा नहीं जा सकता।

जगत्कुण्डली में शनि–मंगल का समसप्तक भारत एवम् मुस्लिमराष्ट्रों के लिए भयावह स्थिति को जन्म दे सकता है। उग्रवादी भारत के प्रमुख महानगरों एवम् धार्मिकस्थलों को लक्ष्य बनाकर भारी जनधनहानि का कारण बन सकते हैं। प्रधान नेता एवम् प्रमुख व्यक्तियों के लिए यह वर्ष कठिन प्रतीत होता है।

यह वर्ष 'शुभकृत्' नामक संवत्सर के रूप में जाना जाता है। संवत् शुरू होने से पूर्व ही शासकवर्ग में शक्तिपरीक्षण की भावना प्रबल होगी। अनेक प्रकार के प्रलोभन–घोषणापत्र प्रसारित होंगे। अनेक प्रकार के उत्सव समायोजित होंगे। आतंकवाद एवम् चौरादि से हत्याकाण्डों में वृद्धि होगी–

"शुभकृद्वत्सरे पृथ्वी राजते विविधोत्सवैः।
आतंकचौरभयदा राजानः समरोत्सुकाः।।"

ज्येष्ठ, आषाढ़, भाद्रपद, मार्गशीर्ष और विशेषतः पौष मास विश्व के राजनैतिज्ञों के लिए विशेष कष्टप्रद सिद्ध हो सकते हैं।

संवत् 2066 वि. में सूर्य को सेनापतित्व प्राप्त है। सूर्य सिंह राशि का मालिक है, जिसमें वर्षेश कुण्डली में शनि स्थित है। शनि की दृष्टि दक्षिण दिशा की तरफ ही रहेगी। कन्या, मकर, मेष एवम् तुला राशि वाले देश इसवर्ष शनि की नज़र में ही रहेंगे। स्पष्ट है कि– भारत, अमेरिका, पाक, अफगानिस्तान एवम् इराक, इरान में विशेष हत्याकाण्ड एवम् उग्रवादजन्य परेशानी दिखाई देगी। दक्षिणी–गोलार्ध के देशों में राजनैतिक एवम धार्मिक उलझनें विकटरूप धारण करेंगी। किसी देशविशेष में भयंकर प्राकृतिक आपदा, समुद्री तूफान, भयंकर भूकम्प और बाढ़ आदि से भारी हानि होने का संकेत मिलता है।

संवत् 2066 में मुस्लिम (हिजरी) सन् 1431 का बादशाह शनि ही है। कुछ मुस्लिम राष्ट्रों में युद्धमय वातावरण या आन्तरिक क्रान्ति से विश्व के प्रमुख राष्ट्रों में चिन्ता रहे। जनधनहानि किंवा प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि भी हो। विश्व के कुछ देशों में भूकम्प, समुद्री तूफान किंवा राजनैतिक हत्याकाण्ड से हानि की सम्भावना है। देश में नानाप्रकार के रोग फैलेंगे। शनि–मंगल–इतवार एवम् गुरुवार वाले दिन किसी विशिष्ट व्यक्ति की मृत्यु से शोक व्याप्त हो।

23 मई को मंगल मेषराशि में दाखिल होगा। 14 जून तक की ग्रहस्थिति के अनुसार कहीं वायुवेग से हानि हो एवम् अमेरिका, इराक, इरान, पाक आदि में दुःखद घटना घटित हो।

15 जून को कुम्भ राशि का बृहस्पति वक्री हो जाएगा। 21 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। 22 जून को मृगशिर नक्षत्र में सोमवती अमावस का होना सुभिक्षकारक है, लेकिन 29 जून तक कहीं जोरदार वर्षा या प्राकृतिक प्रकोप से हानि के योग बनते हैं।

29 जून को शुक्र वृषराशि में प्रवेश करेगा एवम् 3 जुलाई को मंगल भी वृष राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। इस समय शुक्र–मंगल पर शनि की पूरी नज़र है। इस समय बुध का अतिचार भी शुरु हो चुका है, जोकि 22 जुलाई तक चलेगा। इस समयावधि में यानदुर्घटना, किसी महान् व्यक्ति की मृत्यु, भूकंप, समुद्री तूफानादि से जनधनहानि के योग बनते हैं।

26 जुलाई को शुक्र मिथुन में आएगा एवम् बुध पश्चिम में उदित होगा। 30 जुलाई को बुध सिंह राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा और वक्री गुरु फिर से मकर राशि में दाखिल होकर राहु के साथ मेल करेगा। 21 अगस्त को शुक्र कर्क राशि में आकर गुरु एवम् राहु के साथ समसप्तकयोग बना लेगा। इस प्रकार 30 जुलाई से लेकर 9 सितम्बर तक की ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व में बहुत अघटित घटनाचक्र चलेगा। अनेकत्र उग्रवादजन्य हत्याकाण्ड, बम्बविस्फोट, भूकम्प एवम् अन्य आपदाओं से भारी जनधनहानि के योग बनते हैं। इस अवधि में किसी यावनदेश में सत्तापरिवर्तन भी संभव है।

9 सितम्बर (सन् 2009 ई.) की रात्रि में शनि कन्याराशि में आकर गुरु की दृष्टि में आ जाता है। इस समय मंगल और शनि का दशम–चतुर्थसम्बन्ध शुरु हो जाता है, जो कि–3 अक्तूबर तक बना रहेगा। इस समय अमेरिका, ब्रिटेन, पाक, अफगानिस्तान में प्रधान नेता को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवधि में विश्व को स्तब्ध कर देने वाली कोई घटना घटित हो जाए, तो कोई आश्चर्य नहीं।

5 अक्तूबर को मंगल कर्क(नीच) राशि में आकर नीच गुरु एवम् राहु के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। 17 नवं. को राहु मकर राशि से निकलकर धनु राशि में आ जाएगा। इस ग्रहस्थिति के अनुसार उग्रवाद को शान्त करने के लिए अनेक योजनाएं बनाई जाएंगी। सीमाप्रान्तों पर सैन्यवृद्धि चिन्ताजनक होगी और विश्व के प्रमुख व्यक्तियों के सामने कठिन स्थिति बन सकती है।

7 दिसम्बर को नेप्च्यून कुम्भ राशि में प्रवेश करेगा और 19 दिसं. को गुरु भी कुम्भ राशि में दाखिल होगा। 20 दिसम्बर, 2009 ई. से 14 जनवरी, 2010 तक मंगल एवम् बुध वक्री चलेंगे। इससे पहले 13 जनवरी को शनि भी वक्री हो जाता है। ध्यान दें– 13 जनवरी, 2010 से 9 मार्च, 2010 ई. तक शनि, मंगल– दोनों वक्री रहेंगे। यह समय विश्वव्यापी घटनाचक्र में अमूतपूर्व कठिन परिस्थियों वाला सिद्ध होगा। कुछ धार्मिक व राजनैतिक समस्याएं हल होती ज़रूर नज़र आएंगी, लेकिन मानवबम्ब या आतंकवादजन्य दुःखद घटनाओं से वातावरण अशान्त हो उठेगा। इस समय आतंकवाद दुनिया की प्रमुख समस्या अनुभव होगी, समाधानार्थ नई–नई योजनाएं बनेंगी, तदर्थ सम्मेलन भी होंगे। क्रूरग्रहों की चाल के अनुसार यावनराष्ट्रों के लिए समय बहुत भयावह है। कहने का तात्पर्य यह है कि– समय अघटित घटनाचक्र को लेकर उपस्थित होगा। कहीं दो देशों में किसी प्रभावशाली देश के निर्देश पर युद्धाग्नि से विनाशलीला देखने को मिलेगी। कहीं प्रमुख व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होगा।

यूरोप के देश

कुण्डली नं. (1)– यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. (1) की ग्रहस्थिति के अनुसार यूरोप के मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, धनु, मकर, प्रभावराशि वाले देशों में कहीं भारी समुद्री–तूफान, विनाशकारी भूकम्प किंवा उग्रवादजन्य उपद्रवों से भारी जनधनहानि के योग बनते हैं। मकरस्थ गुरु और राहु एकसाथ हैं और 13 जनवरी को सूर्य मकर राशि में

आकर गुरु व राहु के साथ मेल करेगा। 27 जनवरी मंगलवार को मंगल भी मकर राशि में आकर शनि पर दृष्टिपात करेगा। यह ग्रहस्थिति यूरोप के किसी देशविशेष में भूकम्प, समुद्री तूफान आदि आपदाओं से भारी जनधनहानि का संकेत देती है। इस समय समुद्रतटवर्ती देश किंवा समुद्रतटवर्ती भूभाग को विशेष हानि पहुंचेगी।

10 फरवरी को गुरु उदय होगा एवम् 13 फरवरी को नेप्च्यून कुम्भ राशि में दाखिल होगा। विशेषतः 7 मार्च को मंगल कुम्भ राशि में आकर शनि के साथ 13 अप्रैल तक समसप्तकयोग बनाता रहेगा। ब्रिटेन की शासनसत्ता एवम् अमेरिका की हकूमत में उच्चपद पर परिवर्तन के योग बनते हैं। कुछ देशों में युद्ध व किसी देश में प्राकृतिक आपदा या आतंकवाद से अशान्ति एवम् जनधनहानि के योग भी हैं। शनि के समसप्तकयोग की अवधि में यूरोपीय देशों के शासक आतंकवाद पर नुकेल डालने की विवशता अनुभव करेंगे।

13 अप्रैल से 22 मई तक शनि–मंगल का षडष्टकयोग बनता है। आगे 3 जुलाई से 15 अगस्त तक शनि–मंगल का दशम–चतुर्थसम्बन्ध यूरोपीय देशों के लिए विशेष भयावह प्रतीत होता है। इस अवधि में आगज़नी, विस्फोट, भूचाल, बाढ़, समुद्री लहरों, तूफान आदि से यूरोपीय देशों को भारी हानि झेलनी पड़ सकती है। 9 सितम्बर से शनि कन्या राशि में आकर 4 अक्तूबर तक मंगल के साथ दृष्टिसम्बन्ध बनाए रखेगा।

यूरोपीय देशों में इस 3 जुलाई से 15 अगस्त तक की समयावधि में किसी विशेष व्यक्ति की हत्या का अंदेशा है। इस अवधि में उग्रवादियों की कुनीति का शिकार कोई विशेष राजनीतिज्ञ बन सकता है। यानदुर्घटना किंवा भयंकर प्राकृतिक प्रकोप से भारी जनधनहानि भी संभव है। अक्तूबर से दिसम्बर, 2009 ई. तक की ग्रहस्थिति कर्क, कन्या, तुला, मकर, राशि वाले देशों के लिए विशेष कष्टप्रद रहेगी।

कुण्डली नं. (2) के अनुसार यूरोपीय देशों का नववर्ष चन्द्रग्रहण की छाया में शुरु हुआ है। लग्नेश बुध और धनेश एवम् नवमेश शुक्र– दोनों अस्त हैं। तृतीयेश और अष्टमेश मंगल आमदन भाव में नीच है। यह ग्रह स्थिति इन देशों में व्यापारिक क्षेत्रों की दृष्टि से विशेष प्रगतिप्रद मालूम देती है। क्योंकि धनस्थान पर गुरु की विशेष दृष्टि है और कर्मस्थान पर भी गुरु की दृष्टि है, संघर्षमय स्थिति में भी ये देश अग्रेसर होते नजर आएंगे। जर्मनी, नौर्वे, फ्रांस, डेनमार्क, स्पेन, हॉलैण्ड, यूक्रेन आदि यूरोपीय देश ग्रहस्थिति के अनुसार अच्छी प्रगति करेंगे। लेकिन उग्रवाद से कहीं भारी अशान्ति संभव है।

13 जनवरी से 28 अगस्त तक की ग्रहस्थिति–अनुसार यूरोपीय देश काफी अग्रेसर होंगे। यूरो की कीमत में बढ़ोतरी होगी। 6 फरवरी से लेकर संवत् के अन्त तक गुरु, शुक्र का अतिचारी होना एवम् शनि का वक्री होना यूरोपीय देशों में कहीं संघर्ष की स्थिति पैदा करेगा।

मुस्लिम राष्ट्र

कुण्डली नं. (1) के अनुसार– 29 दिसम्बर, सन् 2008 ई. वाले दिन से अगले दिन (अर्थात् चन्द्रदर्शन से अगले दिन) 30 दिसम्बर, 2008 ई. मंगलवार को मुस्लिम नववर्ष (हिजरी सन् 1430) का प्रारम्भ सायं 17 घं. 26 मि. पर होगा। अतः इस्लामी मतानुसार हिजरी सन् 1430 का बादशाह मंगल है।

इस वर्ष पाक, ईरान, इराक, कुवैत, मालदीव आदि मुस्लिम देशों में उग्रवाद द्वारा भारी जानमाल की हानि का योग बनता है। आतंकवाद मुस्लिम राष्ट्र विशेषतः पाक में विशेषरूप से खतरा पैदा कर सकता है। I.S.I. के एजेंट यहां की रक्षात्मक पंक्ति को भी खराब कर सकते हैं और पाक के अन्दर विस्फोट एवम् हिंसा खतरनाक सिद्ध हो सकती है। यहां के प्रधान जनाब ज़रदारी साहिब और दूसरे किसी वृश्चिक राशि के नेता के जीवन को खतरा पैदा हो सकता है। पाक में सरकार अल्पमत में आने से जल्दी ही सत्तापरिवर्तन या फौजी शासन की सम्भावना भी बन सकती है। प्रधानमन्त्री जनाब गिलानी साहिब एवम् पूर्व राष्ट्रपति जनाब मुशर्रफ साहिब के जीवन को भी खतरा बन सकता है। आतंकवादी हिंसा के विरुद्ध पाक को सन्नद्ध होना पड़ेगा, अन्यथा देश की स्थिति बड़ी चिन्तनीय हो सकती हैं।

कुण्डली नं. (2) के अनुसार– हिजरी सन् 1431 का राजा शनि है। शनि कन्या राशि में स्थित है। कन्या राशि पाक की नाम राशि है। मंगल और गुरु नीच हैं। इस स्थिति में 19 दिसम्बर के बाद संवत् के आखिर तक अमेरिका मुस्लिम राष्ट्रों पर अपना दबदबा बनाए रखेगा। आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सख्त कार्यवाई सम्भव है। मेष, वृष राशि वाले देश अफग़ानिस्तान, इराक एवम सिंह राशि वाले देश एवं प्रदेशों फ्रांस, काबुल तथा कन्या प्रभाव राशि वाले प्रदेश/राष्ट्र टर्की, बग़दाद, पाक आदि राष्ट्रों में इसवर्ष भयंकर प्राकृतिक आपदा, भूकम्प, समुद्रीतूफान आदि से जनधनहानि के योग भी बन रहे हैं।

दोनों कुण्डलियों के चिन्तन से ज्ञात होता है कि–मार्च, सन् 2009 ई. से 13 अप्रैल

तक; 3 जुलाई से 15 अगस्त तक एवं 9 सितंबर से 4 अक्तूबर तक यहां उपरोक्त राष्ट्रों एवं प्रदेशों में विशेष राजनैतिक परिवर्तन एवम् उग्रवादजन्य अशान्ति पैदा होने के योग हैं।

संवत् के अन्त का समय कुछ मुस्लिम राष्ट्रीय नेताओं एवं उनके जनजीवन के लिए ग्रहगोचर के अनुसार भारी प्राकृतिक आपदा, यानदुर्घटना किंवा विशिष्ट राजनीतिज्ञों के लिए विशेष कष्टप्रद व हत्याकाण्डों वाला प्रतीत होता है।

अमेरिका की राजनैतिक गतिविधियां

अमेरिकी जन्मकुण्डली में जन्मलग्नेश गुरु की लग्न पर पूर्ण दृष्टि है, मिथुनराशि के शुक्र मंगल भी लग्न को देख रहे हैं। 3 मार्च, 2009 ई. से मंगल की महादशा चलेगी, जोकि सैनिक गतिविधियों से इस देश को हुई क्षति एवं बिगड़ी इमेज को सुधारने की आवश्यकता की अनिवार्यता अनुभव कराएगी।

20 जनवरी, 2009 ई. के लगभग अमेरिका के नए राष्ट्रपति का चयन होने जा रहा है। इस पद के प्रबल दावेदार श्री बराक ओबामा एवं श्री जॉन मैक्केन– ये दो व्यक्ति हैं। इनके यथालब्ध जन्माङ्गों के आधार पर विचार करना अनिवार्य है।

श्री जॉन मैक्केन के जन्माङ्ग में भाग्येश शुक्र सूर्य के साथ व्ययभाव में नीच की तरफ जा रहा है। लेकिन नवांश में शुक्र धनुराशि में केतु–मंगल के साथ है। श्री जॉन मैक्केन का कर्मेश बुध जन्मलग्न में उच्च है, लेकिन नवांश में नीच। इनकी दशानुसार इस समय शनि में गुरु का अन्तर एवं राहु का प्रत्यन्तर मार्च 2009 ई. तक चलेगा। यह ग्रहस्थिति उच्च पदाप्तियोग बनाती अवश्य है, लेकिन प्रतिद्वन्द्वी प्रत्याशी के जन्माङ्ग पर विचार के बाद ही निर्णय देना उचित होगा।

श्री बराक ओबामा की जन्मकुण्डली में भाग्येश बुध कर्मस्थान में अपने मित्र सूर्य के साथ स्थित है, इस पर गुरु–शनि की दृष्टि भी है। गुरु की कर्मस्थान पर उच्चदृष्टि महत्त्वपूर्ण है। ध्यान दें– जनवरी 2009 ई. में जब अमेरिका में राष्ट्रपतिपद का निर्वाचन होगा, उस समय गुरु मकर राशि में स्थित होकर उच्चदृष्टि से श्री बराक ओबामा के कर्मस्थान को देखेगा और कर्मेश चन्द्र (जोकि इनके जन्माङ्ग में उच्च होकर अष्टम भाव में स्थित है) पर भी गुरु की विशेष दृष्टि पड़ेगी। शनि में गुरु का अन्तर मई 2009 ई. के लगभग तक प्रभावित करेगा। आगे बुध (श्रीबराक ओबामा के भाग्येश) की दशा निश्चितरूप से कुछ कर दिखलाने की क्षमता देगी एवं यशप्रद रहेगी।

उल्लिखित यथालब्ध दोनों प्रतिद्वन्दियों की कुण्डलियों के विश्लेषण से श्री बराक ओबामा राष्ट्रपतिपद के समर्थ दावेदार सिद्ध होंगे–ऐसा विचार है। सर्वज्ञ तो प्रभु ही है।

श्री बराक ओबामा महाभाग के जन्माङ्ग में मंगल सप्तमेश एवं द्वितीयेश (मारकेश) होकर, गोचर में शनि के साथ सिंह राशि में चलता रहेगा, जोकि 9 सितं. 2009 ई. तक एक साथ चलेंगे। इस अवधि में इनके जीवन के लिए भयप्रद ग्रहस्थिति बन रही है। इनको अपनी सुरक्षाव्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा।

संवत् 2066 वि. की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत एवं भारत सरकार में घटित होने वाले घटनाचक्र का आकलन

"संसार का प्रत्येक परमाणु एक निर्धारित नियम से विलग नहीं हो सकता। एक सूक्ष्मतम परमाणु में यदि तनिक अव्यवस्था किंवा अनुशासनहीनता आ जाए, तो विराट् ब्रह्माण्ड एक क्षण के लिए भी न टिक सके। एक क्षणिक विस्फोट से अनन्त प्रकृति अग्नि–ज्वालाओं से अतिरिक्त कुछ न रहे।" इस प्रकार समस्त घटनाचक्र एवं सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को संचालित करने वाला ग्रहपुञ्ज प्रकृति किंवा ईश्वर के अनुशासित कार्यक्रम का एक निदर्शन है, जोकि– गोचर ग्रहगति के संकेतानुसार हमें प्रतिवर्ष कुछ लिखने को प्रेरित करता है।

स्वतन्त्र भारत का 62 वां वर्ष

इसवर्ष स्वतन्त्र भारत का 62वां वर्ष 14 अगस्त, 2008 ई., गुरुवार को $15^{h.}$ $19^{m.}$ पर प्रारम्भ हो रहा है। स्वतन्त्र भारत के 62वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार धनस्थानेश गुरु धनस्थान में भाग्येश चन्द्र के साथ मिलकर 'गजकेसरीयोग' बना रहा है, जोकि भारत की आर्थिक सम्पन्नता में भारी अभ्युदय का संकेत देता है। बृहस्पति की कर्मस्थान पर दृष्टि एवं कर्मेश सूर्य की भाग्यस्थान में स्थिति भी केन्द्रीय शासनसत्ता में नए समीकरणों के साथ फरवरी–मार्च, 2009 ई. के लगभग नए किंवा आश्चर्यजनक परिवर्तन का संकेत देती है।

वर्षाङ्ग में कर्मक्षेत्र में शनि, शुक्र, बुध की स्थिति इसवर्ष भारतीय शासनतन्त्र के लिए कुछ नए विवादों को आमन्त्रण देगी। मुस्लिम

बहुल क्षेत्रों में मुस्लमानों को ज्यादा आरक्षण आदि की समस्या (अपने वोट बैंक की रक्षार्थ) कई पार्टियों के सामने अनेक कठिनाइयों को पेश करेगी। अनुसूचितजाति, जनजाति एवं पिछड़े– वर्गों को निजीक्षेत्रों की नौकरियों में आरक्षण का मुद्दा भी गर्माएगा। आगामी ग्रहस्थिति के अनुसार सुश्री मायावती का आरक्षण से सम्बन्धित फैसलों तथा कूटनीतिक चालों से सन् 2008–09 ई. के लोकसभा चुनाव में केन्द्रीय सत्ता की वैकल्पिक दावेदारी का भय बड़ी पार्टियों के सामने उपस्थित होगा। लेकिन बसपा को लाभ होने पर भी आगे बढ़ने के लिए अभी समय लगेगा।

संवत् 2065 वि. में अगस्त, 2008 ई. की वर्षकुण्डली के अनुसार 21 जून से 10 अगस्त, 2008 ई. तक, 24 अगस्त से 15 सितंबर तक तथा 25 सितंबर से 16 अक्तूबर, 2008 ई. तक भारतीय राजनीति में विशेष चिन्तनीय समस्याएं उपस्थित होंगी। प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, समुद्रीतूफान किंवा विस्फोट आदि से भारी जनधनहानि के योग बनेंगे। किसी विशिष्ट व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होगा। 12 फरवरी, 2009 ई. से संवत् 2065 वि. के अन्त तक सरकार व गृहमन्त्रालय मंहगाई से त्रस्त जनसाधारण का विश्वास जीतने में असफल रहेगा। महानगरों में हो रहे विस्फोट केन्द्रीय शासन की असफलता का संकेत देंगे। राज्यों में पोलिसतन्त्र एवं सुरक्षा–सूत्रों को मज़बूत करने के लिए विशेष पग उठाने होंगे।

स्वतन्त्र भारत का 63 वां वर्ष

स्वतन्त्र भारत के 63वें वर्ष का उदय 14 अगस्त, 2009 ई. को रात्रि में 21घं. 28मि.(भा.स्टैं.टा.) पर हो रहा है।

63वें वर्ष की कुण्डली में शनि–मंगल का दशम–चतुर्थसम्बन्ध आतंकवाद को विभिन्नरूपों में उजागर करेगा। महाराष्ट्र, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, आसाम, दिल्ली, केरल में कहीं धार्मिक उन्मार्ग, कहीं टाईमबम्ब, कहीं विद्वेषमूलक प्रवृत्ति कहीं जातीय संघर्ष से यह वर्ष कठिन परिस्थितियों वाला रहेगा।

9 सितंबर से 18 दिसंबर तक कहीं भूकम्प, समुद्री तूफान, यानदुर्घटना एवं उग्रवादियों के आतंक आदि से भारी जनधनहानि आदि का योग बनता है। 13 जनवरी, 2010 ई. से 9 मार्च, 2010 तक शनि–मंगल दोनों वक्रगति से चलते हैं, जोकि सीमाप्रान्तों पर चीन–पाक की फौजी हलचल से परेशानी पैदा करेंगे।

भारतीय गणतन्त्र का 60वां वर्ष

भारतीय गणतन्त्र के 60वें गणतन्त्र की ग्रहस्थिति के अनुसार अष्टमभावेश गुरु अपनी नीचराशि मकर में सू., चं., रा. एवं बु. के साथ स्थित है। गुरु–मंगल अस्त हैं। भाग्येश–कर्मेश एवं मुंथेश शनि वक्र स्थिति में हैं।

संकेत मिलता है कि– जनवरी, सन् 2009 ई. से आगे 10 फरवरी के लगभग तक एवं 7 मार्च, 2009 ई. से 13 अप्रैल तक किसी विशेष घटना से किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होगा। किसी प्राकृतिक आपदा, भूकम्प आदि से भारी जनधनहानि का योग भी बनता है। मई से 15 जून, 2009 ई. तक एवं 3 जुलाई से 5 अक्तूबर तक की ग्रहस्थिति भी भारतीय गणतन्त्र के लिए राजनैतिक दृष्टि से कठिन परिस्थितियों वाली है। लेकिन मुन्थेश शनि की मुन्था पर दृष्टि एवं शनि–शुक्र का समसप्तकयोग भारत की महिमा एवं वर्चस्व को अहर्निश प्रगतिपथ पर रखेगा। भारतीय गणतन्त्र की राष्ट्रपति महाभागा की छत्रच्छाया में देश हरेक समस्या को हल करने में समर्थ रहेगा।

17 नवंबर, 2009 ई. से संवत् के अन्त तक की ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व के प्रमुख राष्ट्रविशेष में दुःखद घटना से भारत का राजनीतिक परिदृश्य प्रभावित हो सकता है।

संवत् 2066 वि. की गोचर–ग्रहस्थिति का भारत पर प्रभाव

सम्पूर्ण विश्व 'कार्य–कारण सिद्धान्त' पर अपनी गतिमत्ता बनाए हुए है। ज्योतिषशास्त्र 'ग्रहस्थिति' को कारण मानकर सम्पूर्ण विश्व में संचालित घटनाचक्र का आकलन करता है।

'श्रीमद् भागवत् पुराण' के चतुर्थ स्कन्ध के श्लोक नं. 17 में स्पष्टरूप से घोषित किया है कि–निर्गुण परामात्मा तो संसारचक्र को संचालित करने में केवल निमित्तमात्र है। उसी के आश्रय से कार्य–कारणात्मक जगत् उसी प्रकार भ्रमण करता है, जिस प्रकार चुम्बक के प्रभावक्षेत्र में रहता हुआ लौहखण्ड चुम्बक के अनुरूप इधर–उधर संचलित होने पर विवश होता है–

" निमित्तमात्रं तत्रासीन्निर्गुणः पुरुषर्षभः।
व्यक्ताव्यक्त मिदं विश्वं यत्र भ्रमति लौहवत्।।"

अब इस संवत् (2066 वि.) की नववर्षगत ग्रहगति के संकेतानुसार इस वर्ष के बारे में कुछ लिखने का प्रयास कर रहे हैं।

संवत् 2066 वि. की नववर्ष प्रवेशकुण्डली

8 | 6 | 9 | 7 | 5श. | 10 गु. रा. | 4 के. | मं.11 | 1 | 3 | 12 | चं.बु.शु.सू. | 2

सं. 2066 वि. की वर्षप्रवेश–कुण्डली में कुम्भ राशिस्थ मंगल पर सिंहस्थ शनि की पूर्ण दृष्टि है। शनि, भारत की प्रभावराशि मकर का मालिक है। मंगल क्रान्तिकारी राजनीतिज्ञों का प्रतिनिधि ग्रह है, जोकि सप्तमेश एवं द्वितीयेश होकर पंचम (योजना) स्थान में स्थित हैं। शनि इस समय वक्री है। शनि–मंगल का समसप्तकयोग इसवर्ष के प्रारम्भ में केन्द्रीय शासनसत्ता के घटकदलों में बिखराव पैदा करेगा। संवत् 2066 वि. में किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के अपदस्थ होने किंवा निधन से शासनसत्ता में सन् 2009 ई. के प्रारम्भिक मासों में केन्द्रीय शासन में विशेष परिवर्तन ग्रहस्थिति के अनुसार संभावित है। उत्तर में कहीं दुर्भिक्ष किंवा अतिवर्षण से भारी हानि संभव है।

नववर्षकालीन ग्रहस्थिति के अनुसार पश्चिम में किसी मुस्लिम राष्ट्र में किसी समृद्ध देश के साथ उग्रवादजन्य अशान्ति के कारण सैन्यबल का प्रयोग अनिवार्य होगा। ऐसा वर्षप्रवेश कुण्डली में शनि–मंगल के समसप्तकयोग से प्रतीत होता है। पश्चिमी भूभाग पर प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि के योग भी वर्षमध्य में बन रहे हैं।

वर्षप्रवेश (सं. 2066 वि. का शुभारम्भ) तुला लग्न में हुआ है,– इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है–

"तुला लग्ने मध्यदेशे छत्रमंगश्च विग्रहः।
धान्यस्य विक्रयः प्राच्यां छत्रमंग उपद्रवः।।
दुर्भिक्षं बहुलो वायुः स्वल्पमेघः प्रवर्षणम्।
पश्चिमायां महायुद्धः दंष्ट्रामीतिर्महर्घता।।
दक्षिणस्यां सुखं लोके दुर्भिक्षं चोत्तरापथि।
मासद्वयं पश्चिमायां किञ्चिदुत्पात संमवः।।"

नववर्ष प्रवेशकालीन कुण्डली में लग्नेश शुक्र शत्रुभाव में अपनी उच्चराशि में सूर्य–बुध–चन्द्र के साथ बैठा है। शनि की स्थिति के अनुसार सिंह एवं कुम्भ वाले नेताओं के लिए इस संवत् के प्रारम्भिक मास विशेष उलझनपूर्ण रहेंगे। आसाम, बिहार, मणिपुर, नागालैण्ड, गुजरात, उड़ीसा एवं राजस्थान में कहीं भारी प्राकृतिक आपदा किंवा उग्रवादजन्य अशान्ति से शासन चिन्तित रहेगा। लेकिन नववर्ष कुण्डली में नवमेश बुध एवं कर्मेश चन्द्र के एकराशिस्थ होने से देश की सम्प्रभुता अस्मित एवं दृढ़ रहेगी एवं केन्द्रीय शासनतन्त्र प्रत्येक परिस्थिति में देश की गरिमा को बनाए रखेगा। नववर्ष कुण्डली में चतुर्थभावस्थ- नीच गुरु के साथ राहु की सन्निधि सं 2066 वि. में कहीं–कहीं धार्मिक उन्माद से एवं कहीं प्राकृतिक आपदाओं से भारी संकट का संकेत देती है।

संवत् 2066 वि. में पूर्वकालीन कुछ मासों की ग्रहस्थिति पर चिन्तन करना आवश्यक समझते हैं।

सं. 2065 वि. में 27 जनवरी, 2009 ई. को मंगल मकर राशि में आकर शनि के साथ षडष्टकयोग बनाएगा। ठीक, यहीं से राजनैतिक दल सत्ताप्राप्ति के लिए सन्नद्ध हो जाएंगे एवं निर्वाचनसंग्राम में कूदने की तैयारी में जुट जाएंगे। 27 जनवरी से केन्द्रीयसत्ता के घटकदलों में बिखराव एवं प्रमुख पार्टियों में ध्रुवीकरण की प्रक्रिया तीव्र होगी। परिणाम एवं परिदृश्य आश्चर्यजनक प्रतीत होगा।

7 मार्च, 2009 ई. को मंगल कुम्भराशि में आकर शनि के साथ समसप्तक योग बनाएगा। यह ग्रहस्थिति 7 मार्च से 13 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी। इस समयावधि में भारत के शासनतन्त्र में आश्चर्यजनक परिवर्तन होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। ध्यान दें– मंगल एवम् बुध मार्च में अतिचारी हैं। इस समय शनि वक्री है–

" यदा क्रूरग्रहो वक्री शुमश्चैवातिचारगः।
तदा भवति दुर्भिक्षं राज्ञां युद्धं परस्परम्।।"

इस प्रमाणानुसार राजनीतिज्ञों में शक्तिपरीक्षण (निर्वाचन) का समय 27 जनवरी से मार्च, 2009 ई. तक प्रतीत होता है। शुभ बुध ग्रह का अतिचार भी इस समयावधि में पाक–इराक एवं अन्य देशविशेष में कहीं प्राकृतिक आपदा से परेशानी एवं इराक में से अमेरिकी सेना के हट जाने का भी संकेत देता है–

"यदा शुभग्रहः कश्चिदतिचारं करोति च।
तदा नृपाः क्षयं यान्ति दुर्भिक्षं तत्र दारुणम्।।"

14 अप्रैल, 2009 ई. को मंगल मीन राशि में आकर शनि के साथ षडष्टकयोग बनाएगा। 25 अप्रैल को शनैश्चरी अमावस एवं वैशाख शुक्ल पूर्णिमा भी शनिवारी है, जोकि खप्परयोग बनाते हैं। शनि वक्र है। शनि–मंगल का षडष्टकयोग 23 मई, 2009 ई. तक बना रहेगा। इस अवधि में देश में वित्तीय सेवाओं के कुप्रबन्धन एवं परस्पर उन्नतिकारक योजनाओं के लागू करने में राजनैतिक पार्टियों की खींचातानी से उत्पन्न संकट बना रहेगा। अमरीका एवं यूरोप के देशों में व्यावसायिक गतिविधियों में शिथिलता से भारत प्रभावित होगा। ग्रहस्थिति के अनुसार आगामी समय में यदि शीघ्र ही आर्थिक सुधार और प्रगति की ओर ध्यान न दिया गया तो हमारी उत्पादकता घटेगी, देश पर आर्थिक संकट बन सकता है।

वैशाख शुक्ल अष्टमी (2 मई) को शनिवार होने से किसी प्रान्त में दुर्भिक्ष की स्थिति बने, कहीं मुस्लिमराष्ट्र किंवा भारत के किसी प्रान्तविशेष में प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि का संकेत मिलता है एवं किसी विशिष्ट व्यक्ति का पद रिक्त होगा–

"वैशाख धवलाष्टम्यां शनिवारो भवेद्यदि।
जलशोषं प्रजानाशं छत्रमंगं समादिशेत्।।"

जून मध्य में कुम्भराशिस्थ गुरु वक्र होकर 12 अक्तूबर, 2009 ई. तक वक्रगति से ही चलता रहेगा। इसी दौरान 30 जुलाई को गुरु पुनः मकर राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा एवं शनि के साथ रा. गु. का 8 सितंबर तक षडष्टकयोग चलता रहेगा।

3 जुलाई को मंगल वृषराशि में आकर शनि के साथ दशम–चतुर्थसम्बन्ध बनाएगा और ये विशेष दृष्टि से परस्पर देखेंगे। मंहगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी। भारतीय उद्योग प्रभावित होंगे।

सरकार की मंहगाई पर अंकुश न लगाने की प्रवृत्ति जनता में असन्तोष का कारण बनेगी।

3 जुलाई से 15 अगस्त तक शनि–मंगल का दृष्टिसंबन्ध भारत में कहीं भीषण आपदा को जन्म दे सकता है। कहीं भीषण बाढ़ या भूकम्प, समुद्री तूफान किंवा यान–दुर्घटना से पश्चिमी एवं दक्षिणी भूभाग पर भारी जनधनहानि संभव है।

16 अगस्त से 8 सितंबर तक सूर्य–शनि (परम शत्रुग्रह) सिंह राशि में ही चलते रहेंगे। भूकम्प, तूफान से हानि, लोकसभा में विरोधी पार्टियों में परस्पर तकरार बढ़ेगी। जुलाई से सितंबर तक की समयावधि में शत्रुकृत् गतिविधि से सीमाप्रान्तों पर एवं उग्रवादजन्य विस्फोट आदि गतिविधियों से महानगरों में नए–नए स्थानों पर भारी जनधनहानि के संकेत ग्रहगोचर से प्राप्त होते हैं– शासन को सुरक्षाव्यवस्था में भारी सावधानी की ज़रूरत है।

9 सितंबर को शनि कन्याराशि में दाखिल होगा एवं 16 सितंबर को शनि, सूर्य–दोनों कन्याराशि में एकसाथ 15 अक्तूबर तक चलते रहेंगे। इसी बीच 5 अक्तूबर को मंगल कर्कराशि में आकर मकरस्थ गुरु–राहु के साथ समसप्तकयोग बना लेगा। इस अवधि में अफ़ग़ानिस्तान एवं अन्य किसी यावन (मुस्लिम) देश–विशेष में उग्रवाद भयंकर रूप धारण कर सकता है। कहीं भयंकर उग्रवाद के कारण प्रतिष्ठित व्यक्ति को आघात पहुंचेगा एवं जनजीवन सैन्य ऑपरेशन से अस्त–व्यस्त हो सकता है। ध्यान दें– 9 सितंबर से 15 नवबर, 2009 ई. तक की ग्रहस्थिति के अनुसार देश में भयंकर उग्रवाद के कारण आसाम, त्रिपुरा, मेघालय, बिहार आदि में देशविरोधी शक्तियां सक्रिय रहेंगी। सिक्किम, अरुणाचल एवं तिब्बती सीमाओं पर चीन की कुनीति से सीमाप्रान्तों में स्थिति उग्ररूप धारण कर सकती है। म्यांमार के निकट बंगाल की खाड़ी में बनाए जा रहे नौसैनिक अड्डे से भारत के लिए खतरे की घण्टी बन जाने के योग ग्रहस्थिति अनुसार सं. 2066 वि. में स्पष्ट बन रहे हैं।

17 नवंबर को राहु धनुराशि में आ रहा है, 6 दिसंबर तक कहीं अग्निकाण्ड से हानि होगी। 7 दिसंबर को नेप्च्यून कुम्भराशि में आएगा। 19 दिसंबर को गुरु पुनः कुम्भ राशि में आकर नेप्च्यून से एकराशिसम्बन्ध बना लेगा। इन पर मंगल की दृष्टि भी है। भारत में नई–नई योजनाएं बनेंगी। प्रगति के मार्ग में अनेक बाधाओं के बावजूद भी देशहित में नए आयाम उपस्थित होंगे।

लेकिन 17 दिसंबर को शुक्र पूर्व में अस्त होगा। पौष शुक्ल पक्ष में शुक्रास्त का फल इसप्रकार लिखा है–

"शुक्ल पक्षे यदा शुक्रः समुदेत्यस्तमेति वा।
राजपुत्रसहस्राणां मही पिबति शोणितम्।।"

परिणामतः कहीं सीमाप्रान्तों पर सैनिक हलचल हो, राष्ट्रों में कहीं भयंकर युद्ध का प्रसार हो। कहीं नेपाल, चीन आदि देशों एवं आसाम–त्रिपुरा आदि भारतीय प्रदेशों में प्राकृतिक प्रकोप से भारी जनधनहानि के यौग हैं।

31 दिसंबर, 2009 ई. को खण्डग्रास चन्द्रग्रहण एवं 15 जनवरी, 2010 ई. को कंकण सूर्यग्रहण घटित होंगे। इस प्रकार 15 दिनों के अन्तर पर दो ग्रहण विश्व के प्रमुख राष्ट्रों, विशेषतः मकर एवं कन्या प्रभावराशि वाले देशों भारत, पाक आदि में राजनैतिक संकट का कारण बनेंगे। कहीं भयंकर प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि संभव है; भूकम्प, विस्फोट एवं नानाविध रोगों से भारी हानि का योग है।

13 जनवरी, 2010 ई. से संवत् के अन्त तक शनि–मंगल वक्री रहेंगे। यह समय अघटित घटनाओं वाला सिद्ध होगा। भारत परमाणुशक्तिसम्पन्न देश के तौर पर पहचान बनाने में अग्रेसर होने लगेगा। लेकिन धार्मिक सांप्रदायिक झगडे, हत्याकाण्ड, कहीं भूकम्प, समुद्री तूफान आदि प्राकृतिक आपदाओं का सामना इस देश को जनवरी, 2010 से मार्च, 2010 तक करना पड़ेगा।

सारे संवत् की ग्रहस्थिति का सर्वेक्षण करने से ज्ञात होता है कि– भारत को विश्व की महाशक्तियों द्वारा की जाने वाली पाखण्डपूर्ण आलोचनाओं का सामना भले ही करना पड़े, लेकिन यह देश महाशक्तियों में से एक होने की तरफ बढ़ता रहेगा।

भारत में लोकसभा–निर्वाचन

जनवरी, 2009 ई. से आगे मई तक की ग्रहस्थिति के अनुसार भारतीय राजनीति में नाटकीय मोड़ आना स्वाभाविक है। विभिन्न राज्यों में राजनैतिक पार्टियां इस समय **U.P.A., N.D.A, N.P.D.A.** से जुड़ी हैं। लेकिन निर्वाचिनों में खाद्यपदार्थों में मंहगाई, सुरक्षा के मुद्दे एवं बिगड़ रही कानूनव्यवस्था आदि के मुद्दे उभरेंगे। लोकसभानिर्वाचनों में क्षेत्रीय दलों की संख्या बढ़ेगी एवं केन्द्रीय सरकार नए ढांचे में दिखाई देगी।

भाजपा एवं कांग्रेस तो प्रमुख पार्टियां रहेंगी, लेकिन क्षेत्रीय दल आगामी निर्वाचनों की दिशा तय करेंगे। ग्रहचाल के अनुसार आन्ध्र, छत्तीसगढ, हरियाणा, राजस्थान, म.प्र. एवं केन्द्रशासित क्षेत्रों में कांग्रेस का प्रभाव रहेगा। दिल्ली, गुजरात, हि.प्र. झारखण्ड, कर्णाटक, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड में भाजपा का प्रभाव अधिक रहेगा। उ.प्र. में बसपा का ज़ोर रहेगा। सुश्री मायावती के बसपा के आधारक्षेत्र बढा लेने के कारण कांग्रेस कुछ समाजवादी एवं अन्य पार्टियों से तालमेल करेगी, जिससे बसपा के प्रभाव को क्षीण किया जा सके। कांग्रेस युवानेता को आगे करके एवं भाजपा वयोवृद्ध नेता के नेतृत्व में लाभान्वित होगी।

भारत के प्रमुख राजनैतिक दल

कांग्रेस– संवत् 2065 वि. के अन्तिम मासों की ग्रहस्थिति के अनुसार समय राजनैतिक पार्टियों के लिए गहन अग्निपरीक्षा का है, विशेषतः सत्तारूढ दल की प्रमुख घटक पार्टी– कांग्रेस को इस संवत् का शुभारम्भ काफी कठिनाइयों वाला प्रतीत होता है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार 27 जनवरी को मंगल मकर राशि में आकर गोचर में सिंहस्थ शनि पर दृष्टिपात करेगा। इस अवधि में 27 जनवरी, 2009 ई. से लगभग 7 मार्च तक यू. पी. ए. के घटक दलों में काफी हलचल होगी, राजनैतिक दलों में सत्ता–संघर्ष तीव्र होगा और कांग्रेस पार्टी को राजनैतिक हानि का भय बनेगा। लेकिन कांग्रेस पार्टी की

कुण्डली में द्वितीयेश शनि नीच है, अतः शुभ नहीं, फिर भी मंगल धनस्थान में उच्च होने से स्थिति संभल जाएगी। युवानेता एवं श्रीमती सोनिया गांधी के कारण कांग्रेस लोकसभा–निर्वाचनों में एक बड़ी पार्टी एवं दल के रूप में उभरेगी। लेकिन विरोधी भाजपा भी इसको भारी पड़ेगी, क्योंकि भाजपा के अन्य घटकदल सहयोगी बनकर सत्ता में आना चाहेंगे।

कांग्रेस की कुण्डली में मंगल की महादशा में शुक्र का अन्तर विशेष शुभ नहीं है। यदि निर्वाचन 7 मार्च से 13 अप्रैल, 2009 ई. के मध्य होते हैं तो कांग्रेस को भारी हानि एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आगे की समयावधि में भी जनजीवनोपयोगी वस्तुओं में मूल्यवृद्धि, उत्पादनवृद्धिदर में ह्रास आदि अनेकों उलझनों में से प्रधानमन्त्री को निकलना पड़ेगा। कहने का तात्पर्य यह है– कि कांग्रेसदल एवं नेतृत्व के लिए यह वर्ष काफी विषम परिस्थितियों वाला है।

यू.पी.ए. की कुण्डली का चिन्तन करने से स्पष्ट ज्ञात होता है, कि–राहु की महादशा में शुक्रान्तर चल रहा है। इस पार्टी के प्रधान श्री मनमोहन सिंह जी की कुण्डली के अनुसार राहु की महादशा में केत्वन्तर राजनैतिक दृष्टि से कठिन परिस्थितियों वाला ही रहेगा। सत्ता में रहने के लिए भारी प्रयास करने होंगे। लेकिन अन्ततः गोचर में मकरस्थ गुरु की कर्मस्थान पर दृष्टि इन्हें पुनः सफलता प्रदान करने वाली होगी, सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

श्रीमती सोनिया गांधी की जन्माङ्गगत ग्रहस्थिति के अनुसार भारत की प्रभावराशि मकर इनके लिए यशस्वी सिद्ध होगी। लेकिन सिंहस्थ शनि का मंगल के साथ गोचर में 7 मार्च, 2009 ई. से आगे समसप्तकयोग, 3 जुलाई, से 15 अगस्त 2009 ई. तक एवं 9 सितंबर, 2009 ई. से मार्च 2010 ई. तक की ग्रहस्थिति इनके लिए किंवा इनके सुपुत्र श्री राहुल गांधी के लिए भारी आपदापूर्ण सिद्ध हो सकती है। ऐसा ग्रहस्थिति से मालूम होता हैं। इन्हें अपनी सुरक्षाव्यवस्था को और सुदृढ बनाना होगा।

राजनैतिक दृष्टि से 4 मार्च, 2010 ई. तक की ग्रहस्थिति इनके लिए एवं श्रीराहुल गांधी जी के लिए भारी प्रगतिप्रद होगी। सबल–सशक्त राजनीतिज्ञ एवं पार्टी–सुप्रीमो की दृष्टि से इन्हें भारी मान्यता प्राप्त होगी। श्री राहुल गांधी को आगे सम्मान्य–पद उपलब्ध होने का योग भी है। लेकिन इन्हें अपनी सुरक्षा को सबल रखना ही होगा, अन्यथा देश एवं पार्टी को भारी कष्टप्रद समय का सामना करना पड सकता है।

भारतीय जनता पार्टी–

भारतीय जनता पार्टी की जन्माङ्गगत ग्रहस्थिति के अनुसार नवमेश शनि, 9 सितंबर, 2009 ई. तक सिंहराशि में ही रहेगा, जोकि इस पार्टी के लिए गठन एवं राजनैतिक दृष्टि से काफी प्रगतिप्रद योग को बनाता है। 9 दिसंबर, 2008 ई के बाद गुरु (भाजपा का कर्मेश) मकर राशि में आकर जन्मकालिक शुक्र पर दृष्टिपात करेगा। शुक्र जन्माङ्ग में योजना स्थानेश भी है। अतः नए संगठन, नई योजनाएं, नए परिप्रेक्ष्य में भाजपा अपने आपको सशक्त अनुभव करेगी।

इस समय यह पार्टी शुक्र की महादशा के प्रभाव में चल रही है। अगर यह पार्टी निर्वाचनसंग्राम में स्त्रियों को ठीक अनुपात में टिकट देती है तो पार्टी–बल में वृद्धि होगी। देश में अराजकता किंवा हिंसा का वातावरण, उग्रवाद में वृद्धि, मंहगाई, महानगरों में विस्फोट एवं रामसेतु–काश्मीर में धर्मिक उन्माद आदि विषयों को लेकर जनमत को आकर्षित करने में यह पार्टी काफी हद तक सफल होगी। अन्यदलों के एकत्रीकरण से सत्ता में आने के प्रयास कठिन मालूम देते है। हां, लोकसभा के चुनावों में दिल्लीप्रान्त में भाजपा कांग्रेस को पीछे छोड़ सकती है। लोकसभानिर्वाचनों से पूर्व भाजपा के साथ अन्य दल मिलने का योग भी है।

श्रीलालकृष्ण आडवानी की जन्मकालिक ग्रहस्थिति के अनुसार कर्मेश सूर्य का भाग्येश चन्द्र के साथ समसप्तकयोग बनना इन्हें पार्टी के प्रमुख पद पर स्थापित करता है, लेकिन कर्मेश सूर्य नीच होकर द्वादशस्थ होकर षष्ठेश मंगल एवं आयेश बुध के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाता है। यह ग्रहस्थिति देश के प्रधानपदप्राप्ति में बाधक है।

तीसरा मोर्चा एवं बसपा– आगामी ग्रहस्थिति के अनुसार माकपा, अन्नाद्रमुक, राकांपा आदि पार्टियां बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती के साथ गुप्तरूप से समझौता कर सकती हैं। साथ ही वामपन्थी दल भी बसपा का साथ देकर मायावती के दल को मजबूत बना सकते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि– तीसरा मोर्चा भंग न समझें। लेकिन सुश्री मायावती जी का दिल्ली पहुंचना/पहुंचाना अभी संभव नहीं है।

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब–पंजाब की प्रभाव राशि मीन है। नववर्ष प्रवेश कुण्डली में उच्च शुक्र, सूर्य, बुध एवं चन्द्रमा एकसाथ हैं। अतः भाजपा–अकालीदल गठबन्धन का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा। लेकिन नववर्ष कुण्डली में शनि–मंगल का समसप्तकयोग होने से यहां के महानगरों में कहीं उग्रवाद–जन्य अशान्ति, विस्फोट आदि से हानि के योग भी बनते हैं। लोकसभा निर्वाचनों में भाजपा–अकाली गठबन्धन लाभान्वित रहेगा।

संवत् 2066 वि. में 15 जून से अगस्त तक, 9 सितंबर से 12 अक्तूबर तक, 17 नवंबर से संवत् 2066 वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति के अनुसार ये समय यहां के शासकवर्ग के लिए कठिन परिस्थितियों वाला है। उल्लिखित समयावधि में यहां कहीं भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप किंवा उग्रवाद से जनधनहानि के योग भी बनते हैं। इस संवत में

पंजाब की राजनैतिक शासनसत्ता में सशक्त युवानेता का प्रवेश अकालीदल का प्रभावक्षेत्र बढ़ाएगा।

कांग्रेस पार्टी की प्रमुख नेता श्रीमती राजिन्द्र कौर भट्ठल की ग्रहस्थिति के अनुसार चन्द्रमा की महादशा में गुरु का अन्तर दिसंबर, 2009 ई. तक इन्हें पार्टी का प्राणपण प्रदान करने में समर्थ रहगा।

पंजाब में इसवर्ष तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा क्षेत्र, कृषिविकास एवं नए शिक्षण संस्थानों के प्रगतिपथ पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश—इस प्रदेश की नामराशि कर्क एवं प्रभावराशि मीन है। प्रारम्भिक ग्रहस्थिति यहां के प्रमुख शासक श्रीप्रेम कुमार धूमल के शासनकाल में इस प्रान्त को ऐतिहासिक कार्यकलापों एवं चीन आदि से सुरक्षा की दृष्टि से अपनाए गए नए आयामों, रेलमार्ग आदि के परोग्रामों से भारी यश एवं सकलता प्रदान करने वाली है। 'कुछ कर दिखाने की क्षमता'— इनको श्रेय एवं जनता को प्रेय प्रदान करेगी। वर्षप्रवेश कुण्डली में सप्तमस्थ उच्चशुक्र एवं गोचरस्थ मकर का गुरु, राहुयुत होकर धूमल जी की नामराशि से पंचमभाव में होने से मई, 2009 ई. तक इनकी यश—प्रतिष्ठा एवं विरोधी ग्रुप को हतप्रभ कर देने वाली ग्रहस्थिति बनाता है। लोकसभा निर्वाचनों में भाजपा की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

मेदिनी ग्रहस्थिति पर विचार करने से 13 अप्रैल, 2009 ई. से पहले एवं 23 मई से 13 अक्तूबर तक की ग्रहस्थिति से यहां किसी क्षेत्र में भारी भूकम्प—भूस्खलन, यानदुर्घटना आदि से भारी जनधनहानि की सूचना मिलती है। 9 सितंबर को शनि कन्या राशि में आकर विशेषतः जनवरी—फरवरी—मार्च, 2010 में गुरु के अतिचारी होने की स्थिति में श्री धूमल जी को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अचानक परेशानी बन सकती है।

हि. प्र. की प्रगति के लिए इस प्रान्त में सुरम्यपर्यटन स्थलों का विकास, हॉर्टिकल्चर में प्रगति एवं विद्युत् उत्पादन, यातायात में दुर्गम स्थानों को साधन सम्पन्नबनाने की योजनाएं कार्यान्वित होंगी। शासनतन्त्र को इसवर्ष सफलता एवं यश मिलेगा।

हरियाणा—इस प्रान्त की नामराशि मिथुन एवं प्रभावराशि मीन है। सं. 2066 वि. की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति यहां के प्रधान नेता के समक्ष विषम परिस्थितियों वाली रहेगी। हमने गतवर्ष के पंचांग में लिखा था कि— यहां "एक प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ की दक्ष चाल से किसी नई पार्टी का उदय हो सकता है।"— इसवर्ष श्री भजनलाल जी के पुत्र ने ह.ज.कां. के नाम से पार्टी बनाकर इस भविष्यवाणी की सत्यापित कर दिया है।

श्री ओमप्रकाश चौटाला साहब की जन्मकालिक ग्रहस्थितिके अनुसार यहां कांग्रेसपार्टी का प्रभावक्षेत्र क्षीण होगा एवं आगे इनेलो पार्टी सत्ता हथियाने की तरफ बढ़ सकती हैं। 17 नवंबर, 2009 ई. से मार्च, 2010 तक की ग्रहस्थिति में कुछ राजनैतिक परिवर्तन संभव है। इससे पहले 30 जुलाई से सितंबर तक की समयावधि में किसी विशिष्ट व्यक्ति के लिए समय नेष्टघटनापूर्ण है। इस संवत् में कहीं प्राकृतिक प्रकोप से भारी जनधनहानि के योग भी हैं।

प्रधान नेता एवं रूलिंग पार्टी गरीब वर्ग को विशेष सुविधा प्रदान करेगी। शिक्षा, कृषि में विशेष प्रगति होगी। सामाजिक क्षेत्रों में प्रगति,बिजली, पेयजल आपूर्ति एवं बेरोज़गारी आदि के मसले हल करने पर विशेष बल दिया जाएगा।

जम्मू—काश्मीर—प्रभावराशि तुला है। इसवर्ष ग्रहपरिषद् का प्रधान तुलाराशीश शुक्र ही है। गणतन्त्र कुण्डली में शुक्र—शनि का समसप्तकयोग चल रहा है। शनि—शुक्र मित्र हैं, लेकिन शनि शत्रुक्षेत्र में होने से जम्मू की नामराशि का शुक्र यहां संवत् 2066 वि. में शनि—मंगल दृष्टि—संबन्ध के समय 27 जनवरी, 2009 ई. से 14 अप्रैल के मध्य, 3 जुलाई से 16 अगस्त, 2009 ई. तक, 9 सितंबर से 5 अक्तूबर तक एवं 17 नवंबर, 2009 ई. से 20 जनवरी, 2010 की ग्रहस्थिति के अनुसार यहां भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदा से एवं इस प्रान्त में उल्लिखित समयावधि में उग्रवादजन्य भयंकर विनाश से भारी जनधनहानि होगी। राजनीतिज्ञ अल्पसंख्यक तुष्टिकरण से लाभ की स्थिति से यहां की स्थिति के प्रति उदासीन रहेंगे। यहां निहित स्वार्थों के कारण राष्ट्रनेतृत्व की उदासीनता धर्म एवं राजनीति के मेल से साम्प्रदायिक राजनीति को बल मिलेगा।

पाक—काश्मीर सीमा पर विरोधीतत्व सक्रिय रहेंगे। कहीं सैन्यगतिविधि एवं कहीं घुसपैठ, क्षेत्रीय स्वायता की आवाज खतरनाक होगी।

यहां निर्वाचन समय से पूर्व संभव हैं। यहां राजनैतिक ध्रुवीकरण, राजनैतिक दलों एवं समीकरणों में परिवर्तन दिखाई देगा। दलों के प्रधान नेता एवं प्रतिष्ठित राजनेताओं को शनि—मंगल एवं राहु की गोचर स्थिति के अनुसार जीवन को खतरों का संकेत मिलता है।

भारतवर्ष की जलवायु एवं वर्षा

वि. सं. 2066 में वर्षा—पानी का स्वामी (मेघेश) सूर्य है, संवत् का राजा शुक्र है। परस्पर ये दोनों शत्रु किंवा क्रूर ग्रह हैं। जलवायुविचार से अनेकत्र सूखा रहेगा। कुछ प्रान्तों में भारी वर्षा से भारी हानि होने के योग बनते हैं। इस संवत् में चतुर्मेघों में 'संवर्तक' नामक मेघ होने से पूर्व दिशा में वायुवेग से फसलों—वृक्षों को भारी हानि पहुंचेगी— "संवर्तो वायुपीड़नम्।" लेकिन 'नवमेघों' में 'द्रोण' नामक मेघ होने से बिहार, बम्बई, गुजरात, उड़ीसा, झारखण्ड एवं आसाम में वर्षा अधिक होने से कहीं भारी हानि हो एवं जनता संकटग्रस्त हो। 'वायुसप्तक' में 'वायु' नामक वायु से समुद्रीभूभाग पर विशेष तूफान, समुद्री सैलाब से भयंकर जनधनहानि के योग बनते हैं। सरकार को इस वर्ष इस प्रकार के प्राकृतिक प्रकोप का सामना करने के लिए सावधान रहना चाहिए।

इसवर्ष रोहिणी का वास समुद्र में होने से वर्षा कुछ प्रान्तों में अत्यधिक होगी। कुछ क्षेत्र बाढ़ग्रस्त होंगे। चावल आदि जलबहुल अन्न अधिक होंगे। न्यूनवर्षा वाले बागड़—राजस्थान आदि क्षेत्रों में भी वर्षा से कृषकवर्ग समृद्ध होगा।

21/22 जून, सन् 2009 ई. को 27 घं. 51 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर वृषराशिस्थ चन्द्र के समय 'सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र' में प्रविष्ट होंगे। लग्न में उच्चस्थ चन्द्र कुछ प्रान्तों में अच्छी वर्षा करेगा। चतुर्थभावस्थ शनि कहीं भयंकर सूखा भी देगा। लेकिन कुछ क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति चिन्ताकारक रहेगी। 1 से 30 मई तक, 15 जून से 4 जुलाई तक एवं 25 जुलाई से अगस्त अन्त तक अनेकत्र भारी वर्षा के योग हैं।

अब हम गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार वर्षाविचार लिख रहे हैं; जिन तारीखों में हमने वर्षा का निर्देश किया है, उन तारीखों मे वर्षा यत्र–तत्र होगी। स्थानविशेष के लिए वर्षा का विचार करने हेतु सूक्ष्मविचार की आवश्यकता होती है, जोकि– समयाभाव के कारण संभव नहीं है।

मार्च– 28, 31 मार्च को उत्तर–पश्चिमी भागों में बादलचाल एवं खण्डवृष्टि के योग हैं।

अप्रैल– 1, 4, 6, 9, 12, 13, 14, 17, 19, 21, 23, 24, 25 अप्रैल को भूटान, सिक्किम, बंगलादेश एवं हि. प्र. में खण्डवृष्टि के योग हैं। उत्तर–पश्चिमी भागों में यत्र–तत्र बादलचाल रहे।

मई– 1, 2, 7, 8, 11, 12, 14, 17, 20, 23, 25, 27, 29, 30 एवं 31 मई को गुजरात, महाराष्ट्र (मुम्बई), भूटान, शिलांग, आसाम, बंगाल एवं नेपाल में वर्षा, बादल के योग हैं। 8, 17, 23 मई को भारत के उत्तरपूर्वी भागों में तेज हवाएं चलेंगी।

जून– 5, 10, 13, 14, 15, 17, 21, 26, 29 एवं 30 जून को मुम्बई, म. प्र., हि.प्र., भूटान, शिलांग में अनेकत्र वर्षा के योग हैं। उ. भा. के कुछ भागों में बादलचाल व बूंदाबांदी के योग हैं। उत्तरी भारत में तापमान बढ़ेगा। गर्मी ज़ोर पकड़ेगी।

जुलाई– 2, 3, 4, 5 एवं 8 से 16 जुलाई, 19, 20, 26 से 31 जुलाई तक पंजाब, हि.प्र., उत्तर प्रदेश, आसाम, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, उड़ीसा, महाराष्ट्र में अच्छी वर्षा के योग बनते हैं।

अगस्त– 1, 2, 7, 12, 13, 14, 16, 19, 21, 25, 26, 30 एवं 31 अगस्त को कोलकाता, सूरत, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, हि.प्र. एवं दिल्ली में कहीं वर्षा, कहीं बादलचाल व बूंदाबांदी के योग हैं। दक्षिण भारत में कहीं बाढ़ एवं भारी वर्षा से हानि के योग भी हैं।

सितम्बर– 3, 4, 7, 9, 10, 11, 15 से 19 सितम्बर के मध्य मैसूर, मद्रास, लंका एवं प. राजस्थान में बादलचाल व बूंदाबांदी के योग हैं। उ. भारत में आसमान साफ रहे एवं मौसम में बदलाव अनुभव होगा। 24, 26, 27 एवं 29 सितम्बर को हवा का ज़ोर रहे।

अक्तूबर– 1, 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 13, 16, 17, 18, 23, 24 एवं 28 अक्तूबर को म.प्र. तामिलनाडु, कर्णाटक के कुछ भागों में सामान्यतया वर्षा के योग हैं। पर्वतीय भूभाग को छोड़कर उत्तरी भारत में इस समय वर्षा के योग नहीं। उ. भारत में शीत का प्रभाव बढ़ने लगेगा।

नवम्बर– 3, 4, 5, 6, 8, 9, 12, 14, 16, 17, 19, 22, 27, 28 एवं 29 नवम्बर को काश्मीर, भूटान, शिलांग, हि. प्र., उ. प्र. एवं उ.भारत में अनेकत्र वायुवेग के साथ वर्षा व बूंदाबांदी के योग हैं। शरद् ऋतु का प्रभाव बढ़ेगा। काश्मीर एवं हि. प्र. के उन्नतशृंगों पर अच्छी हिमपात के योग हैं। उ.भारत में शीतलहर अनुभव होगी।

दिसम्बर– 1, 7, 10, 15, 17, 19, 20, 21, 22, 26, 29 एवं 31 दिसं. को भारत में अनेकत्र बादलचाल व बूंदाबांदी से भयंकर शीतलहर चलेगी। अनेकत्र धुन्ध के कारण यातायात अवरुद्ध होगा।

जनवरी(सन् 2010 ई.)– 5, 10, 11, 13, 14, 15, 19, 20, 21, 24 एवं 27 जनवरी को प्रबल शीतलहर चलेगी, धुन्ध का वातावरण रहेगा। उल्लिखित तारीखों में कहीं खण्डवृष्टि भी संभव है।

फरवरी– 1, 3, 4, 5, 6, 9, 11, 12, 13, 18,19, 21, 22, 25 एवं 26 फरवरी को हि. प्र., शिलांग, आसाम, अरुणाचल में वर्षा के योग हैं। मौसम बदलाव अनुभव होगा।

मार्च– 1, 2, 4, 5, 9 से 11 मार्च को वायुवेग के साथ बंगलादेश एवं दक्षिणी प्रान्तों में बादलचाल, खण्डवृष्टि संभव है। उत्तरी भारत में तापमान बढ़ेगा।

पाठकों ! प्रभुकृपा से भूत–भविष्य में जो कुछ (ग्रहगोचरवश) अनुभव किया, आपके सामने रख दिया है। जो घटित हो चुका, वह आपने देख लिया। जो भविष्य है, उस पर आप भूतानुसन्धान के आधार पर विश्वास करें–

"समस्तमेतद् गतमागतं तथा भविष्यमप्यक्षरशो यथोत्तरम्।
निबोधितं शास्त्र–परम्परावशाद् भवादृशां भारत–वासिनां पुरः।।"

लेख पूर्ण होने की तिथि–
सितं. 19, सन् 2008 ई.

शुभचिन्तक–

इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा,
श्रीमार्त्तण्ड भवन, मु.पो. कुराली,
अजीत नगर (मोहाली), (पंजाब)। PIN - 140 103

PHONE – 0160-2641277 FAX-2641577

व्यापार–विमर्श

(संवत् 2066 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं में आने वाली तेज़ी एवम् मन्दी का मासिक विवरण)

लेखक :– इन्दुशेखर शर्मा–संयमी शर्मा,

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियंत्रण है, सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशिभोग करता है, तो उस राशि में समाहित सभी व्यापारिक वस्तुएं ग्रह की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होती रहती हैं। प्रभावित वस्तुओं में परिवर्तन आते हैं और इन्हीं परिवर्तनों से बाज़ारों में घटाबढ़ी होती है, जिसे हम ' तेज़ी–मंदी ' कहते हैं। व्यापारी 'तेज़ी–मन्दी'– इन दो शब्दों से अपने भाग्य को आजमाता है। परन्तु मनुष्य का भाग्य कर्मफल किंवा ग्रहचाल के मुताबिक आर्थिक स्थिति को कभी बिगाड़ता है तो कभी सुधारता है। रथ के पहिए में लगे आरों की भांति मनुष्य को समाज में कभी ऊपर उठाता है तो कभी नीचे गिराता है – "चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः"। कहने का तात्पर्य यह है कि, जो व्यक्ति आज व्यापार में घाटा खा चुका है, वह सदा के लिए डूबा ही रहेगा–यह धारणा भ्रामक है। व्यापार में बहुत ही आश्चर्यजनक उतार–चढ़ाव आते हैं, न जाने आपको कब शीघ्र उत्तम धनलाभ हो जाए। जो व्यक्ति धनाढ्य होकर सट्टे का काम विचारपूर्वक नहीं करते, वे शीघ्र ही डूब सकते हैं । व्यापार तो किस्मत के सिकन्दर का ही प्रत्यक्ष साथ देता है। अतः किसी भी तरह का व्यापार करने से पहिले आप पत्राचार द्वारा या प्रत्यक्ष मिलकर ग्रहस्थिति पर विचार करा लें। विश्वास रखें, ग्रहस्थिति के आधार पर किए गए व्यापार से आप हानि में न रहेंगे। आप भारी हानि से भी बच सकते हैं।

जीवन में ग्रहस्थिति के प्रभाव का अध्ययन करने से यह निःसन्देह सत्य सिद्ध हो चुका है, जितना लाभ आपको होना है, उतना ही होगा, अधिक नहीं– "यदस्मदीयं नहि तत्परेषाम्" अर्थात् जो मेरा है, वह मिलेगा ही, उसे और कोई नहीं ले सकता। अतः जीवन पर ग्रहों का संकेत समझकर ही व्यापार करना बुद्धिमत्ता है।

खुलकर व्यापार करने से पहिले अप्रत्याशित हानि से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत ग्रहचाल को ध्यान में रखना सतर्कता है । हानिप्रद ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। वर्ष में जो ग्रह लाभप्रद हैं, उन ग्रहों के अधिकारक्षेत्र में आने वाली वस्तुओं का ही व्यापार करें, तभी आप लाभ ले सकेंगे। हाज़र एवम् वायदा व्यापारी जो अपने व्यापारिक जीवन से निराश हो चुके हैं, उनके लिए हम यहां व्यापार–विमर्श में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेज़ी–मन्दी का मशवरा देते हैं। **व्यापारियो !** निराश न हों। हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे ।

संवत् 2066 में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नेप्च्यून और प्लूटो आदि के चार एवम् युति–प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है कि, इस साल जगत् में विशेष लम्बे तेज़ी एवम् मन्दे के रिएक्शन्ज़ आएंगे। इस वर्ष गुड़, खाण्ड, घी, तेल, तिलहन एवम् रुई में विशेष लाभ के चांस हैं, तुरन्त फीस भेजकर टेलीफोन से सम्पर्क स्थापित करें । विदेशी व्यापारी पत्र द्वारा या टेलीफोन द्वारा सम्पर्क स्थापित करें, उत्तर मिलेगा।

इसवर्ष व्यापारिक क्षेत्र में रंक से राजा एवम् राजा से रंक बना देने वाले विशेष योग हैं । अतः प्रत्यक्ष मिलकर या वर्षभर की फीस भेजकर टेलीफोन के जरिये समय–समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें। व्यापार–विमर्श लेख में जिस जगह हम ताजा मशवरा हासिल करने की बात लिखते हैं, वहां व्यापारी अगर प्रत्यक्ष मिलकर मशवरा लें, तो अच्छा रहेगा । 'व्यापार–विमर्श 'लेख में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को प्रतिवर्ष बाज़ारों के उतार–चढ़ाव से सावधान करते रहे हैं।

संवत् 2065 में वायदा व्यापारी एवम् हाजर का काम करने वाले व्यापारी दालवाना, सरसों, ग्वार, सोना, चान्दी एवम् तांबा में पहले भयंकर तेज़ी से और बाद में आश्चर्यजनक लगातार मन्दे से भरपूर लाभ हमारे ताजा मशवरे से उठा चुके हैं। आगे भी व्यापारियों से अनुरोध है, कि– व्यक्तिगतरूप से आकर व्यापारिक जानकारी लेने में भारी लाभ ले सकेंगे। दूर–दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आएं या एक मास की फीस एक जिन्स (चना, ग्वार, सरसों, सोया, रुई आदि) के लिए 2500 + 50 रु. डाकव्ययसहित एवम् प्रत्येक मैटल सोना, चांदी, कॉपर आदि की फीस Rs. 5000/– (पांच हज़ार रुपये) प्रतिधातु, प्रतिमास के हिसाब से भेजकर आगामी मास की दैनिक तेज़ी–मन्दी की लिखित रिपोर्ट प्राप्त करें।

व्यापारियों से निवेदन है, कि वे अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि के लिए सम्पादक/लेखक जिम्मेदार न होंगे।

नोटः– वायदा व्यापार या हाजर सौदा के व्यापार की लाईन अगर लिखे या बताए गए विचार के विपरीत चले तो तुरन्त सौदा काटकर नुक्सान से बचें, तुरन्त प्रत्यक्ष मिलकर या टेलीफोन से ताजा मशवरा हासिल करें। किसी प्रकार के नुक्सान (हानि) की जिम्मेदारी हम नहीं लेते

अर्थात्– व्यापार में हानि होने पर हम जिम्मेदार न होंगे ।

संवत् 2066 वि. में ग्रहस्थिति के अनुसार तेज़ी–मन्दी का आकलन

संवत् 2066 वि. में तेज़ी–मन्दी का विस्तृत विवरण देने से पहिले हम इस संवत् के नाम, वर्ष के राजा, मन्त्री, सस्येश, धान्येश, मेघेश आदि ग्रहपरिषद् का व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? – इसका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर देना प्रासंगिक समझते हैं, जोकि निम्नांकित है;–

संवत् 2066 वि. को " शुभकृत्" संवत्सर का नाम दिया गया है। इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है:–

"शुभकृद्वत्सरे पृथ्वी राजते विविधोत्सवैः।
आतंकः भयदाः चौराः राजानः समरोत्सुकाः।।"

अर्थात्– विश्व में अनेक प्रकार के उत्सव हों, प्रगतिपद आयाम स्थापित हों। आतंकवाद–चोरी आदि की घटनाएं अधिक होंगी, शासकवर्ग किंवा राजनीतिज्ञों में शक्ति–परीक्षण की भावना प्रबल होगी।

संवत् 2066 वि. में वर्ष का राजा शुक्र होने से फल–फूल काफी मात्रा में उपलब्ध होंगे। बाजरा, चावल आदि बहुजलीय अनाजों की फसल काफी अच्छी होगी। कुछ प्रान्तों में बाढ़ एवं कहीं उत्तर में सूखे से फसलों को हानि पहुंचेगी, व्यापार प्रभावित होगा।

इस संवत् का मन्त्री चन्द्र होने से वर्षा अधिक हो। चीनी, गुड़, घी, तेल, तिलहन के व्यापारी इसवर्ष अधिक लाभ प्राप्त करेंगे।

इस संवत् का सस्येश गुरु होने से वर्षा पर्याप्त होगी। दूध, घी, चना, चावल आदि की फसल उत्तम होगी। कुछ चीज़ों का निर्यात् (Export) होने से व्यापारी लाभ में रहेंगे।

संवत् 2066 वि. का धान्येश मंगल होने से ईख (गुड़), घी, चावल, चना, एरण्ड, तिल, सरसों आदि तिलहनों की फसल को नुक्सान पहुंचने से तेल, तिलहन, घी, गुड़ आदि में अच्छी तेज़ी की संभावना बनती है।

इसवर्ष मेघेश सूर्य होने से जौ, चना, चावल आदि अनाज पर्याप्त मात्रा में हों, वर्षा आवश्यकतानुसार पर्याप्त हो। रसेश एवं नीरसेश के विचार से हल्दी, जीरा, मेथे आदि भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होंगे।

इस वर्ष 'संवर्तक' नामक मेघ है, राजनीतिज्ञों की व्यापारिक नीति से व्यापार प्रभावित होगा। पूर्वदिशा में वायुवेग व वर्षा आदि प्राकृतिक प्रकोप से खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी, जिससे व्यापारी तेजी में रहकर लाभ लेने के प्रयास में रहेंगे।

'शरत्सस्य जातक' कुण्डलीगत ग्रहस्थिति के अनुसार मूंग, मोठ, चावल, जीरी, गन्ना, ज्वार, बाजरा, अरहर, कपास एवं तिल आदि की फसलें कमज़ोर रहेंगी, मंहगाई से जनता परेशान रहे।

'ग्रीष्मसस्य जातक' कुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार कपास, नरमा, गेहूं, जौ, चना आदि की फसल अच्छी होने पर भी मंहगाई पर शासन कन्ट्रोल न पा सकेगा, ऐसा ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है।

ग्रहों के व्रकमार्ग, युति–प्रतियुति के अनुसार इस वर्ष चावल, गेहूं, चना, गुड़, ग्वार, दालवाना, रुई, नरमा, मैंथा, तेल एवम् सरसों आदि तिलहनो में तेज़ी–मन्दी के भयंकर रिएक्शन्ज़ आएंगे। दूर–दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आएं या एक मास की फीस एक जिन्स (चना, ग्वार, सरसों, सोया, रुई आदि) के लिए 2500 + 50 रु. डाकव्ययसहित एवम् प्रत्येक मैटल सोना, चांदी, कॉपर आदि की फीस Rs. 5000/– (पांच हज़ार रुपये) प्रतिधातु, प्रतिमास के हिसाब से भेजकर आगामी मास की दैनिक तेज़ी–मन्दी की लिखित रिपोर्ट प्राप्त करें।

अप्रैल (सन् 2009 ई.)

[मासारम्भ से पूर्वकालीन ग्रहस्थिति पर विहंगम दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि–28 मार्च, 2009 ई. को शनिवार के दिन चन्द्रदर्शन होगा एवं शुक्र पूर्व में उदय होगा। रुई, सूत, सोना, चान्दी, सरसों, तेल, मूंगफली आदि तिलहन एवं चावल व घी में जोरदार तेजी के रिएक्शन्ज़ आएंगे।

31 मार्च, सन् 2009 ई. को सूर्य एवं बुध–ये दोनों ग्रह रेवती नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे। परिणामस्वरूप, आगामी 14 दिनों में अलसी, एरण्ड, सरसों, मूंगफली, लहसुन, मोती, लाख, सज्जी, रुई, गेहूं, जौ, चना, केसर, मजीठ, लालमिर्च, गुड, खाण्ड एवं चावलों में तेजी रहने की संभावना है।]

1 अप्रैल को मंगल पू.भा. नक्षत्र में आता है। इस समय कुम्भ राशिस्थ मंगल की सिंहराशिस्थ शनि पर पूर्ण दृष्टि है। व्यापारिक एवं आर्थिक सरकारी घोषणा का व्यापार पर अचानक प्रभाव पड़ेगा। कुम्भ राशि का मंगल तेजी कारक रहेगा। घटाबढ़ी से बाजार तेजी की तरफ बढ़ेंगे। तिलहन, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, सरसों, कपास एवं तेलों के बाजार, शेयर बाजार, सोना, चान्दी, तांबा आदि में अच्छी तेजी बन सकती है; सावधानी से काम करें, उत्तम लाभ मिलेगा।

4 अप्रैल को प्लूटो वक्री होगा। जल–वायु–विचार से व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा। अचानक तेजी–मन्दी के रिएक्शन्ज़ आएंगे।

21 अप्रैल को बुध कृतिका नक्षत्र में आकर चान्दी और अफीम में खास घटाबढ़ी

[1 से 5 अप्रैल तक वायदा एवं हाज़र बाज़ार तेज़ रहेंगे।]

6 अप्रैल को बुध ग्रह अश्विनी नक्षत्र एवं मेषराशि में प्रविष्ट होगा; इसी दिन यूरेनस (मेदिनी ग्रह) पू.भा. के चतुर्थ चरण एवं मीन राशि में प्रवेश करके सूर्य एवं वक्री शुक्र के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, चना, अलसी, मूंग, मोठ में तेज़ी बनेगी। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों आदि तिलहन, रुई, कपास, सोना, चान्दी में मन्दे के झटके आने के योग हैं। यदि इस समय मन्दी आए तो स्टॉक करें, 15 दिन में ही लाभ मिलेगा।

9 अप्रैल को गुरु धनिष्ठा नक्षत्र के दूसरे चरण में प्रवेश करेगा। गुरु मकरराशि (नीच राशि) में स्थित है। गुरु राहु के साथ एक राशि में तेजीकारक ही है। रुई, कपास, तेलवाना, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, अनाज आदि के बाज़ारों में सामान्यतः तेज़ी बनेगी। गेहूं का बाज़ार मन्दा रह सकता है।

12 अप्रैल को बुध पश्चिम में उदित होगा एवं 13 अप्रैल को सूर्य मेष राशि में प्रविष्ट होकर बुध के साथ एकराशिसम्बन्ध बना लेगा। इसदिन बुध भरणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। अलसी, एरण्ड, तिल, तेल, सोना, चान्दी, लोहा, तांबा, लालचन्दन, लालमिर्च, नारियल, सुपारी, सूत, मेथी, लौंग, इलायची एवं अनाजों में 8 दिन में तेज़ी बनेगी। रुई व कपास में कुछ मन्दा बने।

नोट– बुध–सूर्य जब एक राशि में आते हैं तो बाज़ार में जोरदार तेज़ी या मन्दा बनाते हैं; यदि बाज़ार का रुख पहले मन्दा हो तो ज़ोरदार मन्दा कर देते हैं, यदि तेज़ी हो तो ज़ोरदार तेज़ी बना देते हैं; समझ से काम करें।

[6 से 13 अप्रैल तक बाज़ारों में तेज़ी का रुख रहेगा, ऐसा विचार है।]

14 अप्रैल को मंगल मीनराशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। शुक्र वस्तुतः बाज़ारों में मन्दी लाता है। लेकिन जब क्रूरग्रह के साथ मेल करता है तो अफवाहें फैलाकर बाज़ारों को तेज़ी की तरफ ले जाता है। तिलहन, रुई, कपास, जूट, चान्दी, सोना तथा शेयर बाज़ारों में अच्छी तेज़ी के झटके आएंगे।

17 अप्रैल को मीन राशिस्थ शुक्र मार्गी हो रहा है। 4 दिन बाद रुई मन्दी एवं सोना, चान्दी तेज़ रहेंगे। इस समय अनाज, घी, गुड़ के संग्रह से लाभ मिलेगा। इस समय गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन, सोना–चान्दी आदि में जोरदार मन्दी बन सकती है, सावधानी से काम करें।

19 अप्रैल को मीनस्थ मंगल उ.भा. नक्षत्र में दाखिल होगा, शुक्र भी इस समय उ.भा. नक्षत्र में ही मौजूद है। मीनराशि का मंगल मूलरूप से मन्दीकारक है, फिर भी यहां सोना–चान्दी, रुई, गेहूं, जौ, चना में अच्छी तेज़ी बन सकती है। समझ से काम करें।

[17 से 20 अप्रैल तक ज़ोरदार तेज़ी और मन्दी के रिएक्शन्ज़ आएंगे; मन्दी में खरीदें और तेज़ी में बेचकर लाभ लेते रहें।]

21 अप्रैल को बुध कृतिका नक्षत्र में आकर चान्दी और अफीम में खास घटाबढ़ी के बाद मन्दा बनाएगा। अनाज एवं रुई में तेज़ी रहे। 23 अप्रैल को बुध वृष राशि में आकर शनि एवं गुरु की दृष्टि में आ जाता है। गुरु नीचराशिस्थ होकर शत्रु–राशिस्थ बुध को देखता है, अतः गुरु का बल क्षीण है, शनि शत्रुक्षेत्र में बैठकर मित्रक्षेत्रस्थ बुध को देख रहा है, अतः इसका बल अधिक है। गेहूं, जौ, चना, चावल, मटर, कपास, सूत, तिल, तेल आदि में तेज़ी से लाभ मिलेगा। रुई में पहले मन्दी आकर बाद में तेज़ी बनेगी। वायदा बाज़ार में अफवाहों से तेज़ी–मन्दी के रिएक्शन्ज़ भी आ सकते हैं, सावधानी से काम करें।

25 अप्रैल को शनिवारी अमावस बाज़ारों में तेज़ी का ही संकेत देती है। 26 अप्रैल को रविवारी चन्द्रदर्शन एवं 27 अप्रैल को सूर्य का भरणी नक्षत्र में प्रवेश होने पर रुई, अलसी में घटाबढ़ी, सोना, चान्दी, तांबा, पीतल, लोहा, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, सरसों, गुड़, खाण्ड एवं घी में तेज़ी बनेगी।

[21 से 30 अप्रैल तक बाज़ारों में उत्तम–मध्यमरूप से तेज़ी का बोलबाला रहेगा।]

मई (2009 ई.)

मासारम्भ में ही (1 मई को) गुरु ग्रह शनि की राशि कुम्भ में प्रवेश करेगा। कुम्भ राशि का गुरु सभी प्रमुख बाज़ारों में एकबार ज़ोरदार मन्दे का रिएक्शन लाएगा–ऐसा विचार है। श्रवण–धनिष्ठा एवं शतभिषा नक्षत्र का गुरु सुभिक्ष, क्षेम, आरोग्य एवं धनधान्यसमृद्धि का सूचक है;–

" श्रवणे वा धनिष्ठायां वारुणे गुरु–संगमे।
सुभिक्षं क्षेममारोग्यं बहुसस्या च मेदिनी।।"

अतः कुम्भराशि का गुरु मन्दे की लम्बी लाईन बना सकता है;– सावधानी से काम करें। रुई, कपास, तिलहन, चान्दी, सोना, शेयर बाज़ारों पर गुरुग्रह का प्रभाव विशेषरूप से अनुभव किया गया है। हमारे विचार से गेहूं, चावल, जौ, चना आदि में मन्दी का संचार होगा। रुई व सफेद चीज़ों में पहले मन्दा आकर बाद में तेज़ी बनेगी। सोना, चान्दी, तांबा में भी पहले मन्दी और बाद में तेज़ी बनेगी। क्योंकि गुरु पर शनि की पूर्ण दृष्टि है, अतः सावधानी से काम करें।

[1 से 5 मई तक बाज़ारों में मन्दा रहे तो स्टॉक करें, आगे अच्छा लाभ मिलेगा।]

6 मई को मंगल रेवती नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। मंगल इस समय मीन राशि में शुक्र के साथ मेल कर रहा है। गेहूं, चना, मूंग, मोठ, जौ, ज्वार, बाजरा में मन्दी का झटका आने की तीव्र संभावना है। रुई एवं चान्दी में खास घटाबढ़ी होकर अच्छी तेज़ी का झटका आ सकता है। सोने में कुछ मन्दे की चाल रहे।

7 मई को वृषराशिस्थ बुध वक्री होगा। शनि की बुध पर दशम दृष्टि है। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर तेज़ी पकड़ेंगे। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज मन्दे रह सकते हैं।

8 मई को वक्री किंवा शनिदृष्ट बुध पश्चिम में अस्त हो जाएगा। यद्यपि पश्चिम में बुध के अस्त होने पर रुई में ज़ोरदार मन्दी आती है, पाट–हैसियन और शेयरों में भी मन्दे के बाज़ार बनते हैं, लेकिन यहां बुध के वक्री होने की स्थिति में बाज़ार अचानक तेज़ी की तरफ बढ़ सकते हैं;– सावधानी से बाज़ार का रुख देखकर काम करें। 9 मई को शनिवारी पूर्णिमा भी तेज़ी करेगी।

[6 से 10 मई तक बाज़ारों में उठापटक चलेगी, मन्दे में खरीदें और तेज़ी में सौदा सैटल करके लाभ लें।]

सूर्य मंगल की राशि में बैठा है और 11 मई को यह कृत्तिका नक्षत्र में दाखिल होगा। सूर्य एवं मंगल का प्रभाव बाज़ारों पर एक जैसा ही है। सर्य ग्रह का हाज़र एवं वायदा व्यापार पर प्रभाव प्रत्यक्ष है। विशेषतः रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, तेल, सरसों, कपास, जौ, चना, मूंग, मोठ, चावल आदि अनाजों, सोना, चान्दी, घी, शेयर, हल्दी एवं कालीमिर्च पर तेज़ी अनुभव होगी।

12 मई को राहु उ.षा. 4 एवं केतु पुष्य 2 में दाखिल होगा। राहु भारत की प्रभावराशि मकर में है। कहीं राजनैतिक, आर्थिक नीति में परिवर्तन से व्यापार प्रभावित होता प्रतीत होता है। कहीं प्राकृतिक प्रकोप से भी व्यापार में उठापटक हो। प्राकृतिक कारणों से कहीं फसल खराब होने का मय है। लेकिन उ.षा. नक्षत्र का राहु दो मास में सरसों, तिल आदि तिलहन में मन्दा करेगा। नमक, घी में कुछ तेज़ी रहे।

14 मई को सूर्य वृषराशि में आकर वक्री बुध के साथ मेल करेगा। इस समय इन पर वक्री शनि की दृष्टि भी है। इस समय बाज़ारों में ज़ोरदार घटाबढ़ी चलेगी। बुध अफवाहों (पब्लिसिटी) को प्रोत्साहन देता है, बाज़ारों में वायदा व्यापारियों को घटाबढ़ी फेस करनी पड़ती है। हमारे विचार से इस समय सोना, चान्दी, तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, अनाज, घी में ज़ोरदार तेज़ी आने की उम्मीद लेकर चलें। विशेषतः तिलहन के व्यापारी ज़ोरदार तेज़ी से लाभ ले सकेंगे।

15/16 मई को रेवती नक्षत्र का शुक्र बाज़ारों में अचानक कुछ मन्दा भी कर सकता है, सावधानी से काम करें।

17 मई को शनि वक्री होगा। अचानक बाज़ारों का रुख बदल सकता है। रुई में मन्दी आकर फिर तेज़ी हो। दो मास में तिल, तेल, सरसों, हींग, कालीमिर्च में तेज़ी से लाभ मिलेगा।

[14 से 22 मई तक तेल, तिलहन में ज़ोरदार तेज़ी के रिएक्शन्ज़ आएंगे, सूझ–बूझ से काम करके लाभ लें।]

23 मई को मंगल अपनी राशि मेष में दाखिल होगा। कपास, जूट, सोना, चान्दी, तिलहन, तेल पर मंगल का प्रभाव विशेषरूप से तेज़ी का अनुभव किया गया है। ज्वार, बाजरा, चना, मूंग, मोठ, गेहूं, गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी, तांबा, रुई, कपास, बारदाना, तेल, तिलहन में तेज़ी से लाभ मिले।

25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र एवं वक्री बुध मेष राशि में प्रवेश करेगा। बुध–मंगल का एकराशि–सम्बन्ध तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सण, सुपारी, मिर्च, सोना, चान्दी, तांबा, रुई, कपास में सामान्यतः तेज़ीकारक मालूम देता है।

27 मई को वक्री बुध पूर्व में उदित होगा। रुई में पहले मन्दी, बाद में तेज़ी बने। गेहूं, जौ, चना आदि में 40 दिन के अन्दर तेज़ी से लाभ मिले। तिल, घी, पाट, हैसियन एवं लालमिर्च में भी तेज़ी संभव है।

30 मई को शुक्र अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में आकर मंगल एवं बुध के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। जौ, चना, चावल, गेहं आदि अनाज तथा घी में तेजी बने। इस समय सोने, चान्दी में खास तेजी बन सकती है। गुड़, शक्कर, बारदाना, पाट आदि में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी रहे। ऊन, तिल, तेल, सरसों, अलसी एवं एरण्ड में कुछ मन्दा रह सकता है।

31 मई को बुध मार्गी होकर रुई में पहले मन्दी एवं बाद में तेज़ी करेगा। गेहूं आदि अनाज तेज़ रहें। तेल–तिलहन में भी नर्मी का रुख रहे। सोना–चान्दी–तांबा में ज़ोरदार तेज़ी रहे। गुड़, शक्कर, बारदाना, पाट आदि में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी हो।

जून (2009 ई.)

मासारम्भ में सभी ग्रह मार्गी एवं उदित हैं। इस समय बाज़ारों में अच्छा मन्दा बन सकता है। यदि तेल–तिलहन के बाज़ारों में कुछ मन्दा बने तो तुरन्त स्टॉक करें; अच्छा लाभ मिलने की जल्दी उम्मीद बनेगी।

5 जून (शुक्रवार) को बुध वृषराशि में आकर सूर्य के साथ एकराशि– सम्बन्ध बनाएगा। इन पर शनि की दृष्टि भी है। सूर्य ग्रह का असर सोना, चान्दी, हल्दी, कालीमिर्च, रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली तेल एवं अनाजों पर पड़ता है। बुध का जब सूर्य के साथ मेल होता है, तो ज़ोरदार तेज़ी–मन्दी के रिएक्शन्ज़ आते हैं। हमारे विचार से रुई में 15 दिन में मन्दी आकर पीछे तेज़ी बने। प्रायः सभी बाज़ारों में तेज़ी–मन्दी चलेगी। लेकिन गेहूं, जौ, चना, चावल, मटर, कपास, सूत, अफीम, तिल आदि के भाव में तेज़ी बनेगी।

7 जून को सूर्य मृगशिर नक्षत्र में आ जाता है। 10 जून को मंगल भरणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा; 13 जून को शुक्र भी भरणी नक्षत्र में आ जाता है। मंगल सोना, चान्दी, रुई, कपास, तिलहन एवं शेयर बाज़ारों को प्रभावित करता है। शुक्र विशेषतः रुई, गुड़, खाण्ड एवं चान्दी के बाजारों पर अपना प्रभुत्व रखता है। जब शुक्र, मंगल के

साथ एकराशि-एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाता है तो रुई, चान्दी एवं सोना व तांबा के व्यापार में ज़ोरदार तेज़ी बनती है- ऐसा अनुभव किया गया है। हमारे विचार से इस समय गेहूं, चावल, जौ, चना आदि अनाजों; रुई, सोना-चान्दी में अच्छी मन्दी या तेज़ी संभव है। मूंग, मोठ, ज्वार, उड़द, तूअर में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। सावधानी से काम करें, ताज़ा मशवरा प्राप्त करें।

14 जून को सूर्य मिथुन राशि में आकर गुरु की दृष्टि में आ जाता है। यहां तेज़ी की जगह मन्दा आ सकता है। बाज़ार का रुख देखकर काम करें। सूरज ग्रह का वायदा बाज़ार एवं हाज़र के बाज़ारों पर ज़ोरदार असर होता है।

पाट, बारदाना, सूत, सोना, चान्दी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड में तेज़ी की उम्मीद होने पर मामूली तेज़ी आकर मन्दा आ सकता है। रुई में कुछ तेज़ी के बाद मन्दी बने।

15 जून को कुम्भराशि में गुरु वक्री होगा। इस समय गुरु-शनि का समसप्तकयोग चल रहा है। बाज़ारों में ज़ोरदार मन्दी एवं तेज़ी का रुख बनेगा। वक्र गुरु का फल इस प्रकार लिखा है;-

"कुम्भराशिगतो जीवः करोति यदि वक्रताम्।
आरोग्यं सर्वस्वस्थत्वं राज्ञां श्रीर्जय-संभवः।।
सर्वधान्यस्य निष्पत्तिः सर्वधान्यस्य विक्रयः।।
घृत-तैल-तुलाभाण्डं मासाष्टके च संग्रहः।।
पश्चाद् विक्रयतो लाभः सुभिक्षं निर्भया जनाः।।"

अर्थात् कुम्भ राशि में यदि गुरु वक्री हो तो जनता में आरोग्य, राजा(राजनीतिज्ञ) विजयी-यशस्वी रहें। सभी अनाज भरपूर मात्रा में हों, घी, तेल, तिलहन आदि का संग्रह आठवें मास में करके आगे बेचने से पर्याप्त लाभ होगा। लेकिन यहां शनि के साथ गुरु का दृष्टिसम्बन्ध ज़ोरदार मन्दे की जगह ज़ोरदार तेज़ी भी कर सकता है। अतः समय आने पर ताज़ा मशविरा प्राप्त करें।

हमारे विचार से गेहूं, जौ, चना, चावल, अलसी व घी में मन्दी हो और सोना-चान्दी आदि धातु व ऊनी वस्त्र तेज़ होंगे।

17 जून को बुध रोहिणी नक्षत्र में आता है। 8 दिन में रुई, चान्दी, तिल, तेल, सरसों, कपास, सूत, सोना, चान्दी, चावल, गुड़, खाण्ड में तेज़ी बने। तूअर, सण, ऊनी वस्त्र मन्दे हों। रुई में पहले तेज़ी आकर फिर मन्दी बने।

21 जून रविवार को सूर्य आर्दा नक्षत्र में पदार्पण करेगा। बृहस्पति की दृष्टि सूर्य पर है, अतः यह रुई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, मोती, चावल, चना, जौ, चान्दी में सामान्य तेज़ी दे सकता है। गुरु की दृष्टि में सूर्य होने से विशेष तेज़ी की उम्मीद न रखें। सोने में घटाबढ़ी चलेगी। गुड़, खाण्ड, तेल, तिलहन में अचानक मन्दा बन सकता है।

22 जून को मृगशिरा नक्षत्र की सोमवती अमावस बाज़ारों में मन्दा रहने का संकेत देती है-

"आषाढ़स्याप्यमावस्या यदि सोमवती भवेत्।
सुभिक्षं कुरुतेऽवश्यं नक्षत्र मृग सप्तमे।।"

24 जून को चन्द्रदर्शन बाज़ारों में साधारण मन्दी करेगा। 26 जून को शुक्र कृत्तिका नक्षत्र एवं बुध मृगशिर नक्षत्र में प्रवेश करेगा- यह ग्रहस्थिति मन्दा देने वाली है। जौ, चावल, गेहूं, उड़द, हींग, तिल, तेल, सरसों, रुई, सूत, चान्दी, सोना, हीरा, मणि, मोती आदि जवाहरात में मन्दे का काम करें।

29 जून को शुक्र अपनी राशि वृष में आकर शनि की दृष्टि में आ जाता है। 20 दिन में गेहूं, मूंग, मोठ, चावल, राई, मसूर, तिल, तेल, सरसों, घी एवं सूत में तेज़ी आए। रुई में तेज़ी आकर मन्दी एवं चान्दी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बने।

30 जून को बुध मिथुन राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। सरसों, तारामीरा में घटाबढ़ी; रुई, सोना, चान्दी में ज़ोरदार मन्दा आने की संभावना है।

जुलाई (2009 ई.)

1 जुलाई को यूरेनस मीन राशि में वक्री हो रहा है। पैदावार को कम एवं फसल को खराब करने में इस ग्रह की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। सोने-चान्दी के बाज़ारों पर इसका प्रभाव विशेष होता है। इस समय सावधानी से काम करें। हमारा विचार तेल-तिलहन एवं सोने-चान्दी में अच्छी तेज़ी का है।

2 जुलाई को बुध पूर्व में अस्त हो रहा है। इस समय बुध अपनी राशि मिथुन में सूर्य के साथ है। मिथुन राशि रुई, कपास एवं तिलहन बाज़ारों से सम्बन्ध रखती है। धनुराशिस्थ प्लूटो बुध-सूर्य से सप्तम है। अनाज, घी, तेल-तिलहन में मन्दा बने। रुई में पहले तेज़ी, बीच में मन्दी, अन्त में फिर तेजी बनेगी। सोने में भी घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे।

3 जुलाई को मंगल वृष राशि में आकर शनि के साथ दशम-चतुर्थ- सम्बन्ध बनाएगा। बाज़ार का रुख देखकर काम को बढ़ावें। हमारे विचार से लालमिर्च, चन्दन, गुड़, शक्कर, गेहूं, मक्का, चना, रुई, कपास, सूत, कपूर, केसर, सोना, चान्दी, तांबा एवम् जस्ता आदि धातुओं में तेजी बनेगी। इस समय शेयर बाजार भी तेज रह सकते हैं।

4 जुलाई को बुध आर्द्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। बुध इस समय सूर्य के साथ मिथुन राशि में है एवम् गुरु की इस पर विशेष दृष्टि है। वर्षा-पानी के मौसम से व्यापार में मन्दे का रुख रहे। गेहूं, तिल, उड़द, जौ, चना, मूंग, मोठ में मन्दा रहे।

5 जुलाई को सूर्य पुन. में दाखिल होगा। रुई , सोना, चान्दी, बिनौला, अलसी, सरसों, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सज्जी, हरड़, सुपारी, नारियल, केसर, मंजीठ, नील, सौंठ एवम् गुग्गुल आदि पदार्थ तथा अन्य किरयाणा की

चीज़ों में सामान्य तेज़ी का माहौल बने।

7 जुलाई को मंगलवारी पूर्णिमा भी कई चीज़ों में तेज़ी बना सकती है। 8 जुलाई को शुक्र रोहिणी नक्षत्र में आएगा। इस समय शुक्र वृष राशि में मंगल के साथ मेल कर रहा है एवम् इन पर शनि की दशम दृष्टि भी है। इस लिए 12 दिन में चान्दी, सोना आदि धातुओं, अलसी, सरसों, घी, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, दाख, छुहारा, सुपारी, नारियल एवम् ऊनी कपड़ों में मन्दे की उम्मीद होने के बावजूद भी तेज़ी बन सकती है। सावधानी से काम करें।

10 जुलाई को बुध पुन. में एवम् शनि पू.फा. के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। गेहूं, चना आदि अनाज, अलसी, तिल, तेल, सरसों, मूंग, मोठ, उड़द में तेज़ी का माहौल रहे। लेकिन 8 दिन में चान्दी, रुई, कपास, सूत, सण में ज़ोरदार मन्दा आने का योग है।

14 जुलाई को राहु उ.षा. नक्षत्र के तीसरे चरण में एवम् केतु पुष्य नक्षत्र के प्रथम चरण में दाखिल होगा। राहु मकर राशि में चल रहा है। मकर राशि शनि की अपनी राशि है। शनि और राहु दोनों क्रूर और अशुभ ग्रह हैं, इनका बाज़ारों में प्रभाव तेज़ीकारक माना गया है। कांसी, सूत, चान्दी, सरसों, तिल, नमक, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी बनती दिखाई देती है।

[1 से 14 जुलाई तक बाज़ार में ज़ोरदार तेज़ी एवम् मन्दी के रिएक्शन्ज़ आएंगे। मन्दे में खरीदें और तेज़ी में बेचकर लाभ लेते रहें।]

15 जुलाई को बुध कर्क राशि में आकर राहु के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। बुध अफवाहों का ग्रह है। इसके प्रभाव से ठीक और गलत बातों से बाज़ार में तेज़ी एवम् मन्दी के रिएक्शन्ज़ आते हैं। क्योंकि बुध राहु से समसप्तक में है, इसलिए रुई में ज़ोरदार मन्दा और चान्दी में भी ज़ोरदार मन्दी के रिएक्शन्ज़ आ सकते हैं। गुड़, तेल, मूंगफली और सोने में पहले तेज़ी बनकर बाद में मन्दी बने।

16 जुलाई को सूर्य भी कर्क राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। जब बुध सूर्य के साथ मेल करता है तो यह क्रूर बन जाता है और तेज़ी की सम्भावना ज़्यादा रहती है। तेल, तिलहन के बाज़ारों में अच्छी तेज़ी–मन्दी के रिएक्शन्ज़ बन सकते हैं। रुई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों एवं सोना आहदि में तेज़ी बने। गेहूं, जौ, चना, मटर, मूंग, चावल में मन्दी का रुख रह सकता है।

नोट करें– 16 जुलाई को बुध भी पुष्य नक्षत्र में दाखिल होगा। इस समय 10 दिन के अन्दर सोना, चान्दी में मन्दी के अच्छे झटके आएंगे। रुई में घटाबढ़ी के बाद अचानक मन्दा भी बन सकता है–होशियारी से काम करें।

17 जुलाई को मंगल रोहिणी में आकर रुई, कपास, सूत, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लालमिर्च, हींग और शेयर बाज़ार में तेज़ी बनाएगा। 19 जुलाई को सूर्य पुष्य नक्षत्र में आकर बुध के साथ एकनक्षत्रसम्बन्ध भी बनाता है। यह ग्रहस्थिति बाज़ारों में पहले तेज़ी, बाद में मन्दा करेगी। सरसों, मघ, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपारी, गुग्गुल, हींग, हल्दी, सोना, चान्दी में तेजी से लाभ मिलेगा। यह तेज़ी ठहरेगी नहीं, इसलिए जल्दी लाभ लें।

22 जुलाई को खग्रास सूर्यग्रहण का प्रभाव व्यापार पर तेज़ी वाला ही दिखाई देता है। 23 जुलाई, श्रावण शुक्ल पक्ष गुरुवार को चन्द्रदर्शन होगा। चावल, गुड़, तेल, घी, गर्म मसाले तेज़ रहेंगे। हींग, ज़ीरा, धनिया और कत्था में मन्दा रहे। 23 जुलाई को (इसी दिन) बुध आश्लेषा नक्षत्र में दाखिल होगा। 15 दिन में तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूंग, मोठ आदि अनाजों में तेज़ी बनेगी।

26 जुलाई को बुध पश्चिम में उदय होगा और शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। शुक्र कमी–कभी अकेला ज़ोरदार मन्दी ला देता है। मिथुन राशि का शुक्र मन्दीकारक ही माना गया है। इसलिए इस समय वायदा व्यापारियों को बड़ी सावधानी से काम करना चाहिए। रुई, कपास, सूत, पाट, बारदाना, एरण्ड, तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन, अरहर, ग्वार आदि में काफी मन्दी आ जाने का योग है। अलसी, गुड़, घी में काफी अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। गेहूं, चना, जौ, चावलों में तेज़ी रहने की उम्मीद है। रुई और कपास के व्यापारी ध्यान दें– आगे 15 दिनों में रुई और कपास में मन्दा बनेगा।

30 जुलाई को बुध सिंह राशि में आकर शनि के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। बुधग्रह न शुभ है और न अशुभ। जब कभी शुभ ग्रह के साथ मेल करता है तो मन्दा लाता है और जब सूर्य–शनि आदि क्रूर ग्रहों के साथ मेल करता है तो तेज़ीकारक हो जाता है। यहां बुध का शनि के साथ मेल है एवं मंगल की इन पर दृष्टि भी है। इसी दिन गुरु वक्री पोज़ीशन में मकर राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा;– यह बहुत बड़ी तेज़ी का चान्स है। गेहूं, चावल, जौ, चना, सूत, रुई, ऊन, तेल, तिलहन में ज़ोरदार तेज़ी बनेगी। सोने, चान्दी में भी ज़ोरदार तेज़ी संभव है। 30 जुलाई को ताज़ा मशवरा प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

अगस्त (2009 ई.)

1 अगस्त को गेहूं, चना, जौ, ज्वार, बाजरा आदि अनाजों के भाव में अचानक मन्दे का वातावरण बन सकता है, लेकिन 2 अगस्त को सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में दाखिल होकर 14 दिन के अन्दर सोना, चान्दी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, तोड़िया, एरण्ड, अलसी आदि तिलहन एवं मिर्च में तेज़ी जरूर बना सकता है।

6 अगस्त को मृग. नक्षत्र का मंगल तिल और चान्दी व अन्य व्यापारिक वस्तुओं में तेज़ी करेगा। रुई में मन्दी आकर बाद में तेज़ी बनेगी, लेकिन 7 अगस्त को गुड़, खाण्ड तथा गेहूं आदि अनाजों में अचानक मन्दा भी बन सकता है, क्योंकि इस दिन बुध पू.फा. के प्रथम चरण में प्रवेश करेगा। ध्यान दें– बुध शनि के साथ है और इन पर मंगल की दृष्टि भी है, अतः सम्भव है कि– इस दिन मन्दे की जगह तेज़ी बन जाए।

[1 से 11 अगस्त तक बाज़ारों में तेज़ी–मन्दी के अच्छे रिएक्शन्ज़ आएंगे। खासकर 2 और 6 अगस्त को तेज़ी बनेगी। समझ से काम करें।]

12 अगस्त को शनि उ.फा. नक्षत्र में दाखिल होगा। क्योंकि शनि सूर्य के साथ एक राशि में है, शनि ग्रह का असर खासतौर से तिलहन बाज़ारों पर देखा गया है; रुई में ज़ोरदार घटाबढ़ी चलेगी। घी, शक्कर, सरसों, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, कपास और खाने वाले सभी तेलों के बाज़ारों में तेज़ी नज़र आएगी। सोना, चान्दी, लोहा, तांबा और लोकोमोटिव आदि शेयरों में भी तेज़ी बन जाने का योग है। वर्षा आदि के कारण फसल का नुक्सान व पैदावार कम होने से बाज़ार तेज़ी की तरफ बढ़ेंगे।

13 अगस्त को शुक्र पुनर्वसु में आकर अनाज, बिनौला में तेज़ी करेगा। सोना, चान्दी, रुई, कपास व सूत में मन्दा बन सकता है। 16 अगस्त को सूर्य मघा नक्षत्र और सिंह राशि में दाखिल होकर शनि के साथ मेल करेगा। इसी दिन मंगल मिथुन राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। यह योग बड़ी तेज़ी का मालूम देता है। कुछ इलाकों में बहुत ज़्यादा प्राकृतिक प्रकोप से फसलें खराब होंगी, जिसका असर व्यापार पर तेज़ी का रहेगा। रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, अफीम, तांबा, कुसुम्भ, मजीठ और लाल रंग की वस्तुओं में ज़ोरदार तेज़ी आने की उम्मीद है। लालमिर्च, सोना, चान्दी एवं तिल, तेल, एरण्ड, सरसों आदि तिलहन में अच्छी तेज़ी से लाभ मिलेगा।

17 अगस्त को उ.फा. नक्षत्र का बुध 7 दिन में उड़द, मूंग, मोठ, मसूर, अरहर में कुछ तेज़ी करेगा। रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बन सकती है।

19 अगस्त को बुध अपनी उच्चराशि कन्या में दाखिल होगा। कन्याराशि रुई, कपास, तेलवाना आदि जिन्सों की पैदावार व फसल की राशि मानी गई है। बुधग्रह बाज़ारों में ज़ोरदार घटाबढ़ी लाने की ताकत रखता है। कन्याराशि के बुध पर मंगल व गुरु की नज़र है। गेहूं, जौ, चना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, हल्दी और तेल व तिलहन में तेज़ी के योग हैं।

21 अगस्त को शुक्र कर्कराशि में आकर केतु के साथ मेल करेगा। इस समय शुक्र पर बृहस्पति की पूर्ण नज़र है; रुई में पहले अच्छी मन्दी का झटका आएगा और बाद में कुछ तेज़ी बनेगी। शुक्र पर बृहस्पति की नज़र होने से फसल व पैदावार के अच्छी होने की अफवाहों से बाज़ार मन्दे की तरफ जा सकते हैं। अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में पहले तेज़ी बाद में मन्दा बन सकता है। चान्दी, गेहूं, जौ, चना, मटर व अरहर में मन्दा बनेगा।

22 अगस्त शनिवार को चन्द्रदर्शन होगा। मुहूर्ती 45 है। अनाज, घी, गुड़, शक्कर, बाजरा, कुल्थी में तेज़ी बने। 24 अगस्त को शुक्र पुष्य नक्षत्र में आकर रुई, सूत, सण, रेशम, ऊन में तेज़ी करे। लाख, चमड़ा, कपूर, पारा, शिंगरफ, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दा बने।

25 अगस्त को गुरु वक्री पोज़ीशन में धनिष्ठा नक्षत्र में दाखिल होगा। गुरु ग्रह मन्दीप्रधान है किंवा सुख–समृद्धि का प्रतीक है, लेकन जब शनि के नक्षत्र व राशि में इसका संचार होता है तो कुछ तेज़ी की तरफ बाज़ार बढ़ते हैं और बाज़ारों में अच्छी घटाबढ़ी चलती है। हमारे विचार से गेहूं, चावल, जौ, चना और तिलहन में मन्दी व रुई में घटाबढ़ी चलती रहेगी।

26 अगस्त को मंगल आर्द्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। रुई, सूत, अलसी, एरण्ड, कपास, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, नमक में तेज़ी तथा चान्दी में घटाबढ़ी रहे। 30 अगस्त को सूर्य पू. फा. नक्षत्र में आकर 14 दिन में ज़ीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, रुई और सूत में तेज़ी करेगा। चान्दी में घटाबढ़ी चले। 31 अगस्त को बुध हस्त में प्रवेश करेगा और इसी दिन शनि अस्त होगा, जोकि गेहूं आदि अनाजों में मन्दा; रुई, शेयर, सोने में भी मन्दे का रुख बनाएगा।

सितम्बर (2009 ई.)

सितम्बर के प्रारम्भ में बाज़ार अस्थिर रहेंगे। 3 सितम्बर को वक्री प्लूटो मूल नक्षत्र के द्वितीय चरण में दाखिल होगा। प्लूटो ग्रह वृश्चिक राशि का मालिक है। यह राजनैतिक परिवर्तन व व्यापारिक परेशानियों को पैदा करता है, जिससे व्यापार प्रभावित होता है। तिलहन, पाट, बारदाना, रुई, कपास के बाज़ारों में अच्छी घटाबढ़ी का योग बनाता है।

4 सितम्बर को शुक्र आश्लेषा नक्षत्र में आकर रुई में मन्दी; अरहर, चावल में भी मन्दा करेगा। 7 सितम्बर को कन्या राशि में स्थित बुध वक्री हो रहा है। इस समय बुध पर मंगल और बृहस्पति की खास नज़र है, जोकि बाज़ारों में मन्दे की तरफ इशारा करती है। 24 दिन में घी, गुड़, खाण्ड और शक्कर में तेज़ी; गेहूं, जौ, चना आदि अनाज मन्दे होंगे।

9 सितम्बर को शनि कन्या राशि में आकर बुध के साथ राशिसम्बन्ध बना लेगा। जब भी कन्याराशि में शनि ने प्रवेश किया है, तभी राजनैतिक व प्राकृतिक कारणों से बाज़ारों में तेज़ी देखी गई है। शनिग्रह का सीधा प्रभाव कच्ची फसलों व पैदावार पर पड़ता है। इसका असर शेयर बाज़ार में लोहे की मशीनरी, पैट्रोल, डीज़ल पर भी देखा गया है। अलसी, एरण्ड, कपास, सरसों आदि की फसल खराब होने की खबरों से बाज़ार ऊँचे होते देखे गए हैं। लेकिन शनि और बुध पर मंगल और बृहस्पति की खास नजर है; बृहस्पति वक्री है। गुड़, खाण्ड, नमक व अनाजों में तेज़ी बनेगी। सोना और रुई भी तेज़ रहेंगे। चान्दी में घटाबढ़ी चलेगी।

13 सितम्बर को सूर्य उ.फा. नक्षत्र में आएगा और बुध इसी दिन वक्री एवं पश्चिम में अस्त हो जाएगा। रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चान्दी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, बाजरा, सुपारी, नारियल, मुंज, बांस और नील में तेज़ी बनेगी। क्योंकि यहां पर बुध वक्री होकर अस्त हो रहा है, अतः अनाजों के व्यापारी तेज़ी से लाभ लेंगे। रुई में ज़ोरदार मन्दा बने; चान्दी तेज़ रहे।

15 सितम्बर को शुक्र मघा नक्षत्र व सिंह राशि में दाखिल होगा। राहु उ.षा. के द्वितीय चरण में और केतु पुनर्वसु के चतुर्थ चरण में प्रवेश करेगा। इस समय

सिंहराशि में सूर्य भी है। अतः सोना, तांबा, जौ, चना, गेहूं, लालचन्दन, लालमिर्च, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में अच्छी तेज़ी आ सकती है। चान्दी में पहले 4 दिन में झटके की मन्दी आए फिर तेज़ी बनेगी। तेल और तिलहन में सावधानी से काम करें, क्योंकि अचानक मन्दे का योग है।

16 सितम्बर को सूर्य कन्या राशि में आकर शनि और बुध के साथ राशिसम्बन्ध बना लेगा। जब भी शनि, सूर्य व बुध एक साथ चलते हैं, तो तेज़ी कारक होते हैं। इस समय सूर्य, शनि, बुध– ये तीनों ग्रह उ.फा. नक्षत्र में भी एकसाथ चल रहे हैं। सोना, कालीमिर्च, रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, सरसों, बिनौला, सूरजमुखी, हल्दी एवम् शेयर बाजारों में ज़ोरदार तेज़ी व मन्दी के रिएक्शन्ज़ आएंगे। हमारे विचार से यह अच्छी तेज़ी का चान्स है। चान्दी व शेयर बाजार में अच्छा मन्दा भी आ सकता है– समझ से काम करें।

17 सितम्बर को मंगल पुनर्वसु नक्षत्र में दाखिल होगा, जोकि रुई, चान्दी, नमक, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों में तेज़ी से लाभ देगा।

19 सितम्बर को वक्री प्लूटो मूल नक्षत्र के तीसरे चरण में दाखिल होगा। इस प्रकार धनुराशि में स्थित प्लूटो की मंगल पर नज़र है, जोकि कालीमिर्च, ज़ीरा, नमक, गुड़, सोना, चान्दी में तेज़ी करेगी।

20 सितम्बर को इतवारी चन्द्रदर्शन भी अनाजों में तेज़ी का संकेत देता है। 24 सितम्बर को बुध वक्री पोज़ीशन में फिर से सिंहराशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। चान्दी, सोना, सूत, रुई व ऊनी वस्त्रों में तेज़ी बनेगी। गुड, खाण्ड, शक्कर और रसपदार्थों में मन्दा रहेगा।

26 सितम्बर को सूर्य हस्त में और शुक्र पू.फा. में आएगा। एक सप्ताह के अन्दर गेहू, जौ, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, चना मे कुछ मन्दा आकर तेज़ी आए। गुड, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, जूट, घास, लकडी, नमक, हरड, हीग, धनिया और जीरे में तेज़ी बनेगी।

27 सितम्बर को बुध पूर्व में उदित होगा। इस समय बुध वक्री चल रहा है। इस लिए बाज़ारों का रुख अचानक बदल सकता है– सावधानी से काम करें।

29 सितम्बर को बुध मार्गी हो जाएगा। जो बाज़ार तेज़ी में हैं, वे मन्दे हो सकते हैं और जो चीज़ें मन्दी हैं वे तेज़ हो जाएंगी। समझ से काम करें। हमारे विचार से रुई में पहले मन्दी, बाद में तेजी बनेगी। चान्दी में घटाबढी के बाद तेजी बने। 8 दिन में गेहू, जौ, चना, रेशम, तेल एवं सुगन्धित चीजों में तेजी बनेगी।

30 सितम्बर को मेदिनीग्रह वक्री यूरेनस पू.भा. के तीसरे चरण में और कुम्भराशि में दाखिल होगा। कुम्भराशि का स्वामी शनि कन्या राशि में है और मंगल से दृष्ट है। सोना, चान्दी, रुई, कपास, तिलहन, गुड़, खाण्ड, पाट, बारदाना और शेयर बाजार तेज़ी की तरफ बढ सकते हैं।

अक्तूबर (2009 ई.)

मासारम्भ में ही 3 अक्तूबर को मेदिनी ग्रह वक्री नेप्च्यून धनिष्ठा नक्षत्र के दूसरे चरण एवं मकर राशि में प्रविष्ट होगा। मकर राशि में वक्री नेप्च्यून धनिष्ठा नक्षत्रस्थ वक्री गुरु एवम् वक्री राहु के साथ है अर्थात् यहां तीनों वक्री ग्रहों का मेल हो रहा है। यह योग ज़ोरदार तेज़ी ला सकता है। यद्यपि नेप्च्यून मीन राशि का मालिक होकर ज़ोरदार मन्दा बनाता है, लेकिन जब यह राहु एवं वक्री गुरु के साथ शनि की राशि में आकर मंगल की नज़र में आ जाता है तो ज़ोरदार तेज़ी बना देता है। इस समय यही पोज़ीशन है– सावधानी से काम करें। हमारे विचार से रुई, कपास, तेल, तिलहन एवं मोटे अनाजों व खल, बिनौला में भी भारी तेजी बन सकती है। बाज़ार के रुख को देखकर ही काम करें।

3 अक्तूबर को ही वक्री बृहस्पति श्रवण नक्षत्र के चतुर्थ चरण में आता है। अचानक सोना–चान्दी एवं अनाजों में मन्दा आने का योग है।

4 अक्तूबर को बुध फिर से कन्या राशि में आकर शनि एवं सूर्य के साथ एकराशि–सम्बन्ध बना लेगा। शनि अस्त है। रुई, चान्दी में मन्दी, गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड एवं हल्दी में तेज़ी बनेगी।

5 अक्तूबर को मंगल कर्कराशि में आकर राहु एवं गुरु के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। रुई में मन्दी एव तेल–तिलहन में भी मन्दा रहे। चान्दी में घटाबढी और सब तरह के अनाजों में तेज़ी के योग हैं।

6 अक्तूबर को शनिग्रह उ.फा. नक्षत्र के तीसरे चरण में प्रवेश करेगा एवं इसी दिन शनि उदित भी हो रहा है। इस समय शनि कन्याराशि में सूर्य, शुक्र, बुध के साथ है। इन पर बृहस्पति की दृष्टि भी है। शेयर बाजारों, रुई, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली, सूरजमुखी, तिल में ज़ोरदार मन्दा या तेजी बनेगी, बाजार के रुख को देखकर काम करें। लोहा, चावल, गुड, खाण्ड में तेजी बनेगी।

7 अक्तूबर को शुक्र उ.फा. में प्रवेश करेगा। इस समय ध्यान दें; कि– बुध, शुक्र एवं शनि–तीनों कन्याराशि एवं उ.फा. नक्षत्र में संचार कर रहे हैं। इन पर गुरुग्रह की दृष्टि भी है। हमें भयंकर मन्दी एवं तेज़ी के आसार मालूम देते हैं– इस समय बहुत समझकर काम करें। हमारे विचार से गेहूं आदि अनाज व रुई में तेज़ी से लाभ मिलेगा और सोने व चान्दी में घटाबढी चलेगी। चीनी, घी, तेल, तिलहन में भी अच्छी तेज़ी संभव है।

10 अक्तूबर को सूर्य चित्रा में एवं शुक्र कन्या राशि में दाखिल होकर शनि, बुध के साथ राशिसम्बन्ध बनाएगा। जब बुध, शुक्र, सूर्य एकसाथ होते हैं, तब लोगों की खरीदशक्ति को बढावा मिलता है। सरकार फॉरेन कोटा (Export) ऐलान कर सकती है। रुई में तेजी को बढावा मिलेगा। सूर्य–शुक्र पर बृहस्पति की नजर होने से बाजारों

में फसल की पैदावार अच्छी होने की अफवाह से बाजार कमज़ोर भी हो सकते हैं। ...

में फसल की पैदावार अच्छी होने की अफवाह से बाजार कमजोर भी हो सकते हैं। गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन और चान्दी में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। सोना, चना, तिल, नारियल, केसर, कपूर में तेज़ी आए। इस समय चावलों में विशेष तेज़ी का झटका आ सकता है।

11 अक्तूबर को मंगल पुष्य नक्षत्र में आकर चान्दी व रुई में घटाबढ़ी करे और सोने में अच्छी तेज़ी बना सकता है। **13 अक्तूबर को मकर राशि का बृहस्पति मार्गी हो रहा है। इस समय गुरु के साथ राहु है। नीच मंगल का नीच बृहस्पति के साथ समसप्तकयोग बन रहा है।** सोना, चान्दी, तांबा में अच्छी तेज़ी बनेगी। रुई में मन्दी होकर तेज़ी बने। राहु व मंगल का दृष्टिसम्बन्ध यहां रुई, तेल, तिलहन में अच्छी तेज़ी बना सकता है।

16 अक्तूबर को बुध पूर्व में अस्त होगा। घी में मन्दा बने। रुई में पहले तेज़ी, बीच में मन्दी और फिर तेज़ी होगी। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

17 अक्तूबर, शनिवार को सूर्य तुलाराशि में प्रवेश करेगा। इस समय सूर्य मंगल की दृष्टि में आ जाता है। सूर्य और मंगल का असर बाज़ारों पर विशेषकर घटाबढ़ी का माना जाता है। विशेषतः वायदा बाज़ारों में ज़ोरदार घटाबढ़ी चलती है। रुई और चान्दी में ज़ोरदार उठापटक होगी। गेहूं, जौ, चना, अलसी, सोना, तांबा में अच्छी तेज़ी आएगी और लाल चन्दन, मजीठ व सुपारी में भी कुछ तेजी बनेगी। तेल, तिलहन, कालीमिर्च व शैयर बाजार भी तेज़ रहेंगे।

18 अक्तूबर को शुक्र हस्त में आकर रुई, चावल और अनाजों में मन्दा करेगा। इस समय स्टॉक करें। गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी चले। सोना और चान्दी तेज़ रहे।

20 अक्तूबर मंगल को चन्द्रदर्शन होगा और बुध चित्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। रुई व चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। अनाज, घी, तेल, तिलहन, गुड़, शक्कर में भी तेज़ी का रुख रहेगा।

23 अक्तूबर को सूर्य स्वाती में और बृहस्पति धनिष्ठा के प्रथम चरण में आएगा। कपड़ा सोना, चान्दी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग और गुग्गुल में तेज़ी बनेगी। **क्योंकि इसी दिन गुरु धनिष्ठा नक्षत्र के प्रथम चरण में** दाखिल होगा, गेहूं, जौ, चावल, चना आदि अनाज मन्दे होंगे।

24 अक्तूबर को बुध तुला राशि में आकर नीचराशि में स्थित सूर्य के साथ मेल करेगा। बुध जब सूर्य के साथ मेल करता है तो बाज़ारों में चल रही तेज़ी को और बल दे देता है। यह चान्स अच्छी तेज़ी का मालूम देता है। रुई, गुड़, खाण्ड, सोने में अच्छी तेजी बनेगी। तेल–तिलहन में अचानक मन्दा आ सकता है।

[इस मास में 6, 10, 13, 16, 17, 24 अक्तूबर को अच्छी तेज़ी से लाभ मिल सकता है। शेष दिनों में मन्दा आने पर खरीदें और तेज़ी आने पर बेच कर लाभ लेते रहें।]

28 अक्तूबर को बुध स्वाती में और शुक्र चित्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। बुध व सूर्य दोनों स्वाती नक्षत्र में ही चल रहे हैं। स्वाती नक्षत्र का सम्बन्ध रुई, कपास, बिनौला, सोना, चान्दी से है। सोना, चान्दी और अनाजों के भाव कुछ मन्दे रहें। रुई में मन्दे का झटका आकर कुछ तेज़ी बने। 31 अक्तूबर तक बाज़ार अनिश्चित चलेंगे। मन्दा आने पर खरीदें और तेज़ी में बेचकर लाभ लेते रहें।

नवम्बर (2009 ई.)

मासारम्भ में बाजार कुछ मन्दे रहकर शनैः शनैः उठने लगेंगे। 3 नवम्बर को **शुक्र तुला राशि में आकर सूर्य और बुध के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल की खास नज़र भी है। जब शुक्र बुध के साथ मेल करता है तो तेज़ी का कारण बनता है।** शुक्र का विशेष प्रभाव गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन आदि पर अनुभव किया गया है। जब शुक्र–सूर्य पर मंगल की नज़र भी होती है तो रुई, चान्दी व सोने के बाज़ारों में तेजी आया करती है। रुई, चान्दी अफीम में पहले तेज़ी, बाद में मन्दा रहे। सोना, गुड़, खाण्ड, तांबा में भी अच्छी तेज़ी बनेगी।

4 नवम्बर को शनि उ.फा. के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा और इसी दिन नेप्च्यून मार्गी हो जाएगा। रुई में ज़ोरदार घटाबढ़ी चलेगी; सभी बाज़ारों में उठापटक से व्यापारी परेशान रहेंगे। अनाजों में तेजी बनेगी।

5 नवम्बर को सूर्य विशाखा नक्षत्र में आकर रुई में पहले मन्दा लाकर बाद में तेज़ी करे। अनाजों में मन्दा रहेगा। 6 नवम्बर को सूर्य भी विशाखा नक्षत्र में आ जाता है। 15 दिन में जौ, चावल, गेहूं, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, अफीम में तेजी बनेगी। अलसी व चान्दी में घटाबढ़ी के साथ तेजी बनेगी।

8 नवम्बर को शुक्र स्वाती नक्षत्र में आकर गुड़, खाण्ड में तेज़ी और अनाज के भावों में मन्दे का रुख बनाएगा। 9 नवम्बर को मंगल आश्लेषा नक्षत्र में आकर चान्दी व रुई में मन्दा करे और अनाजों में तेजी बनाए।

[11 नवम्बर तक बाज़ार में तेज़ी–मन्दी के साधारण रिएक्शन्ज़ आएंगे। मन्दे में खरीदकर तेज़ी में बेचकर लाभ लेते रहें।]

12 नवम्बर को बुध वृश्चिक राशि में दाखिल होगा। मंगल की राशि में बुध का संचार घी, तेल, सरसों आदि तिलहन, रुई, सोना, चान्दी में तेजी का वातावरण बनाएगा। कभी–कभी अकेला बुध तेल, तिलहन में मन्दा भी बनाता है, इसलिए सोच–समझकर काम करें।

14 नवम्बर का बुध अनुराधा नक्षत्र में आकर अचानक सोना, चान्दी, रुई, सूत व अनाजों में मन्दा बना सकता है।

16 नवम्बर को सूर्य वृश्चिक राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा और इस समय इस पर शनि की विशेष दृष्टि है। रुई, तांबा, चान्दी, सोना व ऊनी वस्तुओं में विशेष तेज़ी का योग है। घी, तेल, सरसों में भी अच्छी तेज़ी बन सकती है।

17 नवम्बर को राहु उ.षा. के प्रथम चरण और धनु राशि में दाखिल होगा। केतु पुनर्वसु के तीसरे चरण और मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। रुई में विशेष मन्दे का झटका आएगा। चान्दी में भी झटके के साथ मन्दा आने का योग है। घी, अनाज के भाव पहले तेज़, बाद में मन्दे होंगे। *नोट करें*– यदि इस समय घी, तेल, सोना, चान्दी मन्दे हों तो स्टॉक करने से अच्छा लाभ मिल सकता है। इस समय धनुराशि में राहु के साथ प्लूटो भी चल रहा है। धनुराशि का राहु तेज़ी प्रधान माना गया है। रुई, कपास, तेल, तिलहन, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड और शेयर बाज़ारों में अच्छी तेज़ी का योग बन सकता है।

18 नवम्बर बुधवार को चन्द्रदर्शन एवं 19 नवम्बर को सूर्य अनु. में तथा शुक्र विशाखा में दाखिल होगा। जौ, चना आदि अनाजों एवम् ऊन, सोना, चान्दी में बाज़ार कमज़ोर रहेंगे।

22 नवम्बर को बुध ज्येष्ठा में आकर घी, गुड़, खाण्ड, चावल में मन्दा बनाए।

27 नवम्बर को शुक्र वृश्चिक में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। इस समय शनि की इन पर विशेष दृष्टि है। रुई, शेयर, चान्दी व अफीम में पहले मन्दी होकर बाद में तेज़ी बने। गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा आदि अनाजों में भी तेज़ी से लाभ मिलेगा। सोना तेज़ रहे। घी, तेल में भी तेज़ी रहेगी।

28 नवम्बर को बुध पश्चिम में उदित होगा। बुध धनुराशि में राहु के साथ बैठा है। रुई में मन्दा आने की उम्मीद होने पर भी तेज़ी बनेगी। तेल, तिलहन में भी तेज़ी का रुख रहेगा।

29 नवम्बर को बृहस्पति धनिष्ठा 2 में और शुक्र अनु. में दाखिल होगा। गेहूं, चावल, जौ, चना आदि में मन्दी और रुई में घटाबढ़ी चलती रहे। गुड़, खाण्ड, चावल व नमक में अच्छी मन्दी का झटका आ सकता है। 30 नवम्बर को भी मन्दे की चाल रहेगी।

दिसम्बर (2009 ई.)

1 दिसम्बर को बुध मूल नक्षत्र और धनु राशि में प्रविष्ट होकर राहु के साथ मेल करेगा। बुध बालग्रह है, जोकि क्रूर ग्रह के साथ मिलकर तेज़ी का कारण बनता है और शुभ ग्रह के साथ मिलकर मन्दा करता है। इस समय शुक्र अतिचारी है और बुध भी अतिचार की तरफ बढ़ रहा है। यद्यपि धनुराशि का बुध अकेला हो तो बाज़ारों में मन्दा करता है, लेकिन यहां पर बुध राहु के साथ होने से अफवाहों के साथ वायदा बाज़ार में ज़ोरदार तेज़ी–मन्दी बना सकता है, लेकिन हमारे विचार से रुई, कपास, सूत, सोना, चान्दी, पाट, बारदाना, हल्दी, बिनौला एवं अन्य तिलहनों में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेज़ी करेगा। इसी दिन मेदिनीग्रह यूरेनस मार्गी होकर बाज़ारों में अगले दिन तेज़ी बना सकता है।

2 दिसम्बर को सूर्य ज्येष्ठा नक्षत्र में आकर 15 दिन के अन्दर सोना, चान्दी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, पारा, गुड़, खाण्ड में तेज़ी करेगा। रुई में पहले मन्दी, बाद में तेज़ी आएगी। क्योंकि सूर्य–शुक्र वृश्चिक राशि में शनि द्वारा विशेषरूप से दृष्ट हैं। इसलिए यह तेज़ी वायदा व्यापारियों के लिए महत्त्वपूर्ण है।

[1 से 6 दिसम्बर तक बाज़ार स्थिर नहीं रहेंगे। इसलिए मन्दे में खरीदकर तेज़ी में माल निकालते रहें।]

7 दिसम्बर को नेप्च्यून धनिष्ठा–3 कुम्भ में आकर यूरेनस के साथ एकराशि सम्बन्ध बना लेगा। जब भी यूरेनस–नेप्च्यून ने एकराशिसम्बन्ध बनाया है तो खड़ी फसलों को नुक्सान पहुंचा है। शेयर बाज़ार, एरण्ड, सरसों, तारामीरा, सूरजमुखी, बिनौला आदि तिलहन एवं तेलों में ज़ोरदार तेज़ी व मन्दे के रिएक्शन्ज़ आएंगे। बाज़ार का रुख देखकर काम करें। हमारे विचार से अच्छी तेज़ी आ सकती है, क्योंकि इस समय यूरेनस–नेप्च्यून पर कर्कस्थ मंगल की विशेष नज़र है। यह तेज़ी 9 दिसम्बर तक लाभ दे सकती है।

10 दिसम्बर को बुध पूषा. में और शुक्र ज्येष्ठा नक्षत्र में दाखिल होगा। इसलिए बिनौला, तेल व अनाजों में तेज़ी के बाद मन्दी आ सकती है। सोना, चान्दी, चावल, सरसों, तिल, तेल में इस समय ज़ोरदार मन्दा आएगा। वायदा व्यापारी होशियारी से काम करें।

[नोटः– 10 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक बाज़ारों में अगर अच्छा मन्दा आए तो माल पकडें, आगे अच्छा लाभ मिलेगा।]

15 दिसम्बर को सूर्य मूल नक्षत्र व धनु राशि में आकर राहु व बुध के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। सूर्य ग्रह का विशेष प्रभाव रुई, एरण्ड, मूंगफली, तेल, अनाज, सोना, चान्दी, हल्दी व लालमिर्च पर विशेषरूप से अनुभव किया गया है। धनुराशि में इस समय प्लूटो ग्रह भी चल रहा है। इसलिए यहां पर सूर्य अच्छी तेज़ी बना सकता है। यद्यपि मूल नक्षत्र में सूर्य तेजी के बाद बाजारों में मन्दा लाता है, लेकिन हमें रुई, कपास, सूत, सोना, चान्दी में अच्छी तेजी मालूम देती है।

17 दिसम्बर को वृश्चिक राशि में स्थित शुक्र अस्त हो जाता है और इसी दिन शनि हस्त नक्षत्र के प्रथम चरण में प्रवेश करेगा। इसलिए रुई में मन्दी व चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। अनाजों में अच्छी तेज़ी का झटका आकर मन्दा आएगा। सोना, तांबा, पीतल, जस्ता, हींग और सोनामक्खी में अच्छी तेज़ी बन सकती है। हस्त नक्षत्र का शनि दालवाना में अच्छी तेज़ी बनाएगा।

18 दिसम्बर शुक्रवार को चन्द्रदर्शन होगा, जोकि चान्दी व छोटे–मोटे अनाजों में तेज़ी का ही संकेत देता है।

19 दिसम्बर को बृहस्पति धनिष्ठा नक्षत्र के तीसरे चरण और कुम्भ राशि में दाखिल होगा। कुम्भ राशि का गुरु सभी प्रमुख बाज़ारों में एक बार ज़ोरदार मन्दा बना सकता है। ध्यान दें– इस समय कुम्भ राशि में यूरेनस व नेप्च्यून भी मौजूद हैं। इसलिए बहुत ही सोच–समझकर काम करें। क्योंकि गुरु शनि की राशि में है। यूरेनस, नेप्च्यून भी शनि की राशि में हैं और मंगल की इन पर खास नज़र है। कुम्भ राशि में गुरु के आने पर वर्षा कम होने से खड़ी फसलों को हानि पहुंचती है एवम् तेज़ी से लाभ मिलता है–

"कुम्भराशिगते जीवे मेघः स्वल्पाम्बु वर्षति।
कृषिनाशः च दुर्भिक्षं पूर्वदेशे समर्घता।।"

कुछ राजनैतिक कारणों से वायदा व हाज़र बाज़ार विशेषरूप से प्रभावित हो सकते हैं। हमारे विचार से धनिष्ठा नक्षत्र का गुरु गेहूं, जौ, चना में मन्दी बनाएगा। रुई में बहुत जबर्दस्त घटाबढ़ी चलेगी। 6 मास के अन्दर बहुत अच्छी तेज़ी से लाभ भी मिलेगा। रुई, सोना, तांबा आदि धातुओं में अगर मन्दा आता है तो स्टॉक करें, तीन मास के अन्दर अच्छा लाभ मिलेगा।

20 दिसम्बर को मंगल वक्री होगा और इसी दिन शुक्र मूल नक्षत्र और धनु राशि में दाखिल होगा। धनुराशि का शुक्र कुछ बाज़ारों में ज़ोरदार मन्दा बनाता है। शुक्र की वक्री गति 75´–30´´ है, जोकि संकेत देती है कि– शुक्र अतिचार की ओर बढ़ रहा है। धनु राशि में सूर्य, बुध, राहु पहले ही मौजूद हैं। सोना, चान्दी, तांबा, पीतल, शेयर बाजार, गेहूं, चना, जौ, बाजरा आदि और लाल मिर्च में ज़ोरदार तेज़ी से लाभ मिलेगा। रुई, सूत, कपास में पहले मन्दी होकर बाद में तेज़ी बने।

22 दिसम्बर को बुध उ.षा. में आकर अनाजों में कुछ मन्दा बना सकता है। 26दिसम्बर को बुध वक्री होकर 24 दिन के अन्दर घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में अच्छी तेज़ी बनाएगा, लेकिन गेहूं, जौ, चना आदि में मन्दे का वातावरण रहेगा।

28 दिसम्बर को सूर्य व 29 दिसम्बर को बुध पू.षा. नक्षत्र में दाखिल होंगे। बुध वक्री है। तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गुल, चमड़ा, कपूर, ऊनी वस्त्र, सण व चान्दी में तेज़ी रहे। अनाज मन्दे व सोना–चान्दी में ज़ोरदार मन्दे का झटका आ सकता है।

29 दिसम्बर को बुध पश्चिम में अस्त हो जाएगा। इस समय रुई में अचानक मन्दा आ सकता है। चान्दी तेज़ होगी। पाट, हैसियन और शेयर बाज़ारों में भी मन्दे का रुख रहे।

31 दिसम्बर को शुक्र पू.षा. नक्षत्र में दाखिल होगा। ध्यान दें– इस समय सूर्य, बुध व शुक्र–तीनों पू.षा. नक्षत्र में चल रहे हैं, जोकि 2 सप्ताह के अन्दर मूंग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों और नमक में मन्दा करेंगे।

जनवरी (सन् 2010 ई.)

जनवरी के प्रारम्भ से 9 जनवरी तक बाज़ारों में अस्थिरता नज़र आएगी। 5 जनवरी को बृहस्पति धनिष्ठा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। धनिष्ठा नक्षत्र शनि का नक्षत्र है। इस समय बृहस्पति पर मंगल की विशेष नज़र होने से गेहूं, चावल, जौ, चना आदि में मन्दे का झटका आएगा और बाद में तेज़ी की उम्मीद रखें। रुई में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी।

10 जनवरी को वक्री बुध मूल नक्षत्र में दाखिल होगा और सूर्य उ.षा. में प्रवेश करेगा तथा इसी दिन बुध पूर्व दिशा में उदित होगा। अनाज, सोना, चान्दी में मन्दी बनेगी। उड़द, चावल, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, चमड़ा, सरसों, मूंग एवं पाट में तेज़ी बनेगी। इस समय घी एवं लालमिर्च भी तेज़ रहेंगे। ध्यान दें– बुध के पूर्व में उदित होने पर रुई में पहले मन्दी एवं बाद में अच्छी तेज़ी बनेगी। तेज़ी का यह चान्स लम्बा चल सकता है।

11 जनवरी को शुक्र उ.षा. में आकर गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी, अलसी, एरण्ड में अचानक मन्दा बना सकता है। अनाज तेज़ रहेंगे। रुई में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

13 जनवरी को शुक्र मकर राशि में दाखिल होकर मंगल के साथ समसप्तकयोग बनाएगा और इसी दिन (13 जनवरी को ही) शनि भी वक्री हो रहा है। शनि कन्या राशि में है। इस समय शनि, बुध और मंगल वक्री है। शेयर, अफीम, गुड़, खाण्ड, घी तथा गेहूं, चना आदि अनाज; तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन में अच्छी तेज़ी बनेगी। रुई और चान्दी में पहले घटाबढ़ी और बाद में अच्छी तेज़ी बनेगी।

14 जनवरी को सूर्य मकर राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। शुक्र–सूर्य पर मंगल की पूरी नज़र है। घी, तेल, अलसी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई में तेज़ी से लाभ मिलेगा। गेहूं आदि अनाज व बारदाना में मामूली मन्दी के बाद बाज़ार तेज़ी की तरफ बढ़ेंगे।

15 जनवरी को कंकण सूर्यग्रहण घटित हो रहा है और इसी दिन बुध मार्गी हो जाएगा। रुई में मन्दी आकर तेज़ी बने। चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी हो। गेहूं,

जौ, चना, चावल भी तेज़ रहेंगे। तेल व तिलहन में ज़ोरदार मन्दे या तेज़ी का झटका आएगा। होशियारी से काम करें।

16 जनवरी, शनिवार को चन्द्रदर्शन होने से अनाज, चान्दी, सोना तेज़ रहेंगे। 19 जनवरी को राहु पू.षा. के चौथे चरण में और केतु पुनर्वसु के दूसरे चरण में दाखिल होगा। चना, सरसों, बिनौला, एरण्ड आदि में तेज़ी से लाभ मिलेगा।

20 जनवरी को प्लूटो मूल नक्षत्र के चौथे और बृहस्पति शतभिषा नक्षत्र के प्रथम चरण में दाखिल होगा। शतभिषा नक्षत्र शनि का नक्षत्र है। गहराई में जाने से हम कह सकते हैं कि–शतभिषा नक्षत्र राहु का भी नक्षत्र है। इसलिए तेल, तिलहन, रुई, कपास, पाट, बारदाना, सोना, चान्दी में भयंकर तेज़ी या मन्दे की आग लग सकती है। इस समय ताज़ा मशवरा हासिल करना उचित रहेगा। हमारे विचार से गेहूं, चना, चावल आदि अनाज तथा हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ, सोना, चान्दी में अच्छी तेजी के झटके आएंगे।

21 जनवरी को बुध पू. षा. में और शुक्र श्रवण नक्षत्र में दाखिल होगा। ध्यान रहे– इस समय बुध व राहु–दोनों पू.षा. नक्षत्र में ही हैं। बिनौला, सरसों, एरण्ड आदि तिलहन में तेजी बनेगी। अनाजों में मन्दा और सोने व चान्दी में ज़ोरदार तेज़ी बनने का योग है।

24 जनवरी को सूर्य श्रवण में आकर शुक्र के साथ एकनक्षत्रसम्बन्ध बना लेगा, जोकि गेहूं, जौ, चावल, रुई, सूत, सण, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सुपारी, लौंग में तेजी करेगा।

27 जनवरी को वक्री मंगल पुष्य नक्षत्र में आ जाता है, इसी दिन यूरेनस पू.भा. के चौथे चरण में आकर मीन राशि में दाखिल होगा। मीनराशि के यूरेनस पर शनि की नज़र है, जोकि तेल, तिलहन, हल्दी, ज़ीरा, सोना व चान्दी में मास के अन्त तक ज़ोरदार मन्दी व तेज़ी के रिएक्शन्ज़ लाएगी।

फरवरी (सन् 2010 ई.)

1 फरवरी को शुक्र धनिष्ठा के प्रथम चरण में दाखिल होगा। इस समय शनि–मंगल दोनों ग्रह वक्र गति से चल रहे हैं–

"यदा वक्रगतौ स्यातां शनि–भौमौ तपस्यके।
माघे चाद्यासु तिथिषु त्रिषु सस्यस्य संग्रहः।
कार्यो विपश्चिता तत्र पक्षान्ते स्याच्चतुर्गुणम्।।"

इस समय चावल, मूंग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चान्दी, सोना, रुई, कपास में तेजी और गेहूं में मन्दा आए।

3 फरवरी को शुक्र पश्चिम में उदित होगा। घी, खाण्ड मन्दे; रुई, सूत, सण, सोना, चान्दी एवं चावल में तेज़ी रहे। इसी दिन बुध उ.षा. में दाखिल होगा। दालवाना में मन्दे का रुख रहे।

4 फरवरी को गुरु शतभिषा नक्षत्र के दूसरे चरण में आकर गेहूं आदि अनाजों, हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ व सोने में मन्दी बनाए।

5 फरवरी को बुध मकर राशि में आकर रुई, सोना, चान्दी और सब प्रकार के अनाजों में तेज़ी करेगा, क्योंकि बुध का मेल शुक्र व सूर्य के साथ होगा और इन पर मंगल की पूरी नज़र भी रहेगी।

6 फरवरी को सूर्य धनिष्ठा में और शुक्र कुम्भ में दाखिल होगा। रुई, चान्दी, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा, चीनी आदि में अच्छी मन्दी बन सकती है। बाद में कुछ तेज़ी भी बन सकती है।

[नोटः– 1 से 8 फरवरी तक बाज़ारों में उत्तम–मध्यमरूप से तेज़ी और मन्दी के रिएक्शन्ज़ आएंगे। मन्दे में खरीदकर तेज़ी में बेचें, लाभ मिलेगा।]

9 फरवरी को वक्री शनि उ.फा. के चौथे चरण में दाखिल होगा। कपास, सूत, सण, लोहा, सोना, चान्दी व तांबा में तेज़ी बनेगी।

11 फरवरी को शुक्र शतभिषा में आकर गेहूं, गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों, रुई, सोना, चान्दी में तेजी बनाएगा।

12 फरवरी को सूर्य कुम्भ में आकर बृहस्पति और शुक्र के साथ एकराशिसम्बन्ध बना लेगा। घी, तेल, नमक, सरसों, मूंगफली और राई में तेजी बनेगी। रुई, पाट, अलसी, एरण्ड एव गेहूं आदि अनाज, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दा बनने का योग है।

13 फरवरी को बुध श्रवण नक्षत्र में दाखिल होगा और इस दिन शनैश्चरी अमावस्या भी है। 10 दिन में गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी तथा अनाजों में ज़ोरदार मन्दी व तेज़ी के झटके आएंगे।

15 फरवरी, सोमवार को चन्द्रदर्शन होगा, जोकि बाज़ारों में मन्दे का रुख बना सकता है। 18 फरवरी को गुरु शतभिषा के तीसरे चरण में दाखिल होगा। गेहूं आदि अनाज, हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ व सोने में मन्दे का रुख रहेगा।

नोटः–13 से 18 फरवरी तक बाज़ारों में मन्दे का रुख रह सकता है।
18 फरवरी को बृहस्पति अस्त हो जाएगा। रुई व शेयर बाजारों में तेजी बन

सकती है। सोना, चान्दी और अनाजों में भी तेजी रहे–

"फाल्गुने गुरोरस्तं वक्रं वा यदि जायते।
तदा सस्य–महर्घत्वं शनिर्वा वक्रतां व्रजेत्।।
धन–धान्यादि-सस्यानां तदा वाच्या महर्घता।।"

19 फरवरी को सूर्य शतभिषा में और 21 फरवरी को बुध धनिष्ठा में आकर सोना, चान्दी, सूत, सण, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सौंठ, हल्दी, गेहूं, गुड़ आदि में तेजी करेंगे।

22 फरवरी को शुक्र पूभा में आकर रुई में तेजी; सोने, चान्दी आदि धातुओं एवं अनाजों में मन्दा कर सकता है।

25 फरवरी को बुध कुम्भ राशि में आकर सूर्य, शुक्र और गुरु के साथ मेल करेगा। इस समय इन पर मंगल की नज़र भी है। अलसी, रुई और चान्दी में मन्दा आकर तेजी बने। घी, तेल और गुड़, खाण्ड में तेज़ी का रुख रहे।

26 फरवरी को बुध के पूर्व में अस्त होने पर अनाज एवम् घी मन्दे होंगे। रुई में पहले तेज़ी, बीच में मन्दी एवम् अन्त में फिर तेज़ी बनेगी। सोने में घटाबढ़ी होकर फिर तेज़ी बनेगी। इस प्रकार मास के अन्त तक बाज़ार डावांडोल रहेंगे।

मार्च (सन् 2010 ई.)

1 मार्च को बुध शतभिषा में दाखिल होगा। इस समय बृहस्पति भी शतभिषा में चल रहा है। बुध व बृहस्पति–दोनों अस्त भी हैं। चान्दी, दालवाना, तेल, तिलहन में कुछ तेज़ी आकर मन्दा बनेगा।

2 मार्च को शुक्र मीन राशि में दाखिल होगा और मीन राशि के शुक्र पर शनि की पूर्ण दृष्टि है। इसलिए रुई, चान्दी, अनाज, सरसों, तेल, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड में मन्दे की उम्मीद होने पर भी तेज़ी बन सकती है। सावधानी से काम करें।

4 मार्च को सूर्य पूभा. में और बृहस्पति शतभिषा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। गेहूं आदि अनाज, हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ, सोना, चान्दी, तेल, तिलहन में कुछ दिनों के लिए अच्छा मन्दा आ सकता है। यदि यहां अच्छा मन्दा बने तो माल पकड़ें, जल्दी लाभ मिलेगा।

5 मार्च को उ.भा. में शुक्र और 9 मार्च को पू.भा. नक्षत्र में बुध का दाखिल होना सोना, चान्दी, लोहा, तांबा, चावल, नमक, खाण्ड, रुई, कपास आदि में मन्दीकारक रहेगा। रुई में घटाबढ़ी चलेगी।

10 मार्च को कर्कराशि का मंगल मार्गी हो जाएगा। 3 दिन के बाद रुई में बहुत बड़ी मन्दी आने का योग है।

नोटः– मंगल के मार्गी होने पर जो चीजें मन्दी होती हैं, वे तेज़ हो जाती हैं और जो चीजें तेज़ होती हैं, उनमें मन्दा आ जाता है।

14 मार्च को सूर्य व बुध– दोनों मीन राशि में दाखिल होकर शुक्र के साथ मेल करेंगे। इस समय इन पर शनि की पूर्ण दृष्टि है। तिल, तेल, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, सोना, चान्दी में तेजी बनेगी। हर तरह के अनाजों में तेज़ी के बाद मन्दा बनेगा। बिनौला में तेजी बने।

नोटः– सोना, चान्दी के व्यापारी इस समय बहुत सोच–समझकर काम करें। क्योंकि, अच्छी तेज़ी आकर उतना ही मन्दा बन जाने का योग भी है।

16 मार्च, मंगलवार को चैत्र शुक्ल पक्ष का प्रारम्भ होगा, जोकि सोना, चान्दी में अच्छी तेज़ी कर सकता है।

17 मार्च को सूर्य उ.भा. में और गुरु पू.भा. के प्रथम चरण में दाखिल होगा। चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, तेल, तिलहन, अनाज, सोना, चान्दी, सूत, सण में तेज़ी बनेगी। 20 मार्च के लगभग बृहस्पति के उदय होने पर चान्दी, अनाज तेज व सोने में मन्दा आ सकता है।

22 मार्च को पूषा. नक्षत्र के तीसरे चरण में राहु और पुनर्वसु के प्रथम चरण में केतु दाखिल होगा। रुई, कपास, चान्दी, सोना, पाट, बारदाना, तिलहन, बिनौला में अच्छी तेज़ी आ सकती है।

26 मार्च को शुक्र अश्विनी नक्षत्र व मेष राशि में दाखिल होगा। जौ, चना, गेहूं आदि अनाजों और घी में तेजी बनेगी। सोने व चान्दी में विशेष तेजी से लाभ मिल सकता है। गुड़, शक्कर, पाट, बारदाना में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी, तिल, तेल, सरसों, अलसी, एरण्ड में कुछ मन्दा रहे।

27 मार्च के लगभग बुध पश्चिम में उदित होकर बाजारों के रुख को बदल सकता है। होशियारी से काम करें।

29 मार्च को बुध अश्विनी नक्षत्र व मेष राशि में दाखिल होकर शनि की नज़र में आ जाएगा। सोना, चान्दी आदि धातु, गेहूं, चना, जौ आदि अनाजों, तिल, तेल, सरसों, रुई, कपास, घी, गुड़, खाण्ड में जोरदार मन्दा या तेज़ी बनेगी। 31 मार्च को सूर्य रेवती नक्षत्र में आकर 14 दिन के अन्दर अलसी, सरसों, एरण्ड, मूंगफली आदि तिलहन, लहसुन, रुई, गेहूं, जौ, चना और चावल में तेज़ी बनाएगा।

सज्जनों ! हमने ग्रहचाल को पूरी तरह जांचकर तेजी–मन्दी के रुख का बेरवा इस पंचांग में दिया है, फिर भी ग्रहचालवश यदि किसी प्रकार से आपको व्यापार में हानि होती है तो हम उसके लिए उत्तरदायी न होंगे। वैसे, हमारी प्रभु से प्रार्थना है, कि– आपको व्यापार में हमेशा उत्तम लाभ प्राप्त होता रहे।

–: व्यापारियों के लिए विशेष सुविधा :–

तेजी–मन्दी की प्रतिमास लिखित Advance Report

(अर्थात् अगामी माह की दैनिक तेज़ी–मन्दी की लिखित रिपोर्ट)

व्यापारी सज्जनो ! 1 जनवरी, सन् 2009 ई. से यदि आप प्रतिमास किसी भी जिन्स की दैनिक तेजी–मन्दी या वायदा–हाजर बाजार का चांस चाहते हैं, तो चना, ग्वार, सरसों, सोया, कपास, मिर्च आदि की एकमास की फीस 2500/– (दो हज़ार पांच सौ) + 50/– रु. डाकव्ययसहित रु. एवम् सोना, चान्दी, कॉपर आदि मैटल्ज़ की 5,000/– (पांच हज़ार) + 50/– रु. डाकव्ययसहित भेजकर आगामी माह की लिखित रुप में **Advance report** प्राप्त कर सकते हैं।

वर्षभर के लिए गेहूं, ग्वार, चना आदि अनाजों एवम् गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, तिलहन की दैनिक तेज़ी–मन्दी की लिखित **Advance Report** की एक जिन्स की फीस 25,000/– + 500/– रु. डाकखर्चसहित भेजें एवम् चान्दी, कॉपर आदि की वर्षभर की फीस 50,000/– (पचास हज़ार) रु. + 500/–रु. डाकव्ययसहित भेजने होंगे।

नोट– पहली बार यदि प्रत्यक्ष मिलें तो अधिक सन्तोषजनक जानकारी मिल सकेगी। दूर से आने वाले व्यक्ति आने से पहले टेलिफोन करके आने का समय निश्चित कर लें।

पत्र या **M.O.** फार्म पर अपना पता एवम् फोन नं. साफ–साफ लिखें एवम् धनादेश, किस जिन्स की तेज़ी–मन्दी जानने के लिए भेज रहे हैं,– यह अवश्य लिखें। **M.O.** या **D.D.** भेजने के बाद आप अपना रजिस्ट्रेशन नंबर टेलिफोन से अवश्य प्राप्त करें।

Payment Advance आने पर ही अगले माह की रिपोर्ट भेजी जाएगी। **D.D.** या **M.O.** नीचे लिखे पते पर भेजें–

PHON: 0160-2641277
FAX- 0160-2641577

नोटः– गुरुवार को कार्यालय में अवकाश रहता है।

संयमी शर्मा , **M.A.**, ज्योतिषाचार्य, धर्मशास्त्राचार्य,
सुपुत्र पं. इन्दुशेखर शर्मा, शास्त्री, **M.A.**, ज्योतिषाचार्य,
श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय ,कुराली – **PIN** 140 103
(मोहाली) पंजाब।

यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र–साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(1 जनवरी, सन् 2009 ई. से 15 मार्च, सन् 2010 ई. तक)

जप एवं यन्त्र–मन्त्र आदि की साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य–चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य–चन्द्रग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिष ग्रन्थों में इस विषय के अनेक वचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्ट रूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्तशिरोमणि' में कहा है, कि–क्रांतिसाम्य के काल में विवाहादि मंगलकृत्य करना तो निषिद्ध है, लेकिन यदि इस समय जप, अनुष्ठानादि किया जाए तो उसकी वृद्धि होती है–*"पातस्थितिकालान्तर्गतमंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान–जप–होमदानादिकमत्रोपैति खलु वृद्धिम्।।"* यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे 1 जनवरी, 2009 ई. से 15 मार्च, सन् 2010 ई. तक की सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारंभ और समाप्तिकाल (मा.स्टैं.टा.) दे रहे हैं। इन कालों में यंत्र–तंत्रों के निर्माण से एवम् मंत्रजाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण के पर्वकाल को भी मन्त्रादि–साधना के लिए साधकों को उपयोग में लाना चाहिए। सायन संक्रान्तिपुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य और सूर्य–चन्द्रग्रहण के पर्वकाल के अलावा मन्त्रादि–साधना के लिए अर्धोदय, महोदय, महामहावारुणीपर्व, महावारुणीपर्व और वारुणीपर्व भी महत्त्वपूर्ण माने गए हैं। ये अर्धोदय आदि योग कभी–कभी आते हैं।

सावधान–यंत्र–मंत्र–तंत्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्यः फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल में साधना कीजिए, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायनसंक्रान्ति–पुण्यकाल (मा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं. मि.	समाप्त तारीख	घं. मि.
सन् 2009 ई.			
18 जन.	22 10	19 जन.	10 10
18 फर.	12 16	19 फर.	0 16
20 मार्च	11 14	20 मार्च	23 14
19 अप्रै.	22 14	20 अप्रै.	10 14
20 मई	21 21	21 मई	9 21
21 जून	5 16	21 जून	17 16
22 जुला.	16 05	23 जुला.	4 05
22 अग.	23 08	23 अग.	11 08
22 सितं.	20 48	23 सितं.	8 48
23 अक्तू.	6 13	23 अक्तू.	18 13
22 नवं.	3 53	22 नवं.	15 53
21 दिसं.	17 16	22 दिसं	5 16
सन् 2010 ई.			
20 जन.	3 58	20 जन.	15 58
18 फर.	18 05	19 फर.	6 05
20 मार्च	17 02	21 मार्च	5 02

निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल की भान्ति निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल में भी यंत्र–मंत्रादि की साधना की जा सकती है, लेकिन सायन संक्रान्तियों का पुण्यकाल इसके लिए विशेष महत्त्व रखता है।

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल (मा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं. मि.	समाप्त तारीख	घं. मि.
सन् 2009 ई.			
7 जन.	2 03	7 जन.	8 28
19 जन.	7 09	19 जन.	13 03
2 फर.	3 30	2 फर.	8 24
14 फर.	2 25	14 फर.	6 58
27 फर.	19 00	27 फर.	23 11
11 मार्च	21 20	12 मार्च	1 16
25 मार्च	9 50	25 मार्च	13 56
6 अप्रै.	14 35	6 अप्रै.	18 33
20 अप्रै.	00 00	20 अप्रै.	4 44
2 मई	5 54	2 मई	10 32
15 मई	13 33	15 मई	19 50
28 मई	3 26	28 मई	9 34
10 जून	12 05	10 जून	21 14
2 जुला.	23 42	3 जुला.	8 24
17 जुला.	3 16	17 जुला.	9 39
29 जुला.	2 21	29 जुला.	8 11
12 अग.	0 58	12 अग.	5 56
23 अग.	22 51	24 अग.	3 09
6 सितं.	15 04	6 सितं.	19 27
2 अक्तू.	3 21	2 अक्तू.	7 46
3 अक्तू.	12 18	3 अक्तू.	17 16
14 अक्तू.	13 37	14 अक्तू.	17 39
27 अक्तू.	13 56	27 अक्तू.	19 07
9 नवं.	3 54	9 नवं.	8 55
22 नवं.	0 43	22 नवं.	7 50
5 दिसं.	0 36	5 दिसं.	7 57
18 दिसं.	1 47	18 दिसं.	12 43
28 दिसं.	17 40	29 दिसं.	2 45
(सन् 2010 ई.)			
9 जन.	23 11	10 जन.	7 16
24 जन.	0 10	24 जन.	6 22
4 फर.	18 53	5 फर.	0 01
18 फर.	13 39	18 फर.	18 36
2 मार्च	14 36	2 मार्च	18 32

सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य

सूर्य–चन्द्र की राशियों के अनुसार निर्धारित किए जाने वाले क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ– समाप्तिकाल नितान्त स्थूल होता है। यहां दिया गया क्रान्ति–साम्य का प्रारम्भ– समाप्तिकाल महापात गणित द्वारा स्पष्ट किया गया है। यह सर्वथा सूक्ष्म है। विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को ही वर्जित किया गया है।

वारुणी पर्व (सन् 2009 ई.) (मा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं. मि.	समाप्त तारीख	घं. मि.
24 मार्च	3 53	24 मार्च	21 56

संवत् 2066 वि. में अर्धोदय, महोदययोग तथा वारुणी, महावारुणी, महा–महावारुणी पर्व घटित नहीं हुए हैं।

सूर्य–चन्द्रग्रहण

जैसा कि ऊपर लिखा है– यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र–साधना के लिए सूर्य एवम् चन्द्र ग्रहणों का पर्वकाल विशेष महत्त्व रखता है। पर्वकालों के लिए पृ. 10 देखिए।

ध्यान रहे– मन्त्रसाधना में उच्चारणादि की शुद्धि परमावश्यक है। इस बारे शास्त्रवचन इस प्रकार है–

"मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति
यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्।।"

यन्त्र-मन्त्र एवम् तन्त्रों का चमत्कार

इस स्तम्भ के अन्तर्गत अनुभूत यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र गतवर्षों से देते आ रहे हैं। इस स्तम्भ के अन्तर्गत दिए गए मन्त्रों को शुभमुहूर्त में गुरुमुख से प्राप्त करके ग्रहणवेला, क्रान्तिसाम्य या सायन–संक्रान्तियों के पुण्यकाल में दृढ़–निश्चयपूर्वक अनुष्ठान करके सिद्ध कर लेना चाहिए। **ध्यान रहे–** दीपमाला के समय एवं महाशिवरात्रि की महत्त्वपूर्ण रात्रियों में किंवा **'यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों के लिए साधनाकाल'** में उल्लिखित समयावधियों में इन मन्त्र–तन्त्रों को सिद्ध करके, इनका चमत्कार आप अविलम्ब देख सकेंगे। यन्त्र–मन्त्रों के बल पर ही दैवज्ञ अपने वैदुष्य से अक्षुण्ण यश प्राप्त कर सकता है,–**"सिद्धिर्भूषयते विद्याम्।"**

मन्त्र ऐसे दिव्यशब्दों का समूह है, जिसे दृढ़ इच्छाशक्तिपूर्वक उच्चारण एवं मनन से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं। चुने हुए गुप्त शब्द ही मन्त्र हैं। इनमें शब्दों को ऐसा क्रम दिया जाता है, कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारणमात्र से शून्य–महाकाश में एक विचित्र कम्पन उत्पन्न होती है, जिसमें अभीप्सित कार्यसिद्धि एवं रचनात्मक प्रबल–प्रछन्न शक्ति होती है–

" मननात् त्रायते यस्मात्तस्मात् मन्त्रः प्रकीर्तितः। जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्न संशयः।।"

मन्त्रशास्त्र के अनुसार वेदमन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तान्त्रिक प्रयोगों को भगवान् शिव ने शक्तिसम्पन्न किया। इसी प्रकार कलियुग में शिवावतार श्री शाबरनाथ जी ने शाबरमन्त्रों को अद्भुत् शक्ति प्रदान की। शाबरमन्त्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है, जो कि अर्थहीन मालूम देते हैं, परन्तु भगवान् शंकर जी के प्रताप से ये मन्त्र अवन्ध्य प्रभाव रखते हैं– **" अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेश प्रतापू।।"** अतः शाबरमन्त्रों को यथावत् उच्चारण करें, किसी प्रकार से इनमें न्यूनाधिकता न करें। **नोटः–** मन्त्र का पुरश्चरण गुरु की देखरेख में गुप्तरूप से करें। प्रकट होने पर पुरश्चरण अर्थहीन हो जाता है– **" गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नतः।"**

शत्रुकृत् पीड़ा से मुक्ति हेतु मन्त्र

यदि विरोधी (शत्रु) अत्यधिक परेशान करे, भय बना रहे तो निम्नांकित दुर्गामन्त्र को रात्रि में अथवा प्रातःकाल 41 दिन तक पाठ करें। 5 माला प्रतिदिन भगवती का ध्यान करके कम्बलासन पर बैठकर मन्त्रजाप करें। शत्रु शान्त रहेगा। मुकद्दमे में आपकी विजय होगी।

मन्त्रः– '' ॐ क्लीम् सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्ति–समन्विते।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तुते क्लीम् ॐ।।''

ग्रहण में या दीवाली की रात्रि में इस मन्त्र का जाप करें तो समय पर तुरन्त फलप्रद रहता है–यह अनुभव है।

सर्वविध संकट से मुक्ति पाने के लिए भगवान् शिवद्वारा प्रतिपादित सिद्ध मन्त्र

इस निम्नांकित मन्त्र को ग्रहण, महाशिवरात्रि किंवा दीपावली की रात्रि में त्र्यम्बक भगवान् शंकर जी का ध्यान करके सिद्ध करें। संकटग्रस्त व्यक्ति प्रतिदिन एकमाला मन्त्रजाप करके भगवान् शंकर पर चढ़ाए हुए पुष्प या बिल्वपत्र को लाल कपड़े में बांधकर अपने पास रखे– सर्वविध संकटों से सद्यः मुक्ति प्राप्त हो जाएगी।

मन्त्र :– ''ॐ सर्वेश्वराय सर्वविघ्नविनाशिने मधुसूदनाय स्वाहा।''

प्रज्ञावर्धन–स्तोत्र

आजकल के प्रगतिशील युग में विज्ञानक्षेत्र किंवा अन्य क्षेत्रों में विद्यार्थियों की भारी दौड़ में हतोत्साह कई युवक आत्महत्या तक कर लेते है। उनके मनोबल एवं बुद्धिबल को प्रगति प्रदान करने के लिए हम यहां **'प्रज्ञावर्धन स्तोत्र'** का विधिपूर्वक उल्लेख कर रहे है। इस स्तोत्र के पाठ से निश्चय ही विद्यार्थियों को आश्चर्यजनक सफलता प्राप्त होगी, अनुभव करें। इस स्तोत्रपाठ का प्रारम्भ **'गुरुपुष्यामृत'** किंवा **'रविपुष्यामृत'** योग से करें।

विनियोगः – (हाथ में जल लेकर) ॐ अथास्य प्रज्ञावर्धन–स्तोत्रस्य भगवान् शिव–ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, स्कन्द–कुमारो देवता, प्रज्ञासिद्ध्यर्थं जपे विनियोगः।

–(यहां जल का त्याग करें।)

स्तोत्र

ॐ योगेश्वरो महासेनः कार्तिकेयोऽग्निनन्दनः। स्कन्दः कुमार : सेनानीः स्वामी शंकरसंभव :।।१।।

गाङ्गेयस्ताम्रचूडश्च ब्रह्मचारी शिखिध्वजः। तारकारिरुमापुत्रः क्रौंचारिश्च षडाननः ।।२।।

शब्दब्रह्मसमूहश्च सिद्धः सारस्वतो गुह :। सनत्कुमारो भगवान् भोग–मोक्षप्रदः प्रभुः ।। ३।।

शरजन्मा गणाधीशः पूर्वजो मुक्तिमार्गकृत्। सर्वागम–प्रणेता च वांछितार्थप्रदर्शकः ।। ४।।

अष्टाविंशति नामानि मदीयानीति यः पठेत्। प्रत्यूषे श्रद्धया युक्तो मूको वाचस्पतिर्भवेत्।। ५।।

महामन्त्रमयानीति मम नामानि कीर्तयेत् । महाप्रज्ञामवाप्नोति नात्र कार्या विचारणा।। ६।।

पुष्यनक्षत्रमारभ्य पुनः पुष्ये समाप्य च । अश्वत्थमूले प्रतिदिनं दशवारं तु सम्पठेत्।। ७।।

।। सप्तविंश–दिनैरेकं पुरश्चरणकं भवेत् ।।

।। प्रज्ञावर्धनस्तोत्रं सम्पूर्णम् ।।

सम्पुटमन्त्र :– पाठ के प्रारम्भ और समाप्ति पर इस मन्त्र की एक माला जपें–

'' ॐ या देवी स्तूयते नित्यं विबुधैः वेद–पारगैः।

सा मे वसतु जिह्वाग्रे ब्रह्मरूपा सरस्वती।।''

प्रतिदिन उषाकाल में, शौच–स्नानादि के अनन्तर मयूरवाहिनी श्रीसरस्वती अथवा मयूरवाहन श्रीस्कंद (अथवा दोनों की) मूर्ति या चित्र का पंचोपचारपूजन करके ससम्पुट इस स्तोत्र के प्रतिदिन 10 पाठ करें। सम्पुट उभयथा संभव है, प्रतिपाठ सम्पुट अथवा प्रथम माला जप, फिर 10 स्तोत्र पाठ, ततः सम्पुटमन्त्र जाप। अनुष्ठानप्रारम्भ पुष्य नक्षत्र से करें और दशांश हवनादि भी पुष्य पर ही सम्पन्न करें। इस प्रकार 27 दिन के जपपाठ तथा हवन से पुरश्चरण पूर्ण होगा। जपकाल में ब्रह्मचर्य, भूशयन, हविष्यान्न ग्रहण या सात्विक एकाशन सहित पीपल वृक्ष के नीचे बैठकर साधना करने से शीघ्र सिद्धिलाभ होगा। हवन में अश्वत्थसमिधा लें। ब्रह्मी का सेवन चमत्कारी होगा।

व्यवसाय में प्रगति एवं आर्थिक समृद्धि के लिए दो तान्त्रिक प्रयोग

(1) जब किसी पूर्णिमा को सोमवार हो तो उस दिन यह प्रयोग करें– कहीं से नागकेसर के फूल प्राप्त करें। किसी भी शिवमन्दिर में शिवलिंग पर पांच विल्वपत्रों के साथ ये फूल भी श्रद्धा से चढ़ा दें। इससे पूर्व शिवलिंग को कच्चे दूध, गंगाजल, शहद, दही से धोकर पवित्र कर लें। यह क्रिया अर्थात् पांच विल्वपत्र तथा नागकेसर के फूल (संख्या प्रत्येक बार एक सी ही हो) अगली पूर्णिमा (लगभग एक माह) तक निरन्तर चढ़ाते रहें। इस पूजा में एक दिन का भी नागा नहीं होना चाहिए। ऐसा होने पर पूजा खण्डित हो जाएगी। आपको यह फिर किसी पूर्णिमा के दिन पड़ने वाले सोमवार को प्रारम्भ करने तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। इस एक माह के लगभग जैसी भी श्रद्धाभाव से पूजा–अर्चना बन पड़े, करते रहें। भगवान् को चढ़ाए प्रसाद के ग्रहण करने के उपरान्त ही कुछ खाएं। अन्तिम दिन चढ़ाए हुए फूल तथा बिल्वपत्रों में से एक अपने साथ श्रद्धाभाव से घर ले आएं। इसे घर, दुकान, फैक्ट्री अथवा कहीं भी पवित्र जगह अथवा पैसा रखने के स्थान में शुद्धता से रख लें। धन–सम्पदा अर्जित करने में नागकेसर के पुष्प चमत्कारी प्रभाव दिखलाते हैं।

(2) व्यापार में यदि निरन्तर घाटा हो रहा हो तो किसी भी बुधवार के दिन यह प्रयोग करें। एकबार के प्रयोग से यदि फ़ायदा न दिखाई दे तो नियमित रूप से पांच बुधवार तक यह दोहराते रहें। आपको आशातीत लाभ दिखाई देने लगेगा।

प्रयोग– एक पीली बड़ी सी कौड़ी बाज़ार से खरीद लाएं। बुध के ही दिन एक–एक जोड़ा लौंग तथा इलायची और एक चुटकी, दुकान, फैक्ट्री आदि की मिट्टी के साथ कौड़ी को जलाकर सबकी राख बना लें। इस राख को एक पान के पत्ते पर एक छेद वाले तांबे के सिक्के के साथ रखकर कहीं बहते हुए पानी, तालाब अथवा कुएं में छोड़ दें। यदि छेद वाला पैसा न मिल सके तो तांबे की चादर में से पैसे के आकार का टुकड़ा काट कर उसमें स्वयं ही छेद करके कार्य चला लें।

जिस बुधवार को प्रयोग करें, उस दिन प्रयोग पूर्ण होने तक निराहार व्रत कर सकें तो अधिक शुभ है। प्रयोगकाल में **'ॐ नमो नारायणाय'** मन्त्र निरन्तर जपते रहें। प्रयोग पूर्ण होने के पश्चात् किसी भूखे व्यक्ति को कुछ खिलाकर ही स्वयं कुछ ग्रहण करें। अन्तिम अर्थात् पांचवें बुधवार को अपने इष्ट देवता को यथाशक्ति फल, फूल, नैवेद्य आदि से प्रसन्न करें। तदनंतर प्रसाद स्वयं ग्रहण करें और फिर घर–बाहर के अन्य लोगों को बांट दें।

इस प्रकार लक्ष्मी माता की अपार कृपा आप पर बनी रहेगी। घर में सुख–समृद्धि रहेगी। ये प्रयोग अज्ञात तान्त्रिक द्वारा अनुभूत हैं।

कुछ चमत्कारी यन्त्रप्रयोग

पुत्रदाता यन्त्र

विधि– इस यन्त्र को भोजपत्र पर शुभ मुहूर्त में कुंकुम, कस्तूरी, कपूर, गोरोचन की स्याही बनाकर लिखें। इसका विधिवत् सन्तानगोपाल मन्त्र या दुर्गामन्त्र से पूजन करके चान्दी के ताबीज़ में मढ़ाकर स्वर्ण–चान्दी की चेन या लाल धागे में स्त्री के गले में डाल दें। श्रीभगवान् जी की कृपा से स्त्री के गर्भ से पुत्रप्राप्ति ही होगी।

पुत्रदाता यन्त्र

मनोकामनापूर्ण यन्त्र

विधि– इस यन्त्र को सन्ध्या–वन्दन करने के बाद भोजपत्र पर शुभ मुहूर्त में अष्टगन्ध से लिखें। हर समय शुद्धिपूर्वक इसे अपने पास रखें। मनोकामना पूर्ण होगी।

मनोकामना पूर्ण यन्त्र			
९६	१०	२	८
७	३	९७	९०
५०	४५	९	१
४	६	९५	९८

व्यापारवृद्धि–यन्त्र

विधि :– इस यन्त्र को बड़े भोजपत्र पर अष्टगन्ध से लिखकर यथाविधि पूजन कर यन्त्र को शीशे में जड़वाकर अपनी दुकान पर पूजास्थल में रखें। व्यापार में खूब वृद्धि होगी।

व्यापारवृद्धि यन्त्र			
९६	८२	८१	८६
८१	७५	७६	८१
७४	७८	७५	७१
८४	७२	७२	७६

विद्या–बुद्धि–प्राप्ति के लिए यन्त्र

विधि :– गायत्री मन्त्रजाप करके महासरस्वती का निम्नांकित मन्त्रजाप करें–

"ॐ ह्रीं ऐं ह्रीं ॐ वाग्देव्यै नमः।"

मन्त्रजाप करके इस यन्त्र को भोजपत्र पर लिखकर पूजास्थल में रखें। विद्या–बुद्धि में प्रखरता अनुभव करेंगे।

विद्या–बुद्धि प्राप्तियन्त्र			
८	११	१२	१७
१३	२	७	६
११	१६	९	१४
१०	५	४	५

व्यापारवर्धक यन्त्र

विधि :–रविपुष्यामृत योग में इस यन्त्र को लिखना शुरु करें। 2100 यन्त्र लिखें। यन्त्रों का धूप–दीप से लक्ष्मीमन्त्र से पूजन करके शुद्ध जलयुक्त नदी में प्रवाहित करें। पूजन के समय लाल या पीत वस्त्र पहिनें। लाल कम्बल का आसन प्रयोग में लाएं। 31 दिन में निम्नांकित मन्त्र का सवा लाख जाप करें–

व्यापारवर्धक यन्त्र			
१६	९	४	५
३	६	१५	१०
१३	१२	१	८
२	७	१४	११

मन्त्र :–"ॐ ऐं ह्रीं क्लीं सौं जगत्प्रसूत्यै नमः।"

सवालाख जाप के बाद घृत, खीर एवं कमलगट्टा से दशांश हवन करें। अनुष्ठान पूर्ण होने तक एक समय भोजन करें एवं यति–सती रहें।

तत्पश्चात् उल्लिखित यन्त्र को अष्टगन्ध से दो बार भोजपत्र पर लिखें। इनमें से एक यन्त्र का पूजन करके अपनी दुकान के गल्ले में रखें

धोकर सोने-चान्दी की चेनी या लाल धागे में गले में डालें। व्यापार में आश्चर्यजनक वृद्धि होगी और लक्ष्मी का वास आपके घर में हमेशा रहेगा। इस यन्त्र को विधिपूर्वक किसी कर्मकाण्डी विद्वान् पण्डित से तैयार कराएं।

विवाहकारक यन्त्र

विधि :- इस यन्त्र की सिद्धि हेतु पुष्य, शतभिषा, अश्विनी तथा रोहिणी नक्षत्र में अनुष्ठान प्रारम्भ करें। रात्रि में पूर्व की तरफ मुंह करके मां भगवती का पंचोपचारपूजन करें। सफेद कागज़ पर अनार की कलम द्वारा केसर की स्याही से इस यन्त्र को लिखें। तत्पश्चात् 5 हल्दी की गांठें पीले वस्त्र में लपेटकर माता जगदम्बा की प्रतिमा या फोटो के सामने एवं लिखे गए यन्त्र पर रख दें। फिर **"ॐ क्लीम् वं पं क्षं डं लं नं क्षौं क्लीम्"** – इस मन्त्र की 11 माला जाप करें। यह जाप प्रतिदिन 11 माला 21 दिन तक करें। जाप के समय पीत या लाल वस्त्र पहिनें; घी का दीपक जलाएं। अनुष्ठान पूरा होने पर यन्त्र एवं मन्त्र को कागज़ पर लाल स्याही से लिखकर जलप्रवाह करें। जो यन्त्र अनुष्ठान प्रारम्भ करने से पहिले मां जगदम्बा की मूर्ति के सामने रखा था, उसे चान्दी के ताबीज़ में मढ़ाकर विवाहयोग्य लड़का/लड़की को पहिना दें; शीघ्र ही विवाह सम्पन्न होगा।– **[ये यन्त्र बीकानेर के पं. गिरवर प्रसाद विस्सा शास्त्री जी द्वारा अनुभूत हैं।]**

विवाहकारक यन्त्र			
९	२१	११	८
२३	१	९	१९
३७	५	३	२७
४	३४	३५	७

अखण्ड भण्डार हेतु तान्त्रिक प्रयोग

दीपावली के दिन या कृष्ण पक्ष की अष्टमी, चतुर्दशी या पुष्यनक्षत्र में मयूरशिखा (जंगलीजड़ी) लाकर **"ॐ ह्रीं मयूरशिखामहासुखसर्वकाय साधय साधय स्वाहा।"** – मन्त्र 108 बार पढ़कर जड़ी पर सिन्दूर, कपूर, कस्तूरी का तिलक लगाएं। धूप देकर सिद्धजड़ी को तिजोरी में रखे तो भण्डार अखण्ड रहे। देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों, सेठों, व्यापारियों के यहां इस प्रकार की सिद्धजड़ी तिजोरी में स्थापित रहती है।

प्रत्येक कार्य में सफलता मिले

व्यापार, विवाह या किसी कार्य में यदि बारम्बार असफलता मिले तो निम्नांकित टोटका प्रयोग में लाएं;–

सरसों के तेल में सिके हुए गेहूं के आटे से बने या पुराने गुड़ से तैयार सात पूये (पूड़े), सात आक (मंदार) के फूल, सिन्दूर, आटे से तैयार सरसों के तेल में रुई की बत्ती से जलता दीपक– ये सब पत्तल या एरण्डी के पत्ते पर रखकर शनिवार की रात्रि में किसी चौराहे पर रख दें। रखते समय यह कहें;– **" हे मेरे दुर्भाग्य तुझे यहीं छोड़े जा रहा हूं, कृपा करके मेरा पीछा न करना।"**– इस प्रकार उच्चारण करके वापिस घर चले आएं, पीछे मुड़कर न देखें, किसी से चर्चा न करें। सभी बाधाएं दूर होकर शीघ्र ही सफलता मिलेगी।

मिर्गी रोग से मुक्ति मिले

मिर्गी के रोगी को एक तोला असली हींग ताबीज़ की भान्ति नए सफेद कपड़े में सीकर धागे में बांधकर गले में पहिना देने से मिर्गी का दौरा रुक जाता है।

गाय के बाएं सींग की अंगूठी बनवाकर रोगी व्यक्ति के बाएं हाथ की कनिष्ठका अंगूली में धारण करने से मिर्गी का दौरा नहीं पड़ता।

आधसीसी रोग से मुक्ति मिले

रविवार के दिन सूर्योदय से पूर्व ही पानी वाले कच्चे नारियल का पानी निकालकर खड़े-खड़े ही चार घूंट पीवें, थोड़ा सा अपने सिर पर डालें तथा नासिका के दोनों छिद्रों (नथुनों) के द्वारा चार-चार बार थोड़ा-सा पानी ऊपर को खींचकर (सुड़ककर) एक घण्टे तक टहलें। यह क्रिया पूर्व दिशा की ओर मुख करके करनी चाहिए; अवश्य लाभ होगा।

सर्ववशीकरण तिलक

प्रयोग–शुद्ध सिन्दूर, शुद्ध केसर, शुद्ध गोलोचन (गोरोचन)–सब बराबर मात्रा में पीसकर डिबिया में रखें। इसका तिलक लगाने से सब मोहित हों।

श्रीमहाकाली स्तोत्र

यह स्तोत्र बहुत गुह्य एवं आश्चर्यजनक प्रभावयुक्त है। इस स्तोत्र का पाठ करने से भक्तजनों को सर्वविध संकट व घर में दुख–दारिद्य से मुक्ति मिलती है। इस स्तोत्र का पाठ करने से सुख–समृद्धि प्राप्त होती है। भूत–प्रेतजन्य कष्ट उस घर में नहीं रहता जहां इस स्तोत्र का पाठ होता है– *सम्पादक।*

स्तोत्र

ॐ प्राग्देहस्थो यदाहं तव चरणयुगं नाश्रितो नार्चितोऽहम्
तेनाद्धा कीर्तिवर्ज जठरज–दहनैर्बाध्यमानो बलिष्ठैः।
क्षिप्त्वा जन्मान्तरान्नः पुनरिह भविता क्वाश्रयः क्वापि सेवा
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित – वदने कामरूपे कराले।।१।।

बाल्ये बालाभिलापैर्जड़ित–जड़मतिर्बाललीला प्रसक्तो
न त्वां जानामि मातः कलिकलुषहरां भोग–मोक्ष प्रदात्रीम्।
नाचारो नैव पूजा न च यजनकथा न स्मृतिर्नैव सेवा
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित – वदने कामरूपे कराले।। २।।

प्राप्तोऽहं यौवनं चेद् विषधर–सदृशैरिन्द्रियैर्नष्टगात्रो
नष्टप्रज्ञः परस्त्री–परधरहरणे सर्वदा साभिलाषः।
त्वत्पादाम्भोजयुग्मं क्षणमपि मनसा न स्मृतं तत्कदापि
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित–वदने कामरूपे कराले।। ३।।

प्रौढे शिक्षाभिलाषी सुत–दुहितृ–कलत्रार्थमन्नादिचेष्टः
क्व प्राश्ये कुत्र यामीत्यनुदिनमनिशं चिन्तया मग्नदेहः।
नो ते ध्यानं न चास्था न च भजनविधिर्नामसंकीर्तनं वा
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित–वदने कामरूपे कराले।। ४।।

वृद्धत्वे बुद्धिहीनः कृश–विवश–तनुः श्वास–कासातिसारैः
कर्मानर्होऽक्षिहीनः प्रगलितदशनः क्षुत–पिपासाऽभिमग्नः।

पश्चात्तापेन दग्धो मरणमनुदिनं ध्येयमात्रं न चान्यत्
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित–वदने कामरूपे कराले।। ५।।

कृत्वा स्नानं दिनादौ क्वचिदपि सलिलं नाहतं नैव पुष्पम्
नो नैवेद्यादिकं ते क्वचिदपि विहितं नापि भावो न भक्तिः।
न न्यासो वै न चैवं तव गुणकथनं नापि चर्चा कृता ते
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित – वदने कामरूपे कराले।।६।।

जानामि त्वां न चाहं भवभयहरणे सर्वसिद्धिप्रदात्रीम्
नित्यानन्दोदयाढ्यां त्रितयगुणमयीं नित्यशुद्धोदयाढ़्याम्।
मिथ्या कर्माभिलाषैरनुदिनमभितः पीड़ितो दुःखसंघैः
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित –वदने कामरूपे कराले।।७।।

कालाभ्र–श्यामलांगीं विगलितचिकुरां खड्ग–मुण्डाभिरामाम्
त्रास–त्राणेष्टदात्रीं कुणपगणशिरो मालिनीं दीर्घनेत्राम्।
संसारस्यैकसारां भवजननहरां भावितो भावनाभिः
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित –वदने कामरूपे कराले।।८।।

ब्रह्मा–विष्णुस्तथेशः परिणमति सदा त्वत्पदाम्भोजयुग्मम्
भाग्याभावान्न चाहं भव–जननि–भवत्पादयुग्मं भजामि।
नित्यं लोभ–प्रलोभैः कृत–विवशमतिः कामुकस्त्वां प्रयाचे
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित – वदने कामरूपे कराले।।९।।

रागद्वेषैः प्रमत्तः कलुषयुत–तनुः कामना भोग–लुब्धः
कार्याकार्यविचारी कुलमतिरहितः कौलसंघैर्विहीनः।
क्व ध्यानं ते क्व चर्चा क्व च मनुजपनं नैव किञ्चित् कृतं हि
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित–वदने कामरूपे कराले।।१०।।

रोगी दुःखी दरिद्रः परवश–कृपणः पांशुलः पापचेता
निद्रालस्य– प्रसक्तः सुजठरभरणे व्याकुलः कल्पितात्मा।
किं ते पूजा–विधानं त्वयि क्व च नु मतिः क्वानुरागः क्व चास्था

मिथ्या व्यामोहरागैः परिवृत- मनसः क्लेशसंघान्वितस्य
क्षुन्निद्रौघान्वितस्य स्मरसुविहरिणः पापकर्मप्रवृत्तः।
दारिद्र्यस्य क्व धर्मः क्व च जननरुचिः क्व स्थितिः साधुसंघैः
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित-वदने कामरूपे कराले।।१२।।

मातस्तातस्य देहाज्जननि-जठरगः संस्थितस्त्वद्वशेऽहम्
त्वं हर्त्री कारयित्री करणगुणमयी कर्महेतु- स्वरूपा।
त्वं बुद्धिश्चित्तसंस्थाप्यहमति भवती सर्वमेतत् क्षमस्व
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित-वदने कामरूपे कराले।। १३।।

त्वं भूमिस्त्वं जलं च त्वमसि हुतवहस्त्वं जगद्वायुरूपा
त्वं चाकाशं मनश्च प्रकृतिरसि महत्-पूर्विका-पूर्वपूर्वा।
आत्मा त्वं चासि मातः परमसि भवती त्वत्परं नैव किञ्चित्
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित -वदने कामरूपे कराले।। १४।।

त्वं काली त्वं च तारा त्वमसि गिरिसुता सुन्दरी भैरवी त्वम्
त्वं दुर्गा छिन्नमस्ता त्वमसि च भुवना त्वं हि लक्ष्मीः शिवा त्वम्।
धूमा मातङ्गिनी त्वं त्वमसि च बगला मंगलादि स्तवाख्या
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटित- वदने कामरूपे कराले।। १३।।

स्तोत्रमहिमा-

स्तोत्रेणानेन देवीं परिणमति जनो यः सदा भक्तियुक्तो
दुष्कृत्या दुर्गसंघं परितरति शतं विघ्नतानाशेमेति।
नाधि-व्याधी कदाचिद् भवति यदि पुनः सर्वदा सापराधः
सर्वं तत्कामरूपे त्रिभुवनजननि क्षम्यतां पुत्रबुद्ध्या।। १६।।

ज्ञाता वक्ता कवीशो भवति धनपतिर्दानशीलो दयात्मा
निष्पापी निष्कलंकी कुलपतिकुशलः सत्यवाग् धार्मिकश्च।
नित्यानन्दो दयाढ्यः पशुगण-विमुखः सत्पथाचारशीलः
संसाराब्धिं सुखेन प्रतरति गिरिजा-पादयुग्मावलम्बात्।। १७।।

।।श्रीकालिका स्तोत्रं सम्पूर्णम्।।

यात्रासिद्धि के लिए तान्त्रिक प्रयोग

आज की भागदौड़ की ज़िन्दगी में यात्रा में अनेक प्रकार के कष्ट होते हैं। जब तक सकुशल घर लौटकर वापिस न आ जाएं तब तक घर में चिन्ता बनी रहती है। नीचे लिखे मन्त्र को पढ़ने मात्र से यात्रा मंगलमय होती है।

मन्त्रः-" ॐ गच्छ गौतम शीघ्रं त्वं ग्रामेषु नगरेषु च।
आसनं भोजनं शय्यां कल्पयस्व ममाग्रतः।।"

विधिः- यात्रा में जब नगर/ग्राम से चलने लगें, तब सात बार यह मन्त्र पढ़ें और कहें कि **" गौतम ऋषि का न्योता है।"**

फिर घास-दूब (दूर्वा) को जेब में रखकर नगर में अथवा ग्राम में प्रवेश करे तो सर्वसुख उपलब्ध हों एवं मार्ग में बाधा न आए।

समाज में प्रतिष्ठा बढ़े।

मयूरशिखा (मोरपंख का चन्दोवा) यदि रवि-पुष्यामृत योग के समय उपलब्ध हो जाए तो शुद्धिपूर्वक अपने पास रखें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

दुकान में बिक्री बढ़ाने के लिए अनुभूत प्रयोग

अनेक बार ऐसा होता है कि भली प्रकर से चलती दुकान में रुकावट आ जाती है। दुकान पर ग्राहकों की भीड़ को देखकर किसी की कुदृष्टि लग जाने से होती हुई बिक्री मन्द पड़ जाती है। इसका प्रभाव दूर करने के लिए इस मन्त्र का प्रयोग हम पहले भी पंचांगों में दे चुके हैं, लेकिन जनता के अनुरोध पर पुनः लिख रहे हैं।

मन्त्र-"भंवर वीर तू चेला मेरा, खोल दुकान कहाकर मेरा।
उठै जो डंडी बिकै जो माल, भंवरवीर सोखे नहीं जाए।।"

विधि- इस मन्त्र को दिवाली की रात को पढ़कर सिद्ध कर लें। फिर आवश्यकता पड़ने पर रविवार के दिन काले उड़द लेकर 21 बार इन उड़दों पर इस मन्त्र को पढ़कर अभिमन्त्रित कर लें एवम् दुकान में इधर-उधर उक्त मन्त्र पढ़ते हुए डाल दें। दूसरे दिन इन्हें बुहार कर काले कपड़े में एकत्र करके काले धागे से उस कपड़े का मुख बांधकर किसी चौराहे पर डाल दें। यह प्रक्रिया स्वयं करें, किसी से मत कराएं। आगामी तीन-चार रविवारों में ही बिक्री आश्चर्यजनक रूप से बढ़ेगी।

*****

श्लोकशतक

(लघुपाराशरी का सरलीकृत सुन्दर, श्लोकबद्ध विवेचन)

अनुवादक– संयमी शर्मा, M.A., ज्योतिषाचार्य,

फलित ग्रन्थों में लघुपाराशरी गूढ़ार्थक एवम् गम्भीर चिन्तनगम्य ग्रन्थ है, जिसके लेखक अज्ञात हैं। इसी ग्रन्थ को सुबोध बनाने का प्रयास अनेक विद्वानों ने किया है, जोकि विभिन्न भाष्य–टीकाओं के रूप में उपलब्ध है। लेकिन लघुपाराशरी के इन 42 श्लोकों को सुबोध श्लोकबद्ध शैली में प्रस्तुत करने का श्रेय **पं. श्री मिठ्ठनलाल जी शुक्ल** को जाता है। उन्होंने 110 वर्ष पूर्व **'श्लोकशतक'** लिखकर लघुपाराशरी के गूढ़ रहस्यों का सरलीकरण करके दैवज्ञों पर भारी उपकार किया है। यह ग्रन्थ जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हमें प्राप्त हुआ है। इस महत्त्वपूर्ण फलित पुस्तिका को सुरक्षित रखते हुए बालबोध शैली में हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत करने का प्रयास क्रमशः किया जा रहा है। **अब मारकाध्याय के शेष श्लोकों का हिन्दी–अनुवाद इसवर्ष प्रस्तुत है। – सम्पादक**

अथ मारकाध्यायः (शेषभाग)

(17) **''केन्द्रत्रिकोणगो राहुरसम्बंधी सतोऽसतः।**
सदा चान्तर्दशा तस्य राज्यकीर्तिप्रदा नृणाम्।।''

अर्थ– केन्द्र (लग्न–चतुर्थ–सप्तम–दशम–भाव) एवम् त्रिकोण (पंचम–नवम) में स्थित राहु यदि शुभ या पापी ग्रह से सम्बन्ध न भी करें तो वह अपनी अन्तर्दशा में जातक को राज्य–कीर्ति देने वाला होता है।

(18) **''सर्वे ग्रहाः स्वकीयासु दशास्वन्तर्दशासु च।**
स्वं फलं नैव यच्छंति स्वसम्बन्धिफलप्रदाः ।।''

अर्थ– सभी शुभग्रह किंवा पापग्रह अपनी–अपनी दशा और अन्तर्दशा में स्वतन्त्ररूप से अपने फल को देने वाले नहीं होते, अपितु जिस ग्रह से वे सम्बन्ध बना रहे होते हैं, उससे सम्बन्धित फल को देने वाले होते हैं।

(19) **''असम्बंधे तु ते सर्वे स्थानानुगुणिनः सदा।**
फलमेतन्मनुष्याणां पशूनां स्वदशाफलम्।।''

अर्थ– सभी शुभग्रह और पापग्रह अपनी दशा और अन्तर्दशा में फल करते हुए जिस ग्रह से सम्बन्ध बनाते हैं वैसा ही फल करते हैं। यदि यह ग्रह किसी भी प्रकार से किसी ग्रह से सम्बन्ध न करते हों तो यह सभी ग्रह हमेशा अपने स्थान (भाव) के अनुसार फल देते हैं।

(20) **''दशानाथस्य सम्बंधी यः कश्चिन्न खगो भवेत्।**
तदीयान्तर्दशामध्ये स्वं फलं यच्छतीह सः।।''

अर्थ– दशेश के साथ कोई भी ग्रह सम्बन्ध न करे तो वह ग्रह अपनी ही अन्तर्दशा में अपना फल देता है।

(21) **''यादृशस्स्याद्दशानाथस्तादृशो यो हि खेचरः।**
दशेशस्य सधर्मी सः शुभो वा मलिनोऽथवा।।''

(22) **''स्वीयायां तद्दशायां वा दशानाथः सधर्मिणः।**
फलं यच्छंति निःशेषं निश्चितं कविसम्मतम्।।''

अर्थ– दशेश (पापी हो या शुभ हो) जैसा भी हो, वैसा ही ग्रह दूसरा दशेश का सधर्मी (शुभाशुभ) हो तो दशेश एवं सधर्मी ग्रह की अन्तर्दशा में निश्चय ही सम्पूर्ण फल देता है।

(23) **''दशानाथो यदा पापः शुभोप्यन्तर्दशापतिः।**
व्यत्ययेऽपि विरुद्धः स्यात्तयोरन्तर्दशाफलम्।।''

अर्थ– जब दशेश पापीग्रह हो और अन्तर्दशा का स्वामी शुभग्रह हो

अथवा दशेश शुभग्रह हो या अन्तर्दशेश पापी ग्रह हो तो इन दोनों स्थितियों में अन्तर्दशा का फल अशुभ (विपरीत) ही होगा।

(24) ''केन्द्रनाथः स्वसम्बंधिकोणेशान्तर्दशासु वै।
शुभं दत्ते विलोमेऽप्यन्यतः सम्बंधतोऽशुभम्।।''

अर्थ— केन्द्रेश की दशा में एवम् उससे सम्बन्ध करने वाले त्रिकोणेश की अन्तर्दशा मे शुभफल ही प्राप्त होता है। इससे विपरीत स्थिति में अर्थात् त्रिकोणेश की दशा में एवं त्रिकोणेश से सम्बन्ध बनाने वाले केन्द्रेश की अन्तर्दशा में भी शुभ फल ही प्राप्त होता है। परन्तु केन्द्रेश और त्रिकोणेश के अतिरिक्त ग्रहों से सम्बन्ध हो तो अशुभ फल ही प्राप्त होता है।

(25) ''शुभग्रहस्य सम्बंधी योगकर्ता हि यो ग्रहः।
अस्याप्यन्यन्तर्दशामध्ये राज्यसौख्यं भवेद्ध्रुवम्।।''

अर्थ— राजयोग करने वाले ग्रह पहले कहे हुए (केन्द्रेश–त्रिकोणेश) से सम्बन्ध करते हों तो सम्बन्धी–ग्रह की अन्तर्दशा में निश्चय ही राजयोग को प्रदान करने वाले होते हैं।

(26) ''अत्यन्ताशुभदः पापः पापमध्ये यदा भवेत्।
सम्बन्धी तु शुभो मिश्रोऽसम्बधी त्वशुभप्रदः।।''

अर्थ— पापीग्रह की दशा में पापीग्रह की ही अन्तर्दशा हो तो बहुत ही अशुभफल होता है और पापीग्रह की दशा में शुभग्रह की अन्तर्दशा हो तो मिश्रफल होता है और किसी भी शुभाशुभ ग्रह से सम्बन्ध न करता हो तो अशुभ फल ही करता है।

(27) ''मारकस्य दशायान्तु शुभसम्बंधिनो भवेत्।
अन्तर्दशा तदा नैव मृत्युः पाराशरं मतम्।।''

अर्थ— मारकग्रह की दशा में (मारकेश की दशा में) शुभग्रह की अन्तर्दशा हो तो उसमें पाराशर ऋषि के अनुसार मृत्यु नहीं होगी।

(28) ''असम्बन्धिखलस्येहान्तर्दशा मरणप्रदा।
सम्बंधिनः पुनः किं स्यादिति निश्चयमीरितम्।।''

अर्थ—मारकग्रह की दशा में मारकग्रह के साथ सम्बन्ध न करने वाले पापग्रह की अन्तर्दशा में मृत्युयोग बनता है। यदि मारकग्रह के साथ सम्बन्ध करने वाले पापग्रह की अन्तर्दशा हो तो निश्चय ही मृत्युयोग कहना चाहिए।

(29) ''शुक्रमध्यगतो मंदः शौक्रं शुक्रोपि मन्दगः।
मांदः शुभाशुभं दत्ते विशेषेण न संशयः।।''

अर्थ—शुक्र की महादशा में शनि के अन्तर में शुक्र के फल की प्रधानता रहती है और शनि की महादशा में शुक्र के अन्तर में शनि का ही शुभाशुभ फल प्राप्त होता है।

(30) ''इत्थं तातादिभावानां लग्नं तत्तत्प्रकल्प्य वै।
सर्व फलं वदेद्धीमान् मारकादि सुखादि च।।''

अर्थ—इसप्रकार पिता, माता, भ्राता, पुत्र, स्त्री आदि के भावों को भी लग्न मान कर उनके मारक और सुखादि का फल बुद्धिमान् कहें।

(31) ''कामाधिपति सम्बन्धि भुक्तौ परिणयं वदेत्।
शुक्रेन्दुलग्नतः कामनाथस्य च दशासु वा।।''

अर्थ—सप्तमभाव के स्वामी से सम्बन्ध करने वाले ग्रह की अन्तर्दशा में विवाह होता है, अथवा शुक्र, चन्द्र और लग्न, इनसे सप्तम भाव के स्वामी की दशा में भी विवाह योग बनता है।

(32) ''कोणनाथस्य सम्बन्धिदशास्वन्तर्दशासु च।
पुत्रादीनां वदेज्जन्म धीमान् मत्यनुसारतः।।''

अर्थ— त्रिकोण के स्वामी से सम्बंध करने वाले ग्रह की दशा या अन्तर्दशा में बुद्धिमान् ज्योतिषी बुद्धि से पुत्र या कन्या का जन्म कहें।

****

प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्मसमय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवम् मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल, मलिन थे। ४। ११। १६। ४४। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे; इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप कराना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष— माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आई, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व में सूतिका-स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया। १। २८। ३३। ४४। ६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन— माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, सिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया, दूध कम उतरे। ४। १०। १४। ३८। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवाएं। यदि इन वर्षों से बचे, तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव से पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसुन आदि का चिह्न, देर से रोया। ५। २५। ४०। ५८। ६२— इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश के समय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है।

सिंह— माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्मसमय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान। ५। १३। २८। ३६। ४८— इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और ब्राह्मणों को मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्ठान्न बासी चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्मसमय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया, घर के नैर्ऋत्यकोण में सूतिका-स्थान। ४। १६। २३। ३६। ५५— ये वर्ष कष्टकारक हैं। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला— माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी। जन्मसमय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्मसमय कुछ ठहरकर अर्धशब्द करके रोया, घर के पश्चिमभाग में सूतिकास्थान। ८। १५। ३१। ३५। ६२। ६४— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रहों का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त या दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक, अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ३, पीछे से भी २ आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घ केश, घर के पश्चिमभाग में प्रसवस्थान। ११। २८। ३८। ५२। ६२— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्मसमय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान। २। १०। १८। ३१। ३८। ४२। ६७— इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मणभोजन श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर— माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला व जीर्ण कमजोर वस्त्र; गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्मसमय स्त्रियां २, पीछे से एक आई। दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तरभाग में पुराना सूतिकास्थान। ५। १३। २७। ३६। ५७। ६३। ८७— इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के शुरु में शिवार्चन, मृतसंजीवनी आदि का जाप रखे।

कुम्भ—माता का सिर पश्चिम को; जीर्ण, धुम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर-शीत शाकादि का भोजन, कष्ट अधिक, जन्मसमय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं, उन में एक स्त्री गर्भिणी भी हो, दीपक स्वास्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्धशब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तरभाग में सूतिका-गृह। २। २८। ३३। ४८। ६४— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जयजप हितकारक है। इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन— माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान। १। ८। १३। ३६। ४८— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति-हवन, मृतसञ्जीवनीमन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। **स्मरण रहे**—अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें – वही बालक का जन्मलग्न जानना चाहिए, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

पितृपरोक्ष जन्मज्ञान— (१) जन्मलग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनि चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो– इन चारों योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना चाहिए।

जन्मकुण्डली में दिशाज्ञान— प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय-तृतीय ईशान, चतुर्थ उत्तर, पञ्चम-षष्ठ वायव्य, सप्तम पश्चिम, अष्टम-नवम नैर्ऋत्य, दशम दक्षिण, एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना चाहिए।

रोया, घर के पश्चिमभाग में सूतिकास्थान। ८ ...
कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रहों का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि

जन्मकुण्डली में दिशाज्ञान– प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय–तृतीय ईशान, चतुर्थ ... अष्टम–नवम नैर्ऋत्य, दशम दक्षिण, एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना चाहिए।

प्रसूतिस्थान से पाकशालादि का विचार

जन्मकुण्डली में सूर्य, मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना चाहिए। इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ मैला स्थान जानना चाहिए। दोहा– लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्न दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार।। केन्द्र (१। ४। ७। १०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें, जो बली (स्वराशि, मित्रोच्च, व मूलत्रिकोण राशि का) केन्द्रस्थान में स्वमित्र, शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो, उसकी दिशा में अथवा लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है।

ग्रहों की दिशा–सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनि की पश्चिम और राहु, केतु की नैर्ऋत्य।

चन्द्रात्तैलज्ञानम्– चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज़्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तैल कहें। यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तैल कहना।

सो०– **तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशुजन्म तब आई, तब कही दीपकतैल नहीं। सित–शनि दशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशुजन्म में तब वाम, दीपकतैल सौं युक्त कहि।**

लग्नादीपवर्तिज्ञानम्– जन्मलग्न के कम अंश हों तो बडी बत्ती कहें, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैःस्युरुपसूतिकाः– यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्रपर्यन्त जितने ग्रह हों, उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों तो उसकी गणना करें, अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें, अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्न–चन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करें और स्वराशि, स्वनवमांश, स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करें, इसी प्रकार जितने ग्रह नीच राशि के, अस्त होवें, उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान रखने योग्य है, कि– वह लग्न, चन्द्रांतर्गत ग्रह लग्न के भोगांश से सप्तमभावपर्यन्त होवे तो सूतिकागृह से बाहर समीप में, और सप्तमभाव से लग्न के भुक्तांशपर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना चाहिए। उन ग्रहों में जो शुभ ग्रह वहां हों तो, धर्मशील, सौभाग्यवती स्त्रियां कहें, अशुभ ग्रहों से विधवा, दुश्चरित्रा कहें।

शय्या–शिर व पादविचार

अप्रै. ३०	सू. उ.	मई १	१ ५३	(जुला. २०	सू. उ.	जुला. २०	१० २४)चं.	(अक्तू. ६	सू. उ.	अक्तू. ६	११ १२)मं.	(दिसं. २५	१३ ४७	दिसं. २६	सू. उ.)शु.
(मई १	१ ५३	मई १	सू.उ.)गु.	जुला. २४	२० ५०	जुला. २५	सू. उ.	अक्तू. ७	१० ५२	अक्तू. ८	सू. उ.	दिसं. २७	सू. उ.	दिसं. २७	१५ १२
मई ६	सू. उ.	मई ६	२२ ५१	जुला. २६	सू. उ.	जुला. २६	१७ ५०	अक्तू. १२	६ ००	अक्तू. १३	४ ३७	दिसं. २९	सू. उ.	दिसं. २९	१३ २९
मई १५	१५ ३८	मई १६	सू. उ.	(जुला. २६	१७ ५०	जुला. २७	सू. उ.)र.	अक्तू. १३	सू. उ.	अक्तू. १४	३ ०८	दिसं. ३०	सू. उ.	दिसं. ३१	सू. उ.
मई १६	सू. उ.	मई १६	१८ ३४	जुला. ३०	२० २९	जुला. ३१	सू. उ.	(अक्तू. २१	सू. उ.	अक्तू. २१	२२ २९)बु.	सन् २०१० ई.			
मई २०	० ०४	मई २०	सू. उ.	अग. २	सू. उ.	अग. ३	४ ३१	अक्तू. २५	सू. उ.	अक्तू. २६	सू. उ.	जन. १	सू. उ.	जन. २	३ ५६
मई २१	सू. उ.	मई २२	सू. उ.	अग. ९	२० ४४	अग. १०	सू. उ.	अक्तू. २६	८ ४६	अक्तू. २७	सू. उ.	जन. ६	१७ २१	जन. ७	सू. उ.
मई २२	सू. उ.	मई २२	२२ ३५	(अग. ११	२३ १५	अग. १२	सू. उ.)मं.	नवं. १	१९ ३१	नवं. २	सू. उ.	जन. ९	सू. उ.	जन. ९	१७ २१
मई २५	सू. उ.	मई २५	१६ ०४	(अग. १५	सू. उ.	अग. १५	२१ ३४)श.	नवं. ३	१८ २१	नवं. ४	सू. उ.	जन. ११	सू. उ.	जन. ११	२० १८
(मई २५	१६ ०४	मई २६	सू.उ.)चं.	अग. २१	७ २१	अग. २२	५ ०९	नवं. ४	सू. उ.	नवं. ५	सू. उ.	जन. १६	६ ५४	जन. १६	सू. उ.
मई २८	सू. उ.	मई २८	८ ५०	(अग. २३	सू. उ.	अग. २४	२ २०)र.	नवं. ८	११ २१	नवं. ९	सू. उ.	जन. १९	सू. उ.	जन. १७	सू. उ.
(मई २८	८ ५०	मई २९	सू.उ.)गु.	(अग. २७	३ ३७	अग. २७	४ ३६)बु.	नवं. ९	सू. उ.	नवं. ९	९ ५९				

सर्वार्थसिद्धि योग
(भा. स्टै. टा.)

प्रारम्भ		समाप्त	
२०१० ई.	घं. मि.	२०१० ई.	घं. मि.
जन. २१	२१ ०५	जन. २२	सू. उ.
(जन. २२	सू. उ.	जन. २२	२२ ४८)शु.
जन. २२	२२ ४८	जन. २३	सू. उ.
जन. २५	२३ ४०	जन. २६	सू. उ.
जन. २७	सू. उ.	जन. २७	२० ३७
जन. २८	१८ १४	जन. २६	सू. उ.
जन. २९	सू. उ.	जन. २९	१५ २७
फर. ३	सू. उ.	फर. ४	० २१
फर. १२	१३ ०३	फर. १३	सू. उ.
फर. १३	सू. उ.	फर. १३	१६ ११
फर. १७	० ४३	फर. १७	सू. उ.
फर. १८	सू. उ.	फर. १९	सू. उ.
फर. १९	सू. उ.	फर. २०	६ २१
फर. २२	७ ३०	फर. २३	सू. उ.
फर. २५	सू. उ.	फर. २६	२ २०
(फर. २६	२ २०	फर. २६	सू. उ.)गु.
मार्च २	सू. उ.	मार्च ३	१० २१
मार्च १२	सू. उ.	मार्च १२	२२ ३२

रवियोग (सन् २००९ ई.)

प्रारम्भ		समाप्त	
मार्च २९	४ १६	मार्च ३०	३ १०
मार्च ३१	१ ५२	मार्च ३१	११ २२
अप्रै. १	० ३०	अप्रै. १	२३ ०७
अप्रै. ३	२० २८	अप्रै. ५	१८ ०९
अप्रै. ७	१६ २६	अप्रै. ८	१५ ५६
अप्रै. १६	१ ४६	अप्रै. १७	४ ५२
अप्रै. २७	६ ०८	अप्रै. २७	१६ ३३

रवि योग (सं. २०६६ वि.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ		समाप्त		प्रारम्भ		समाप्त	
२००९ ई.	घं. मि.	२००९ ई.	घं. मि.	२००९ ई.	घं. मि.	२००९ ई.	घं. मि.
अप्रै. २८	७ ०९	अप्रै. २९	५ १३	सितं. २१	११ ३२	सितं. २२	११ २८
अप्रै. ३०	३ २७	मई १	१ ५३	सितं. २३	१२ १०	सितं. २४	१३ ३९
मई २	२३ ३८	मई ४	२२ ३६	सितं. २६	१८ ३३	सितं. २७	४ ४३
मई ६	२२ ५१	मई ७	२३ ३१	सितं. २७	२१ ३७	सितं. ३०	३ ४०
मई १५	१५ ३८	मई १६	१८ ३४	अक्तू. २	८ १८	अक्तू. ३	९ ४८
मई २७	११ ०४	मई २८	८ ५०	अक्तू. ९	९ २६	अक्तू. १०	८ २६
मई २९	६ ५७	मई ३०	५ २६	अक्तू. १०	१७ ४९	अक्तू. ११	७ १७
जून १	४ ००	जून ३	४ ३१	अक्तू. २०	२१ २०	अक्तू. २१	२२ २९
जून ५	६ ५२	जून ६	८ ४०	अक्तू. २३	० १९	अक्तू. २४	२ ४५
जून १४	४ २१	जून १५	६ ३९	अक्तू. २४	४ १५	अक्तू. २५	५ ३९
जून २५	१५ २९	जून २६	१३ १८	अक्तू. २७	११ ४९	अक्तू. २९	१६ ४९
जून २७	११ ३६	जून २८	१० २९	अक्तू. ३१	१९ १८	नवं. १	१९ ३१
जून ३०	१० १३	जुला. २	१२ २९	नवं. ८	११ २१	नवं. ९	९ ५९
जुला. ४	१६ ४८	जुला. ५	१९ ३०	नवं. १९	८ ४५	नवं. १९	१८ २९
जुला. ६	३ २४	जुला. ६	२२ २७	नवं. २०	११ ०१	नवं. २१	१३ ४५
जुला. १३	१५ ०१	जुला. १४	१६ २४	नवं. २२	१६ ४९	नवं. २३	१९ ५८
जुला. २४	२० ५०	जुला. २५	१९ ०१	नवं. २६	१ ३४	नवं. २८	४ ४९
जुला. २६	१७ ५०	जुला. २७	१७ २१	नवं. ३०	५ ०१	दिसं. १	४ ०५
जुला. २९	१८ ४२	जुला. ३१	२२ ४५	दिसं. ७	१४ २८	दिसं. ८	१३ ०३
अग. ४	७ ३८	अग. ५	१० ४४	दिसं. २०	० १६	दिसं. २१	३ २५
अग. ११	२३ १५	अग. १२	२३ ४१	दिसं. २२	६ ३३	दिसं. २३	९ २८
अग. २३	३ २६	अग. २४	२ २०	दिसं. २५	१३ ४७	दिसं. २७	१५ १२
अग. २५	१ ५८	अग. २६	२ २३	दिसं. ३०	११ ३९	दिसं. ३१	९ २०
अग. २८	५ ३५	अग. ३०	११ ०५				
अग. ३०	१९ २२	अग. ३१	१४ १३				
सितं. २	२० १३	सितं. ३	२२ ४७				
सितं. १०	[illegible]	सितं. ११	[illegible]				

सन् २०१० ई.

प्रारम्भ		समाप्त	
जन. ५	१८ ३६	जन. ६	१७ २१
जन. १८	१३ [illegible]	जन. १९	१५ ०७
जन. २०	[illegible]	जन. २१	२१ ०५

प्रारम्भ		समाप्त	
२०१० ई.	घं. मि.	२०१० ई.	घं. मि.
जन. २३	२३ ५०	जन. २४	८ २२
जन. २५	० ०८	जन. २६	२२ २८
जन. २८	१८ १४	जन. २९	१५ २७
फर. ४	० २१	फर. ४	२३ ३६
फर. १७	० ४३	फर. १८	३ ०१
फर. १९	४ ५५	फर. १९	१६ ०२
फर. २०	६ २१	फर. २१	७ १३
फर. २३	७ ०८	फर. २५	४ २९
फर. २६	२३ ४५	फर. २७	२० ५४
मार्च ६	८ ११	मार्च ७	९ ०८

सिद्धियोग (सन् २००९ ई.)

प्रारम्भ		समाप्त	
अप्रै. २	२१ ४६	अप्रै. ३	सू. उ.
अप्रै. ११	सू. उ.	अप्रै. ११	१६ ५५
अप्रै. ३०	सू. उ.	मई १	१ ५३
मई २०	० ०४	मई २०	सू. उ.
मई २८	सू. उ.	मई २८	८ ५०
जून १६	८ १८	जून १७	सू. उ.
जुला. ५	१९ ३०	जुला. ६	सू. उ.
जुला. १४	सू. उ.	जुला. १४	१६ २४
जुला. २४	२० ५०	जुला. २५	सू. उ.
अग. २	सू. उ.	अग. ३	४ ३१
अग. २१	७ २१	अग. २२	५ ०९
अग. ३०	सू. उ.	अग. ३०	११ ०५
सितं. १०	५ ११	सितं. १०	सू. उ.
सितं. १८	सू. उ.	सितं. १८	१५ २४
सितं. २९	० ४४	सितं. २९	सू. उ.
अक्तू. ७	१० ५२	अक्तू. ८	सू. उ.

सिद्धियोग (सन् २००९ ई.)

प्रारम्भ २००९ ई.	घं. मि.	समाप्त २००९ ई.	घं. मि.
अक्तू. २६	८ ४६	अक्तू. २७	सू. उ.
नवं. ४	सू. उ.	नवं. ४	१७ १२
नवं. १५	५ ०५	नवं. १५	सू. उ.
नवं. २३	सू. उ.	नवं. २३	१६ ५८
दिसं. १२	११ १४	दिसं. १३	सू. उ.
सन् २०१० ई.			
जन. १	६ ४२	जन. १	सू. उ.
जन. ९	सू. उ.	जन. ९	१७ २१
जन. २८	१८ १४	जन. २९	सू. उ.
फर. १७	० ४३	फर. १७	सू. उ.
फर. २५	सू. उ.	फर. २६	२ २०

द्विपुष्कर योग (सन् २००९ ई.)

प्रारम्भ	घं. मि.	समाप्त	घं. मि.
मई १६	१८ ३४	मई १६	२३ ५७
मई २६	सू. उ.	मई २६	११ ०२
जुला. १९	१२ ५२	जुला. १९	१८ ५१
जुला. २८	सू. उ.	जुला. २८	१५ २७
सितं. २०	१२ १८	सितं. २०	१९ ५७
अक्तू. १०	सू. उ.	अक्तू. १०	८ २६
नवं. २४	सू. उ.	नवं. २४	१३ ५६
सन् २०१० ई.			
जन. १७	१० ०२	जन. १७	१८ ०४
जन. २७	० ४९	जन. २७	सू. उ.

त्रिपुष्कर योग (सन् २००९ ई.)

प्रारम्भ २००९ ई.	घं. मि.	समाप्त २००९ ई.	घं. मि.
अप्रै. ११	१६ ५५	अप्रै. ११	२० २६
अप्रै. २१	१४ ०७	अप्रै. २२	सू. उ.
अप्रै. २६	११ ०२	अप्रै. २७	३ ५२
मई ५	९ ३७	मई ५	२२ ३३
जून २०	७ ०४	जून २०	११ ०१
जून २३	२१ २२	जून २४	सू. उ.
जून २८	१० २९	जून २९	५ २४
अग. २२	सू. उ.	अग. २२	९ २१
अग. २६	३ ५९	अग. २६	सू. उ.
सितं. १	सू. उ.	सितं. १	१५ ३१
सितं. ५	२२ ४२	सितं. ६	२ ३८
अक्तू. २०	सू. उ.	अक्तू. २०	९ २७
अक्तू. २५	५ ३९	अक्तू. २५	सू. उ.
नवं. ३	२३ ०८	नवं. ४	सू. उ.
दिसं. १३	११ ५०	दिसं. १३	१४ ३६
दिसं. २९	सू. उ.	दिसं. २९	९ २२
सन् २०१० ई.			
जन. ६	६ २०	जन. ६	सू. उ.
फर. १६	सू. उ.	फर. १६	१३ ०९
फर. २१	७ १३	फर. २१	१८ २६
मार्च २	सू. उ.	मार्च २	१५ १४

अमृतसिद्धियोग (सन् २००९ ई.)

प्रारम्भ	घं. मि.	समाप्त	घं. मि.
(मार्च २७	सू. उ.	मार्च २८	५ ११)शु.
(अप्रै. २४	सू. उ.	अप्रै. २४	१३ ५८)शु.

अमृतसिद्धियोग (सन् २००९ ई.)

प्रारम्भ २००९ ई.	घं. मि.	समाप्त २००९ ई.	घं. मि.
(मई १	१ ५३	मई १	सू. उ.)गु.
(मई २५	१६ ०४	मई २६	सू. उ.)चं.
(मई २८	८ ५०	मई २९	सू. उ.)गु.
(जून २१	५ ०१	जून २१	सू. उ.)श.
(जून २२	सू. उ.	जून २२	२३ ४५)चं.
(जून २५	सू. उ.	जून २५	१५ २९)गु.
(जुला. १८	२१ ४९	जुला. १९	सू. उ.)श.
(जुला. २०	सू. उ.	जुला. २०	१० २४)चं.
(जुला. २६	१७ ५०	जुला. २७	सू. उ.)र.
(अग. ११	२३ १५	अग. १२	सू. उ.)मं.
(अग. १५	सू. उ.	अग. १५	२१ ३४)श.
(अग. २३	सू. उ.	अग. २४	२ २०)र.
(अग. २७	३ ३७	अग. २७	४ ३६)बु.
(सितं. ८	सू. उ.	सितं. ९	५ १०)मं.
(सितं. २०	सू. उ.	सितं. २०	१२ १८)र.
(सितं. २३	१२ १०	सितं. २४	सू. उ.)बु.
(अक्तू. ६	सू. उ.	अक्तू. ६	११ १२)मं.
(अक्तू. २१	सू. उ.	अक्तू. २१	२२ २९)बु.
(नवं. १८	सू. उ.	नवं. १८	७ ०२)बु.
(नवं. २८	४ ४९	नवं. २८	सू. उ.)शु.
(दिसं. २५	१३ ४७	दिसं. २६	सू. उ.)शु.
सन् २०१० ई.			
(जन. २२	सू. उ.	जन. २२	२२ ४८)शु.
(फर. २६	२ २०	फर. २६	सू. उ.)गु.

श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग

के

जिज्ञासु पाठकों

के लिए

फलित एवं सिद्धान्त ज्योतिष तथा मुहूर्त्तादि विषयों से सम्बद्ध

शोधपूर्ण पाठ्य सामग्री

लेखक – प्रियव्रत शर्मा

(अस्वास्थ्य के कारण विगतवर्षों से चली आ रही विशेषांकपरम्परा को मैंने फिलहाल स्थगित कर दिया है। एतदर्थ पाठकों से मैं क्षमाप्रार्थी हूँ। हाँ, मेरे अप्रकाशित लेखसंग्रह में पड़े लेखों में से कुछ लेख प्रतिवर्ष यहां अवश्य प्रकाशित किए जाएंगे। पाठक देखेंगे– ये लेख भी विशेषांक–सामग्री से किसी भी दृष्टि से कम रुचिकर एवं ज्ञानवर्धक नहीं हैं– प्रियव्रत शर्मा।)

अगले वर्ष(सं. 2067 वि. में) दिए जाने वाले ज्ञानवर्धक एवम् शोधपूर्ण कुछ विशिष्ट लेख

(i) शनि की '**साढ़ेसाती व ढैय्या**' का पूरा काल अशुभ नहीं होता।
(ii) नाड़ीदोष के निर्णायक तीन परस्पर विरोधी मत।
(iii) मृत्यु आदि पंचबाणों के निर्णायक परस्पर विरोधी चार मत।
(iv) गण्डमूल नक्षत्रों का दोषपूर्णकाल कौन–सा व कितना माना जाए ?
(v) गोधूलि लग्न का वास्तविक काल एवं प्रयोगस्थल क्या है ?

एवम्

इसके अतिरिक्त ज्ञानवर्धक और भी अनेक लेख।

******

पाठकों से विनम्र निवेदन

'**आयुसाधन विशेषांक**' देने के लिए मुझे पाठकों के बहुत पत्र मिल रहे हैं। अस्वास्थ्यवश मैं अभी उनकी यह मांग पूरी नहीं कर पा रहा हूँ, इसका मुझे सचमुच खेद है। फलितज्योतिष के ऐसे उलझे विषयों को सुस्पष्ट कर पाठकों के समक्ष रखने में मुझे वस्तुतः आत्मिक आनन्द मिलता है, अतः अपेक्षित स्वास्थ्यलाभ होते ही मैं उनकी एतद्विषयक उग्र जिज्ञासा को अवश्य शान्त करूंगा– वे विश्वास करें।

–प्रियव्रत शर्मा

समस्याएं और समाधान

लेखक :– प्रियव्रत शर्मा, 59/6 (अभिजित्), पंचकूला–134 109

फलित एवं गणित (सिद्धांत) ज्योतिष से सम्बद्ध अपनी समस्याएं मुझे भेजिए। आवश्यक समझने पर डाक से उत्तर देने का भी मेरा पूरा प्रयास रहता है। लेकिन इसके लिए कृपया जवाबी पत्र न डालिए। यदि मुझे आपकी समस्या का उत्तर पत्र द्वारा देना होगा, मैं अपने व्यय पर ही दे दूंगा। मुझे प्रतिदिन अनेक पाठकों की समस्याएं पत्रों द्वारा प्राप्त होती हैं। सीमित समय आदि के कारण मैं प्रत्येक पाठक को पत्रद्वारा समस्याओं का समाधान भेजने के लिए किसी भी तरह बाधित नहीं होना चाहता ।

ध्यान दें– **मैं ज्योतिष का व्यवसाय नहीं करता हूँ। अतः अपनी ज्योतिषसम्बन्धी व्यक्तिगत समस्याओं के लिए मुझे कृपया पत्र न लिखें, और न ही इसके लिए मुझे कोई फीस वगैरह भेजिए। इस सम्बन्ध में मैं किसी से मिलता भी नहीं हूँ। कृपया कर्मकाण्डसम्बन्धी समस्याएं मुझे मत भेजिए। यह मेरा विषय नहीं है।**

–प्रियव्रत शर्मा

यहां इन समस्याओं के समाधान पढ़िए !

- क्या ग्रहण वाले दिन वार्षिक/चातुर्वार्षिक श्राद्ध किया जा सकता है ?
- ग्रहण वाले दिन 'जातकर्म' और 'नामकरण' संस्कार क्या किए जा सकते हैं ?
- वाराणसी के 'विश्व पंचांग' और 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' के तिथ्यादि में अन्तर क्यों ?
- काशीक्षेत्र का दायरा कहां से कहां तक है ?
- कुछ ज्योतिषियों के मत में राहु की तो दृष्टि है, केतु की नहीं। क्या यह ठीक है ?
- ग्रहणदिन से पूर्वापरवर्त्ती वर्ज्य दिनों की संख्या कितनी ?
- विवाहलग्न के समय पापीग्रहों की राशियों के नवांश का विचार पण्डित क्यों नहीं करते ?
- वि. संवत् 2064 में अधिकमास 'ज्येष्ठ' था या 'आषाढ़' ?
- ग्रह की भावगत राशि के मध्य और भावगत राशि की सन्धि में अथवा भाव के मध्य तथा भाव की सन्धि में स्थिति पर उसका फलनिर्णय कैसे किया जाए ?
- यदि स्पष्ट लग्न राशि के प्रारम्भिक अथवा अन्तिम अंशों में हो तो उसका जातक पर जातकग्रन्थोक्त फल क्या होगा ?
- भारतेतर देशों में उत्पन्न जातक के लिए 'विंशोत्तरी अथवा अष्टोत्तरी' दशाओं में से कौनसी प्रयोग में लाई जाए ?
- वार्षिक/चातुर्वार्षिक श्राद्ध अधिकमास में किया जाए अथवा शुद्ध में ?
- **गण्डमूलोत्पन्न बच्चे की गण्डमूलशान्ति कब की जाए ?**
- **'मृत्युबाण' क्या वधूप्रवेशमुहूर्त्त में भी वर्जित है ?**

- विवाहकालनिर्णय करते हुए क्या शनि–राहु–भौम और सूर्य की कन्या के नक्षत्र में स्थिति वर्जित नहीं है ?
- मुहूर्त्तग्रन्थोक्त लत्तादि दोषों के कुछ विशेष वर्ज्य जनपदों/प्रदेशों की भौगोलिक स्थितियां क्या हैं ?
- अवकहड़ाचक्र में 'ब' और 'व' में कोई अन्तर न होने पर भी इनके वर्गेश भिन्न क्यों ?
- अष्टकूटमिलान में परिहृत दुष्टकूटों के गुण कितने ?
- क्या कूटमिलान में 'द्विर्द्वादश' और 'नवम–पञ्चम' का परिहार न मिलने पर भी विवाहसम्बन्ध किया जा सकता है ?
- द्वादशभाव विषमविभागात्मक लिए जाएं या समानविभागात्मक ?
- लग्नकुण्डली में नीचादिस्थ ग्रह के नवांशकुण्डली में उच्चादिस्थ हो जाने और लग्न में उच्चादिस्थ ग्रह के नवांश में नीचादिस्थ हो जाने पर उसका फलनिर्धारण कैसे करें ?
- सामान्यतः प्रातःकालीन लग्न से दिन के 12 बजे का लग्न चौथा और रात्रि के 12 बजे का लग्न दसवां होता है, परन्तु कई बार ये लग्न थोड़ा–बहुत आगे–पीछे भी पाए जाते हैं–ऐसा क्यों ?
- राहु की स्वराशि कन्या है या मेष ?
- 'अष्टकवर्ग प्रकरण' में राहु, केतु को समाविष्ट क्यों नहीं किया गया ?
- धूम, व्यतिपात, परिवेष, इन्द्रधनुः और उपकेतु– इन उपग्रहों की परिकल्पना का आधार क्या है ?
- आश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती– ये जलतत्त्वप्रधान राशियों के नक्षत्र हैं, जबकि इन नक्षत्रों का दशाधिप बुध पृथ्वीतत्त्वप्रधान ग्रह है। अन्य दशाधिपों में भी यह विपर्यय देखा जाता है। इसका कारण क्या है ?
- 'दिग्बल प्रकरण' में सूर्य को अपनी दिशा पूर्व में बली न मानकर दशमभाव में बली मानने का शास्त्रीय आधार क्या है ?
- प्रत्येक ग्रह का 'स्तम्भकाल' और 'युतिकाल' कितना होता है ?
- विंशोत्तरी महादशा ज्ञात करने का आधार जन्मकालीन नक्षत्र है और जन्मकालीन चन्द्रनक्षत्र के भयात, भभोग से ही दशा का भुक्त, भोग्य साधन किया जाता है, अतः दशाओं का वर्षमान 'नाक्षत्र/चान्द्र' होना चाहिए। यहां 'सौर या सावन' वर्षमान मानने का आधार क्या है ?
- वर्षप्रवेश में एक गतवर्ष का ध्रुवांक कितना होना चाहिए ?
- 'युञ्जा' किसे कहते हैं ?
- सूर्यग्रहण के समय भी सूर्य का 'दीप्तिबल' क्या 100 ही होता है ?
- 'स्त्रीदूर' और 'नृदूर' में क्या अन्तर है ?
- सूर्य की सूक्ष्म परमक्रान्ति वर्तमान में क्या है और यह किस अनुपात से घट या बढ़ रही है ?

समस्या–(i) क्या ग्रहण के दिन वार्षिक/चातुर्वार्षिक श्राद्ध किया जा सकता है ?

(ii) क्या ग्रहण के दिन 'जातकर्म' और 'नामकरण' संस्कार किए जा सकते हैं ?

पं. डिके राम शर्मा,
मु. तरौर, P.O. सेगली (मण्डी) हि.प्र.।

समाधान–(i) ग्रहण का काल पितरों की तृप्ति के लिए आदर्श माना जाता है। **'पितृश्राद्ध'** करने का इस दिन विशेष माहात्म्य माना गया है। अतः वार्षिक एवं चातुर्वार्षिक श्राद्ध इस दिन श्राद्धविहित पिण्ड–दानादि क्रियाओं सहित निःसन्देह किए जा सकते हैं। **किञ्च**–वार्षिक / चातुर्वार्षिक श्राद्धों को अपनी तिथि, पक्ष, मास से अलग नहीं किया जा सकता, अतः ये श्राद्ध नियतकाल हैं। नियतकाल वाले विधान को अन्यत्र नहीं ले जाया जा सकता। **तथा च**– इन्हें वर्जित भी नहीं किया जा सकता– यही शास्त्रनिर्देश है।

ग्रहण के दिन श्राद्ध करने से पहले स्नान कर लेना आवश्यक है।

(ii) **'जातकर्म'** और **'नामकरण'** संस्कार शिशु के जन्मकाल में ही करने का शास्त्रविधान है। इस स्थिति में ग्रहण, भद्रा आदि दोषों का विचार नहीं किया जाता। यदि किसी अपरिहार्य कारणवश उस समय ये संस्कार न किए जा सकें तो शास्त्रविधान है कि– इन्हें जननाशौच की समाप्ति के अनन्तर किसी शुभ (भद्रा, व्यतिपात, वैधृति,ग्रहण, गुरु–शुक्रास्त, बाल्य–वार्धक्यादि दोषरहित) काल में करना चाहिए–

"जन्मनोऽनन्तरं कार्यं जातकर्म यथाविधि।
दैवादतीतः कालश्चेदतीते सूतके भवेत्।।" –(*वैजवाप*)

यहां **'जातकर्म'** शब्द से **'नामकरण'** भी लेना चाहिए। आगे उद्धृत वचन से भी यह स्पष्ट है–

" एकादशेऽह्नि विप्राणां क्षत्रियाणां त्रयोदशे।
वैश्यानां षोडशे नाम मासान्ते शूद्रजन्मनः।।"–(*सारसंग्रह*)

ब्राह्मणों का सूतक जन्म से 10 दिन तक, क्षत्रियों का 12 दिन, वैश्यों का 15 दिन और शूद्रों का सूतक मास तक रहता है। इसलिए ब्राह्मण का जातकर्म और नामकरण 11वें दिन, क्षत्रिय का 13वें, वैश्य का 16वें और शूद्र का 31वें दिन करना चाहिए–

"देशकालोपघाताद्यैः कालातिक्रमणं यदि।
अनस्तगेज्येन्दुसिते तत्कार्यमुत्तरायणे।।"– (*नारद*)

नारद का यह वाक्य स्पष्ट कहता है कि– जातकर्म और नामकरण यदि किसी कारणवश यथासमय (जन्म के समय) न किए जा सकें तो इन्हें उत्तरायण में तब किया जाए, जब गुरु, शुक्र, चन्द्र अस्त न हों, अर्थात् जब सब प्रकार से शुभकाल हो।

वैसे, अन्य आचार्यों ने तो इन संस्कारों के लिए उत्तरायण का प्रतिबन्ध नहीं लगाया है। लेकिन इन संस्कारों को हो सके तो उत्तरायण में करना अधिक श्रेयस्कर है।

प्रसंगवश यहां यह भी बतलाना उचित है कि– यदि मृताशौच में पुत्रजन्म हो तो मृताशौच की निवृत्ति पर सूतक की समाप्ति हो जाने के बाद ये जातकर्म और नामकरण संस्कार करने चाहिएं–

"मृताशौचस्य मध्ये तु पुत्रजन्म यदा भवेत्।
आशौचापगमे कार्यं जातकर्म यथाविधि।।"–(*स्मृतिसंग्रह*)

(यहां 'जातकर्म' उपलक्षण है– इससे 'नामकरण' भी समझना चाहिए।)

प्रजापति का यह वाक्य तो कहता है कि–जातकर्म और नामकरण– दोनों को जननाशौच और मरणाशौच में भी कर लेना चाहिए–

"एतज्जननाशौचे मरणाशौचे चापि कार्यम्"। –(*प्रजापति*)

ध्यान रहे– यह वाक्य जन्मकाल में ही किए जाने वाले इन संस्कारों के विधान से सम्बन्ध रखता है। इस वाक्य का अभिप्राय है– यदि ये संस्कार (जातकर्म और नामकरण) जन्मकाल में ही किए जाएं तो वहां मृताशौच और जननाशौच –दोनों का विचार नहीं किया जाता।

समस्या– 14 अप्रैल, 2008 ई. को वाराणसी के *'विश्वपंचांग'* में नवमीतिथि–समाप्तिकाल 21 घटी 30 पल और आपके (चण्डीगढ़ के) *'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग'* में 11 घ. 37 प. लिखा है। इस तरह यहां नवमी के घट्यात्मक समाप्तिकालों का अन्तर दोनों पंचांगों में लगभग 10 घड़ी है, जबकि इस दिन वाराणसी और चण्डीगढ़ के सूर्योदयकालों में केवल 20 मि. का ही अन्तर है– ऐसा क्यों ?

डॉ. अखिलेश्वर तिवारी,
1812 लाईट रेजीमेण्ट, 56 A.P.O.

समाधान– वाराणसी का यह **'विश्वपंचांग'** प्राचीन (सूर्यसिद्धान्तीय) गणित से बनता है, जबकि **'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग'** नवीन दृक्सिद्ध (दृक्पक्ष) सूक्ष्म गणित से। इन दोनों पक्षों से साधित सूर्य–चन्द्रादि के भोगकालों में अनेकदा अक्षम्य अन्तर रहता है। नवमी के समाप्तिकाल में यह अन्तर इसी कारण से है।

भारत के अन्य दृक्सिद्ध (दृक्पक्षीय)सूक्ष्म गणितीय पंचांगों से **'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग'** के तिथ्यादि के समाप्तिकालों की आप तुलना करेंगे तो आपको कोई अन्तर नहीं मिलेगा। दृक्पक्षीय और सूर्यसिद्धांतीय गणनाओं में इस अन्तर के कारण **'विश्वपंचांग'** द्वारा निर्णीत व्रत–पर्वों की तिथियों का हमारी तिथियों से अनेकदा अन्तर रहता है।

ध्यान रहे– भारत में अब 99 % पंचांग दृक्पक्षीय पद्धति–अनुसार ही बनते हैं। प्राचीन सूर्यसिद्धांतादि–अनुसार बनने वाले पंचांगों में तो वाराणसी के **'विश्वपंचांग'** और **'हृषीकेश पंचांग'** तथा अन्य कुछ और गिने–चुने पंचांग ही हैं।

समस्या–(i) काशीक्षेत्र का दायरा कहां से कहां तक माना जाए ?

(ii) कुछ ज्योतिषी कहते हैं कि–राहु की तो दृष्टि है, केतु की नहीं– क्या यह ठीक है ?

श्री आर. पी. उपाध्याय,
5–A , शंकरघोष लेन, कोलकाता–6

समाधान–(i) इसके लिए पृ. **283** पर दिया गया लेख **'मुहूर्त्तशोधन में प्रादेशिकता'** पढ़िए।

(ii) केतुग्रह का कबन्ध(धड़) ही है, अतः नेत्रहीन कल्पित कर उसे ये दैवज्ञ दृग्व्यापारासमर्थ मानने लगे हैं। लेकिन यह गलत है। फलित ज्योतिषशास्त्र में सभी आकाशचारी ग्रहबिम्बों को सजीव एवं दिव्यशक्तिसम्पन्न मानकर फलादेश के सिद्धान्त स्थापित किए गए हैं। इन खगोलचारी गोलाकार निर्जीव ग्रहबिम्बों के न तो पैर हैं, न आंखें तथा न इनमें हृदय है और न चेतना ही। **पुनरपि–** इनके अद्भुत प्रभावों से जातक एवं विश्व के सभी जड़–चेतन पदार्थों को सर्वथा नियन्त्रित मानकर यह ज्योतिषशास्त्र प्रवृत्त हुआ है। केतु यद्यपि पौराणिक गाथानुसार छिन्नमस्त है, तथापि उसे ये पुराण एवं फलित शास्त्र दिव्यदृष्टिसम्पन्न मानते हैं। **देखिए–** सूर्य–चन्द्र को ग्रहणोपयुक्त स्थिति में देखकर ग्रस्त करने से वह (केतु) कभी चूकता नहीं है। वह यदि वस्तुतः दृष्टिहीन है तो निरन्तर चलते हुए क्रान्तिवृत्त से यत्किञ्चित् भी इधर–उधर क्यों नहीं भटकता ?– इस प्रश्न का ये दैवज्ञ क्या उत्तर देंगे।

किञ्च, ध्यान रहे–वैसे तो फलित के मूलभूत प्राचीन साहित्य (संहिता आदि) में तो राहु–केतु को ग्रह माना ही नहीं गया है, लेकिन जिन परवर्ती जातक ग्रन्थों में इनको ग्रहरूप में स्वीकारा गया है, उनमें इन (रा. के.) की सप्तम पर पूर्ण दृष्टि स्पष्ट लिखी है। **"लघुपाराशरी"** कार ने राहु–केतु को ग्रहों में स्वीकार किया है। ग्रहदृष्टि की चर्चा में पराशर ने **"पश्यन्ति सप्तमं सर्वे ...."**– कहकर राहु–केतु– दोनों की अन्य ग्रहों की भान्ति सप्तम में पूर्ण दृष्टि मानी है। यदि केतु की दृष्टि को वे नहीं मानते होते तो वे निश्चय ही यहां

सर्वे के स्थान पर 'केतुवर्जं सर्वे' लिखते।

अपि च– फलित ज्योतिष को आगम शास्त्र माना गया है। जो कुछ इसके मूलप्रवर्तक ऋषि–मुनियों ने लिख दिया है, तर्क–वितर्क बुद्धि से उसे निरस्त कर नए मत की स्थापना को सभी आचार्यों (वराह आदि) ने अनुपयुक्त माना है। केतु की सातवें दृष्टि रहती है– यह पराशर आदि ने लिखा है, उसे यथावत् मानने के लिए हम बाधित हैं।

समस्या–(i) ग्रहण वाला दिन तो सर्वसम्मति से शुभकार्यों में वर्जित है ही, लेकिन ग्रहणदिन से पूर्वापरवर्ती वर्ज्य दिनों की संख्या के बारे में मतभेद है। कुछ आचार्य ग्रहणदिन से पूर्ववर्ती केवल तीन दिनों को तथा कुछ ग्रहणदिन से परवर्ती सप्ताह को भी शुभकृत्यों में वर्ज्य बतलाते हैं। खग्रासग्रहण की स्थिति में तो त्याज्य दिनों की संख्या इससे भी अधिक है। लेकिन आपके 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' में दिए जा रहे विवाहादि मुहूर्तों में ग्रहण से पूर्ववर्ती केवल एक दिन और परवर्ती केवल तीन दिनों को ही वर्जित किया जाता है, भले ही ग्रहण खग्रास क्यों न हो। आप किस आचार्य को प्रमाण मानकर ऐसा करते हैं ?

(ii) पापी ग्रहों की राशियों के नवांश में विवाह नहीं करना चाहिए–ऐसा मुहूर्तशास्त्र का निर्देश है। लेकिन ज्योतिषी लोग पंचांग में दिए गए विवाहार्थ शुद्ध लग्न में विवाह करवाते हुए क्रूरग्रह–नवांश का विचार नहीं करते। क्या यह शास्त्रोल्लंघन नहीं है ?

पं. जगदीश चन्द्र शर्मा,
मु. म्यावण, पो. शालाघाट, ज़िला सोलन (हि.प्र.)।

समाधान– (i) आजकल के व्यस्त जीवन में ग्रहण से पूर्वापरवर्ती अधिक दिनों को शुभकृत्यों में अग्राह्य करना कठिन है। 'तत्त्वविवेक'कार के मतानुसार हम प्रत्येक स्थिति में (खग्रास ग्रहण की स्थिति में भी) ग्रहणदिन से पूर्वापरवर्ती क्रमशः एक और तीन दिन ही वर्जित करते हैं। इस विषय में 'तत्त्वविवेक' का वचन इस प्रकार है–

"प्रागेकाहस्त्र्यहं पश्चात्तद्दिनं ग्रहणस्य च।
त्यजेद्गत्यन्तराभावे सर्वग्रासेऽपि कर्मणाम्।।"

(ii) ध्यान रहे– विवाहलग्न में शुभग्रहों के सभी नवांश ग्राह्य नहीं हैं। केवल मिथुन, कन्या, तुला और धनु के नवांश ही यहां ग्राहय हैं, कुछेक के मतानुसार मीननवांश भी। कर्क एवं वृष तथा क्रूर ग्रहों के सभी नवांश वर्जित हैं, अर्थात् ये सभी कुनवांश हैं। अन्त्यनवांश तो सर्वथा वर्जित है ही। हां, यदि वह वर्गोत्तम नवांश है तो उसे अन्त्य या वर्ज्य होने पर भी ग्राहय माना गया है।

विवाहमुहूर्त्त में वर्ज्यनवांश का दोष तब नहीं रहता, जब विवाहलग्न से सप्तमहीन केन्द्र या त्रिकोण में गुरु, शुक्र या बुध पड़ा हो। लग्नेश अथवा लग्ननवांशेश यदि सप्तमहीन केन्द्र अथवा एकादश भाव में पड़ा हो, चन्द्र वर्गोत्तमगत हो, सूर्य अथवा चन्द्र की एकादश में स्थिति हो तब भी कुनवांश–दोष समाप्त हो जाता है। इसकी पुष्टि में प्रमाणवाक्य ये हैं–

"केन्द्रे कोणे जीव आये रवौ वा लग्ने चन्द्रे वापि वर्गोत्तमे वा।
सर्वे दोषाः नाशमायान्ति चन्द्रे लाभे तद्वद्दुर्मुहूर्तांशदोषः।।"–(*मुहूर्तचिन्तामणि*)

"त्रिकोणे केन्द्रे वा मदनरहिते दोषशतकम्
हरेत्सौम्यः शुक्रो द्विगुणमपि लक्षं सुरगुरुः।
भवेदाये केन्द्रेऽगप उत लवेशो यदि तदा
समूहं दोषाणां दहन इव तूलं शमयति।।" –(*मुहूर्तचिन्तामणि*)

"वर्गोत्तगते लग्ने वर्गदोषः लयं ययौ।"– (*कश्यप*)

"लग्नेट्लग्नांशनाथो वा चायगः केन्द्रगोऽपि वा।
राशिं निहन्ति दोषाणाम् इन्धनानीव पावकः।।" –(*नारद*)

ध्यान रहे– हमारे 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' में विवाहलग्न का निर्णय करते हुए उपरोक्त कुनवांश–परिहारों को दृष्टि में रखा जाता है, जिससे यहां दिए गए विवाहलग्नों में कुनवांशदोष कहीं भी नहीं होता। कहने का तात्पर्य है कि– हमारे पंचांग में दिए गए विवाहलग्नों में कुनवांश के काल के त्याग का विचार करने की दैवज्ञों को कोई जरूरत नहीं है।

समस्या– विक्रमी सं. 2064 (शक 1929) में आपके पंचांग में 'ज्येष्ठ' अधिक मास लिखा था, जबकि 'बृहज्ज्योतिष सार' में दी गई गणना से 'आषाढ़' अधिक मास आता है। यह अन्तर क्यों ?

श्रीकलमदेव शर्मा,
मु. कोटी (शिमला) हि.प्र.।

समाधान– सूर्यसंक्रान्तिरहित शुक्लादि चान्द्रमास अधिकमास माना जाता है। सं. 2064 वि. में शुक्लादि 'ज्येष्ठ' चान्द्रमास ही संक्रान्तिहीन होने से अधिकमास था। सूर्यसिद्धांतीय और दृक्पक्षीय सूर्यसंक्रान्तिकालों में हमेशा अन्तर रहता है, जिससे इन दो पक्षों से बने भिन्न–भिन्न पंचांगों में कभी–कभी अधिकमास भिन्न–भिन्न हो जाते हैं। लेकिन सं.2064 वि. में तो इन दोनों पक्षों से 'ज्येष्ठ' ही अधिकमास था। **ध्यान रहे–** 'बृहज्ज्योतिष सार' मे दी गई यह अधिकमास–गणनापद्धति स्थूल है। यह आसन्नमान से अधिकमास बतलाती है।

समस्या–(i) यदि कोई ग्रह भावगतराशि के मध्य में और भाव की सन्धि में अथवा यदि वह भावगतराशि की सन्धि में व भाव के मध्य में स्थित हो तो उसका फलनिर्णय कैसे करेंगे ?

(ii) यदि लग्न राशि के प्रारंभिक अंश में अथवा अन्तिमांश में हो तो जातक पर उस लग्न का जातकग्रन्थोक्त फल कैसा होगा ?

श्री इन्द्रमोहन थापर,
फिल्लौर (जालन्धर) पं.।

समाधान–(i) भाव और राशि– दोनों भिन्न–भिन्न पदार्थ हैं। ग्रह भावमध्य में होगा तो उस भाव का पूर्ण फल देगा और भावसन्धि में होने पर वह उसका अल्प फल देगा। ठीक, इसी प्रकार राशिमध्य में स्थित ग्रह उस राशि का पूर्ण तथा राशिसन्धि में स्थित ग्रह उसका अल्प फल देगा।

ध्यान रहे– जातक ग्रन्थों में ग्रहों की विभिन्न भावों एवं विभिन्न राशियों में स्थिति का फल अलग–अलग दिया रहता है।

(ii) राशि के प्रथमांश और अन्तिमांशगत लग्न का शास्त्रोक्त फल अत्यल्प होगा– यह स्पष्ट है।

(नोट– इन उपरोक्त दोनों समस्याओं के स्पष्ट समाधान के लिए मेरी पुस्तक 'विश्व लग्नसारणी' के पृष्ट 557–561 पर दिया गया 'भावफल मात्रा' पर लिखा विस्तृत लेख पढ़िए।)

समस्या– भारतेतर देशों में जन्मे जातक के लिए विंशोत्तरी तथा अष्टोत्तरी दशाओं में से कौन–सी दशा प्रयोग में लाई जाए ?

डॉ. यादवेन्द्र नाथ 'वत्स',
मु. गणेशपुर, पो. रुड़की, (हरिद्वार) उ.आं.।

समाधान— वैसे तो जातक शास्त्रकारों ने **विंशोत्तरी और अष्टोत्तरी** दशाओं के प्रवृत्तिक्षेत्र भारत में विन्ध्याचल से क्रमशः उत्तरी एवं दक्षिणी भाग बतलाए हैं। लेकिन पराशर ने तो स्वशास्त्र (लघुपाराशरी) के फलितनियमों का प्रयोग करने वाले दैवज्ञों को प्रत्येक स्थिति में सर्वत्र **'विंशोत्तरी दशा'** को ही प्रयुक्त करने का निर्देश दिया है–

''दशा विंशोत्तरी चात्र ग्राह्या नाष्टोत्तरी मता।।''

हां, जो **लघुपाराशरी** का प्रयोग नहीं करते, उन्हें विन्ध्य से केवल दक्षिण में अष्टोत्तरी दशा का ही प्रयोग करने का शास्त्रादेश है। इसका सारांश है कि– **लघुपाराशरी** के फलितनियमों का प्रयोग यदि न किया जाए तो केवल विन्ध्य के दक्षिण में अष्टोत्तरी दशा प्रयोग में लानी चाहिए, अन्यथा विश्व के शेष किसी भी भाग में रहने वाले किसी भी जातक के लिए प्रत्येक स्थिति में विंशोत्तरी दशा ही प्रयोज्य है।

समस्या— **वार्षिक/चातुर्वार्षिक श्राद्ध अधिकमास में किया जाए या शुद्ध में ?**

श्री अनूप शर्मा,
मु. पो. लोधवां (कांगड़ा)–(हि.प्र.)।

समाधान— शुद्धमास में दिवंगत व्यक्ति का वार्षिक/ चातुर्वार्षिक श्राद्ध शुद्धमास में ही करना चाहिए। लेकिन शुद्धमास में दिवंगत व्यक्ति का प्रथम वार्षिक श्राद्ध यदि अधिकमास में पड़ता हो तो उसे अधिकमास में ही किया जाता है। हां, उसके द्वितीय, तृतीय आदि सभी वार्षिक श्राद्ध तो शुद्धमास में ही किए जाएंगे–**यह ध्यान रहे**। यदि कोई व्यक्ति अधिकमास में मरता है तो भविष्य में जब कभी उसका मृत्युमास अधिक हो तब उसका वार्षिक श्राद्ध, चाहे वह प्रथम–द्वितीय–तृतीय आदि कोई भी हो, अधिकमास में ही करना होगा, शुद्ध में नहीं। इस बारे **धर्मसिन्धु** का वचन है–

''चैत्रादौ मलमासे मृतानां कदाचित् बहुकालेन तस्मिन्नेव चैत्रादौ मलमासे प्राप्ते मलमास एव प्रतिसांवत्सरिकं श्राद्धं कर्त्तव्यम्। चैत्रादौ शुद्धमासे मृतानान्तु प्रत्याब्दिकं श्राद्धं मलमासे न कर्त्तव्यम्, तत्शुद्ध एव चैत्रादौ कर्त्तव्यम्। शुद्धमासे मृतानान्तु प्रथममाब्दिकं मलमास एव कार्यं न शुद्धे। द्वितीयाद्याब्दिकं तु शुद्ध एव।''– (*धर्मसिन्धु*)

समस्या— **गण्डमूलोत्पन्न बच्चे की गण्डमूलशान्ति कब करनी चाहिए ?**

पं. सुरेश कुमार वाशिष्ठ,
राजपुरा टाऊन (पं.)।

समाधान— गण्डमूलशान्ति जननाशौचसमाप्ति के दूसरे ही दिन करनी चाहिए। यहां शुभ दिन, भद्रा, नक्षत्रादि का विचार नहीं किया जाता। यदि किसी कारणवश इस दिन शान्तिकार्य न हो सके तो आगामी गुरु–शुक्रास्त, भद्रा, व्यतीपात, वैधृति, ग्रहण आदि दोषरहित जन्मनक्षत्र में या तदनन्तर किसी अन्य गुरु–शुक्रास्तादि दोषरहित शुभ दिन में यह शान्तिकार्य करवाना चाहिए। **'मानवसंहिता'** का इस बारे यह वाक्य है–

''जातस्य द्वादशाहे तु शान्तिहोमं समाचरेत्।
असंभवे तु जन्मर्क्षेऽन्यस्मिन्वा शुभे दिने।।''

ध्यान रहे– 'गण्डमूलशान्ति' के बाद ही पिता को शिशु का मुख देखना चाहिए–इससे पूर्व नहीं।

समस्या–(i) क्या 'मृत्युबाण' वधूप्रवेशमुहूर्त में भी वर्जित है ?

(ii) विवाहकालनिर्णय में ''शनि–राहु–कुजादित्या यदा जन्मर्क्षसंस्थिताः। विवाहिता तदा कन्या निश्चितं विधवा भवेत्।।''– 'शीघ्रबोध' के इस वाक्य का पालन क्यों नहीं किया जाता ?

श्री उमाशंकर दीक्षित,
मु. रिवाड़ी, डा. दलाश, कुल्लू (हि.प्र.)।

समाधान–(i) 'मृत्युबाण' को विवाह में ही वर्जित किया जाता है, अन्यत्र नहीं–

"नृपाख्यं राजसेवायां गृहगोपेऽग्निपंचकम्।
याने चौरं व्रते रोगं त्यजेन्मृत्यं करग्रहे।।" –(*ज्योतिःप्रकाश*)

(ii) शीघ्रबोध के इस वाक्य का मूल ज्ञात नहीं है, अतः इसे भारत का कोई भी दैवज्ञ मान्यता नहीं देता। यदि इसे मान्यता दी भी जाए तो जन्मनक्षत्र में शनि होने पर अनेकदा लगभग 14–15 मास तक कन्या का विवाह नहीं हो पाएगा। यदि कभी दौर्भाग्यवश कन्या के जन्मनक्षत्र में शनि और राहु एक के बाद दूसरा निरन्तर संचरणशील हो तो लगभग दो वर्ष तक कन्या का विवाह कर पाना संभव नहीं होगा। **किञ्च–** यहां यह भी प्रश्न उठता है कि –कन्या के जन्मनक्षत्र में ही शनि–राहु–मंगल–सूर्य की स्थिति को दोषपूर्ण माना जा रहा है, वर के जन्मनक्षत्र से भी तो ऐसा ही विचार **'समान–न्यायेन'** किया जाना चाहिए। ऐसा करने पर तो बहुत्र वर–कन्या का विवाह तीन–तीन, चार–चार वर्षों तक कर पाना असंभव हो जाएगा। अतः यह वाक्य उक्त इन कारणों तथा अप्रामाणिक मूल के कारण ग्राह्य नहीं है। संहिताओं में उपलब्ध प्रामाणिक वाक्यों के अनुसार तो विवाहकाल के निर्धारण में केवल गुरु, चन्द्र और सूर्य की ही तात्कालिक गोचरस्थिति, जिसे **'त्रिबलशुद्धि'** कहा जाता है, विचारणीय मानी गई है।

इसके समर्थक प्रमाणवाक्य ये हैं–

"स्त्रीणां गुरुबलेनैव विवाहः शोभनः स्मृतः।
वरस्यार्कबलं ग्राह्यमैन्दवं तूभयोरपि।।" –(*गुरु*)

"सुरगुरुबलमबलानां पुरुषाणां तीक्ष्णरश्मिबलमेव।
चन्द्रबलं दम्पत्योरवलोक्य शोधयेल्लग्नम्।।" –(*वराह*)

समस्या– (i) मुहूर्त्तग्रन्थों में लत्ता आदि दोषों को कुछ विशेष मालव, जांगल, अमर, विद्रुम आदि जनपदों/प्रदेशों के लिए ही वर्ज्य लिखा है। इन जनपदों/प्रदेशों की भौगोलिक स्थितियां क्या स्पष्ट की जा सकती है। ?

(ii) 'अवकहड़ा चक्र' में 'व' और 'ब' में कोई भेद नहीं माना गया है, जबकि 'य' वर्गीय होने से 'व' का वर्गेश 'मृग' और 'प' वर्गीय होने से 'ब' का वर्गेश 'मूषक' है– यह असंगति क्यों ?

श्री रवीन्द्र कुमार शास्त्री,
मु. कुफ्टू, डा. दरभोग, शिमला (हि.प्र.)।

समाधान–(i) इसके लिए पृष्ठ **283** पर दिया गया **'मुहूर्त्तशोधन में प्रादेशिकता'** लेख पढ़ें।

(ii) 'अवकहड़ा चक्र' और 'वर्गमैत्री चक्र'– दोनों के प्रतिपाद्य विषय भिन्न–भिन्न हैं। इनके नियमों/निर्णयों की परस्पर तुलना नहीं हो सकती। 'अवकहड़ा चक्र' वर्णों के राशि–नक्षत्र बतलाता है, जबकि 'वर्गमैत्री चक्र' इनके वर्गेश। अवकहड़ा चक्रानुसार इन दोनों वर्णों (व, ब) के राशि–नक्षत्र अभिन्न और वर्गेश चक्रानुसार इनके वर्गेश भिन्न–भिन्न हैं। इस प्रकार स्पष्टतया परस्पर भिन्न विषयों वाले इन दोनों में असंगति, संगति का विमर्श बिल्कुल असम्भव है।

समस्या–(i) अष्टकूटमिलान में दोषपूर्ण कूट का परिहार हो जाने पर परिहृत कूटों के कम से कम आधे गुण प्राप्त मूल गुणसंख्या में मिला देने चाहिएं–ऐसा आपने अपनी 'ग्रहयोग एवम् दाम्पत्य जीवन' पुस्तक में लिखा है। लेकिन यहां के स्थानीय कुछ दैवज्ञ लोग इसे नहीं मानते। उनका कहना है कि– किसी भी शास्त्रवचन से इसका समर्थन प्राप्त नहीं है– आप इस बारे क्या कहते हैं ?

(ii) क्या कूटमिलान में 'द्विर्दादश' अथवा 'नवम–पंचम' का परिहार न मिलने पर विवाहसंबंध की अनुमति दी जा सकती है ?

(iii) द्वादशभाव विषमविभागात्मक लेने चाहिएं या समानविभागात्मक ?

प्रो. अशोक शर्मा,
अशोक नगर (म.प्र.)।

समाधान–(i) इसके लिए पृष्ठ **285** पर दिया गया **'परिहृत दुष्टकूटों के गुण'** लेख पढ़ें।

(ii) मिलान में गुणसंख्या यदि 16 या इससे अधिक है तो **'द्विर्द्वादश'** या **'नवम–पंचम'** के परिहार के बिना भी सम्बंध किया जा सकता है। यदि यहां **'नाड़ीदोष'** भी हो तब नाड़ीदोष के परिहार के बिना तो सम्बन्ध बिल्कुल नहीं किया जा सकता, क्योंकि नाड़ीदोष का परिहार सर्वत्र नितान्त आवश्यक है। शास्त्रकारों ने नाड़ीदोष वाले वर–कन्या के सम्बन्ध को सर्वथा त्याज्य लिखा है। अधिकतम गुणसंख्या होने पर (यानी शेष सातों कूटों की शुद्धि होने पर) भी नाड़ीदोष वाला मिलान सर्वथा त्याज्य माना गया है–

"एकनाड़ीविवाहश्च गुणैः सर्वैः समन्वितः।
वर्जनीयः प्रयत्नेन दम्पत्योर्निधनं यतः।।" –*(नारद)*

अपि च– 'विवाहपटल' कार भी इस बारे यही कहता है–

" सदा नाशयत्येक नाड़ी–समाजो।
भकूटादिकान्सप्तभेदान् प्रशस्तान्।।"

उपरोक्त विवेचन का सारांश है कि– जिस प्रकार विवाह के लिए शास्त्रकारों ने नाड़ीशुद्धि को दृढ़ता से अनिवार्य लिखा है, उस प्रकार भकूट या अन्य कूटों की शुद्धि को नहीं। अतः नाड़ीशुद्धि की स्थिति में अन्य किसी कूटदोष का परिहार न मिलने पर भी गुण पर्याप्त हों तो विवाहसम्बन्ध किया जा सकता है– यही शास्त्रनिर्णय है। हां, यदि सन्तानहीनता और दारिद्र्य आदि के हेतुभूत **'नवम–पंचम'** और **'द्विर्द्वादश'** जैसे भकूटों से संत्रस्त होकर जो इन कूटों को उपेक्षित नहीं करना चाहते (अर्थात् 16 गुणों से अधिक गुणों की प्राप्ति एवं नाड़ीशुद्धि होने पर भी इस भकूटदोष के कारण यदि मिलान को स्वीकार्य नहीं मानते) तो वे ऐसा करने के लिए स्वतन्त्र हैं। लेकिन, **ध्यान रहे–** इस प्रकार की स्वतन्त्रता सर्वत्र देने से पर्याप्त गुण एवं नाड़ीशुद्धि होने पर भी वर्ण आदि अन्य सात कूटों में से किसी एक की भी अशुद्धि से मिलान को अग्राह्य मानने का सिद्धान्त स्थापित हो जाएगा। क्योंकि, वर्ण आदि अन्य सात कूटों में से प्रत्येक की अशुद्धि को शास्त्रकारों ने तो वर–कन्या की मृत्यु तथा दौर्भाग्य का कारण लिखा है। संहिताएं एवं अन्य मुहूर्त्तग्रन्थ ऐसे प्रमाणवचनों से भरे पड़े हैं। अतः इस स्थिति में तो मिलान तभी ग्राह्य हो सकेगा, जबकि आठों कूट या तो सर्वथा शुद्ध होंगे या उनके दोषों के परिहार मिल रहे हों। क्योंकि, ऐसे सभी कूटदोषों से मुक्त मिलान अत्यन्त विरल होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप लगभग शत–प्रतिशत वर–कन्याओं के सम्बन्धों पर दैवज्ञों को असहमत होने के लिए बाधित होना पड़ेगा। इसी समस्या के समाधान के लिए शास्त्रकारों ने सबसे भयावह कूट **'नाड़ी'** की शुद्धि को अनिवार्य बतलाते हुए, शेष सात कूटों की अशुद्धि के दोष को 16 से अधिक गुणों द्वारा यथासम्भव न्यूनीकृत समझते हुए मिलान को ग्राह्य मानने का परामर्श दिया है। इसके अतिरिक्त कोई विकल्प भी तो नहीं है।

किञ्च– गुणमिलान में कूटदोषों के कारण उत्पन्न सन्तत्यभाव, दारिद्र्य आदि दौर्भाग्य को दैवज्ञ सर्वथा अन्तिम न समझ बैठें, क्योंकि वर–कन्या की अपनी जन्मकुण्डलियों की ग्रहस्थितियां, सर्वथा त्रिबलशुद्ध लग्न का काल तथा विवाहलग्न–कुण्डली में केन्द्र–त्रिकोणादि गत गुरु, शुक्र, बुध आदि की प्रबल स्थितियों में इन दोषों को अपहृत करने की पर्याप्त क्षमता को मुहूर्त्तशास्त्र मानता है।

अपि च–किसी भी कूटदोष का प्रतिकार दान, जप, रत्नधारण आदि द्वारा भी किया जा सकता है।

(iii) इसके लिए मेरी पुस्तक **'विश्व लग्नसारणी'** के पृष्ठ 562–565 पर दिया गया **'विषम विभागात्मक भाव– एक समीक्षा'** लेख पढ़ें।

समस्या–(i) कई बार लग्नकुण्डली में नीचादिस्थ (कमजोर) ग्रह नवांश में उच्चादिस्थ हो जाता है, अथवा अनेकदा लग्नकुण्डली में उच्चादिस्थ ग्रह नवांश में नीचादिस्थ हो जाता है। ऐसी परस्पर विरोधी स्थितियों में उस ग्रह का फलनिर्देश किस तरह, क्या करें ?

(ii) सामान्यतः प्रातःकालिक लग्न से दिन के 12 बजे का लग्न चौथा एवम् रात्रि के 12 बजे का लग्न 10वां आता है। लेकिन कई बार ये लग्न थोड़ा बहुत आगे–पीछे भी पाए जाते हैं– इसका क्या कारण है ?

पं. सुरेशकुमार शर्मा,
मु. सुन्हाड़, पो. सौर, नालागढ़ (हि.प्र.)।

समाधान–(i) ग्रह द्वारा अधिष्ठित राशि और नवांशराशि में असमन्वय कुछ न कुछ रहता ही है। कई बार तो यह असमन्वय दैवज्ञ को बुरी तरह उलझा देता है। **जैसे**– नीचराशिस्थ ग्रह उच्चनवांश में, उच्चराशिस्थ नीचनवांश में, मित्रराशिस्थ शत्रुनवांश में, शत्रुराशिस्थ मित्रनवांश में ....आदि आदि परस्पर विरोधी स्थितियां। ऐसी स्थितियों में जातक शास्त्रकार कहते हैं–ग्रहफल दोनों असदृश फलों का मिश्रण होता है। वराहमिहिर ने **'बृहज्जातक'** के **'दशान्तर्दशा अध्याय'** में यही बात इस तरह लिखी है–

"नीचारिभांशे समवस्थितस्य शस्ते गृहे मिश्रफला प्रदिष्टा।"

अर्थात्– प्रशस्तगृह (अपने उच्च, मूलत्रिकोण, मित्रक्षेत्र) में स्थित ग्रह यदि नीच, शत्रु के नवांश में हो तो उस ग्रह की दशान्तर्दशा का फल शुभाशुभ फलों का मिश्रण होगा। इससे यह भी अर्थ निकलता है कि–नीच, शत्रु के क्षेत्र में स्थित ग्रह यदि अपने उच्च/मित्रक्षेत्र के नवांश में हो तो उसकी दशान्तर्दशा का फल भी शुभाशुभ फलों का ही मिश्रण होगा।

इस विषय में एक ऐसा श्लोक भी मिलता है, जो ग्रह के नवांश को उसकी राशि से अधिक महत्त्व देता है। वह कहता है– यदि ग्रह उच्चस्थ होकर नीचनवांश में हो तो वह नीचनवांश का फल देगा। इसी प्रकार यदि वह नीचस्थ होकर उच्चनवांश में हो तो वह उच्चनवांश का ही फल देगा। देखिए–

"नीचांशगास्तुंगगृहोपयाताः जातस्य नीचं फलमाशु दद्युः।
नीचंगतास्तुंगनवांशकस्थाः सौम्यं फलं व्योमचराः प्रकुर्युः।।"

लेकिन तर्कसंगत फलादेश–प्रणाली के विरुद्ध होने के कारण यह मत उपेक्ष्य है।

वैसे, केशव आदि **'जातकपद्धति'** कारों ने स्थान, दिक्, काल आदि षड्बलों के संकलन द्वारा ग्रह का बल निर्धारित कर उस ग्रह का उत्कृष्ट, अपकृष्ट या सामान्य फल निश्चित करने का निर्देश दिया है। ग्रह की केवल राशि, नवांश से निर्णीत ग्रहफल को उन्होंने अपूर्ण माना है।

(ii) स्थानीय स्पष्टकाल के अनुसार दिन के ठीक 12 बजे सूर्य **'ऊर्ध्व याम्योत्तरवृत्त'** (Upper Meridian) में रहता है, यानी तब वह **'दशमभाव'** में होता है। इसी प्रकार स्थानीय स्पष्टकालानुसार रात्रि के 12 बजे सूर्य **'अधःयाम्योत्तरवृत्त'** (Lower Meridian) में, यानी उस समय वह **'चतुर्थभाव'** में होता है। इस प्रकार स्पष्ट है– प्रश्नकर्ता प्रकारान्तर से यही जानना चाहता है कि– लग्न और दशमभाव तथा लग्न और चतुर्थभाव का अन्तर कभी 3 राशि (90 अंश) और कभी उससे कुछ कम और कभी ज्यादा क्यों होता रहता है ?– इसका उत्तर जो खगोलशास्त्र से सम्बद्ध रखता है, इस प्रकार है–

लग्न और दशमभाव तथा लग्न और चतुर्थभाव के मध्यवर्ती क्रान्तिवृत्तीय दोनों वृत्तखण्ड **'विषुवद्वृत्त'** **(Equator)** के पार्श्ववर्ती स्थलों पर लगभग 90–90 अंशों (यानी 3–3 राशियों) के होते हैं। भूभ्रमण के कारण इन वृत्तखण्डों की मध्यवर्ती राशियां प्रतिक्षण बदलती रहती हैं। राशियों के स्वोदयमान (स्वोदयकाल) भिन्न–भिन्न हैं। किसी राशि का स्वोदयकाल दो घण्टा और किसी का इससे न्यूनाधिक है। जब इन वृत्तखण्डों में कम स्वोदयकाल वाली राशियां होती हैं, तब इनमें 3 से अधिक और जब अधिक स्वोदय वाली

होती हैं, तब इनमें तीन से कम राशियां होती हैं।

ध्यान रहे– अधिक अक्षांश वाले (Equator से दूरवर्ती) स्थलों पर तो इन वृत्तखण्डों में कई बार केवल 10–10 या 11–11 अंश ही होते हैं और कई बार इनमें 5 से अधिक राशियां भी होती हैं।

समस्या–(i) राहु की स्वराशि कन्या है या मेष ?

(ii) 'अष्टकवर्ग प्रकरण' में राहु–केतु को सम्मिलित क्यों नहीं किया गया ?

(iii) धूम, व्यतीपात, परिवेष, इन्द्रधनुः और उपकेतु– इन उपग्रहों की परिकल्पना का आधार क्या है। ?

(iv) आश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती– ये जलतत्त्वप्रधान राशियों के नक्षत्र हैं। 'विंशोत्तरी महादशा' में इन नक्षत्रों का दशाधिप पृथ्वीतत्त्वप्रधान ग्रह बुध है। यह विपर्यय अन्य दशाधिपों में भी पाया जाता है। इसको मानने का आधार क्या है ?

(v) 'दिग्बल प्रकरण' में सूर्य को पूर्व दिशा में बली न मानकर दशमभाव में बली मानने का शास्त्रीय आधार क्या है ?

(vi) प्रत्येक ग्रह का 'स्तम्भकाल' और 'युतिकाल' कितना होता है ?

(vii) 'विंशोत्तरी महादशा' ज्ञात करने का आधार जन्मकालीन नक्षत्र है। जन्मकालीन चन्द्रनक्षत्र के भयात–भभोग से दशा का भुक्त– भोग्य साधन किया जाता है। चन्द्रनक्षत्र में अशुद्धि के कारण दशा में मासात्मक/दिनात्मक आदि अन्तर आता है। इससे स्पष्ट होता है कि– दशाओं की गति नक्षत्रगति एवं चन्द्रगति पर आश्रित है, अतः दशाओं का वर्षमान 'नाक्षत्र/चान्द्र' होना चाहिए। यहां 'सौर या सावन वर्षमान' मानने का आधार क्या है ?

(viii) 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' 2055 वि. के पृष्ठ 60 पर दशासमाप्ति– कालिक वर्ष और स्पष्ट सूर्य के आधार पर दषासमाप्ति का दिन, तारीख और काल (घं. मि.) जानने के लिए गतवर्ष के दशासमाप्तिकालीन स्पष्ट सूर्य से गणना प्रारम्भ करने का कारण क्या है ? जिस वर्ष में दशा समाप्त होती है, वहां दशासमाप्तिकालीन स्पष्ट सूर्य का उसी वर्ष का दिन और काल सीधा ग्रहण कर लेने में क्या आपत्ति है ?

(ix) 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' 2055 वि. के पृष्ठ 60 पर ही 'दशा– समाप्तिकाल कोष्ठक' में एक वर्ष का ध्रुवांक 1 वार 6 घंटा 9 मिनट क्यों दिया गया है, जबकि सूर्य उसी राशि–अंश–कला पर 365 दिन 6 घंटा 14.5 मिनट (लगभग) के बाद आता है ?

(x) 'युञ्जा' किसे कहते हैं ?

(xi) सूर्यग्रहण के समय भी क्या सूर्य का 'दीप्तिबल' 100 ही होता है ?

श्री सतीश कुमार जैन,

ix–6602, नेहरु गली (गांधीनगर)दिल्ली–31,

समाधान–(i) राहु और केतु को किसी भी प्राचीन सिद्धान्त, संहिता एवम् प्राचीन जातक ग्रन्थ में ग्रह नहीं माना गया है। वराहमिहिर के **'बृहज्जातक'** जैसे मूल जातकग्रन्थ में भी इन ग्रहों का कोई फलादेश नहीं मिलता। **केशवार्क** दैवज्ञ ने तो धूमकेतु (Comet) को ही केतु ग्रह समझ लिया। नारद, वशिष्ठ आदि संहिताकारों ने भी राहु को ग्रह नहीं माना और उन्होंनें भी अपनी–अपनी संहिताओं के **'केतुचाराध्याय'** में धूमकेतु का ही विवेचन किया है। इससे स्पष्ट है– राहु, केतु मूलतः ग्रह नहीं माने गए। कारण स्पष्ट है– इनका कोई

बिम्ब नहीं है। ये सूर्य–चन्द्र के भ्रमणवृत्तों के ही दो सम्पात (Intersection) मात्र हैं। सिद्धान्तकारों ने भी मूलतः **राहुसम्पात** की ही गणित की है। केतु तो इस (राहु) से 180° पर स्थित दूसरा सम्पात है।

ध्यान रहे– राहु के मित्रादि ग्रह विभिन्न ग्रन्थों में भिन्न–भिन्न हैं। इसके मित्रादि के बारे में फलित ग्रन्थकारों के परस्पर विरोधी तीन–चार मत मिलते हैं। **'लघुपाराशरी'**कार ने राहु–केतु के फल का निर्धारण इनसे अधिष्ठित राशियों से नहीं, अपितु इनसे अधिष्ठित भावों तथा इनसे युत भावेशों द्वारा किया है। स्पष्ट है– पराशर भी इन तमोग्रहों की उच्च–नीच, मित्र–शत्रु आदि राशियों के बारे में अनिश्चय या अबोध का शिकार रहे हैं।

(ii) **अष्टकवर्ग** में राहु–केतु का असमावेश भी **अष्टकवर्ग पद्धति** के उद्‌गमकाल में इनके ग्रहत्व तथा इनके द्वारा जनितफल के अनिश्चय के कारण ही है।

(iii) इन उपग्रहों का निर्धारण किस आधार पर हुआ है, यह ज्ञात नहीं है। फलित में इस प्रकार के असंख्य पदार्थ, योग एवं सिद्धान्त हैं, जिनकी उपपत्ति हमें ज्ञात नहीं है। इनकी परिकल्पना किन्हीं दैवज्ञों की सादृश्यमूलक धारणाविशेष से हुई प्रतीत होती है।

(iv) **नक्षत्रों के जल आदि तत्त्वों एवं महादशा सिद्धान्त के निर्धारक दैवज्ञ भिन्न–भिन्न हैं**, जिससे इन दोनों में समन्वय नहीं है। फलित ज्योतिष के अनेक सिद्धान्तों/नियमों में इस तरह के भारी असमन्वय हमें पदे–पदे मिलते हैं। इसका स्पष्ट कारण है कि– इन विभिन्न सिद्धान्तों/नियमों के प्रवर्त्तक आचार्य अलग–अलग हैं और वे अलग–अलग काल के भी। एक ही विचारक ऐसी परस्पर विरोधी बातें नहीं लिख सकता।

(v) **'दिगीश'** और **'दिग्बल'** भी शायद दो भिन्न–भिन्न मस्तिष्कों की उपज है। क्योंकि, सूर्य की उदयदिशा **पूर्व** है, अतः उसे **पूर्वेश** मान लिया गया और इसकी परम तेजस्विता मध्याह्न के समय **'ऊर्ध्व याम्योत्तरवृत्त'** (दशम लग्नस्थान) पर इसकी स्थिति के समय होती है, अतः इसे दशमलग्न में बली माना गया है।

(vi) ग्रहों का **'स्तम्भकाल'** उनकी वक्रता या मार्गिता की समाप्ति/प्रारम्भ का वह अत्यन्त दुर्ज्ञेय क्षण है, जब वे सर्वथा गतिशून्य (Stationary) हो जाते हैं।

ग्रहों का **'युतिकाल'** कई प्रकार का है। राशियुति, अंशयुति, कलायुति, विकलायुति, भेदयुति........ आदि। जब दो ग्रह एक ही राशि में हों तो उनकी राशियुति होती है। इसी प्रकार अंशयुति, कलायुति, विकलायुति समझनी चाहिए। जब कोई ग्रह दूसरे ग्रह के बिम्ब में से गुजरता है तो उसे **'भेदयुति'** कहा जाता है। इन युतियों के अलावा **अंशुमर्दादि** अनेक और भी युतियां हैं, जिनके लिए **करण एवं सिद्धान्त** ग्रन्थों के **'युत्यधिकार'** देखने चाहिएं।

(vii) ''क्योंकि चन्द्रनक्षत्र के जन्मकालिक भुक्त एवं भोग (भयात एवं भभोग) काल में अन्तर (न्यूनाधिकता) होने से जन्मकालिक भुक्त या भोग्यदशा में अन्तर पड़ता है, अतः विंशोत्तरी दशा–वर्ष नाक्षत्र/चान्द्र होने चाहिएं'' –प्रश्नकर्त्ता की यह धारणा नितान्त भ्रान्तिपूर्ण है। **ध्यान रहे**– यहां जन्मकालिक भुक्तदशा–वर्षादि जानने के लिए भयात, भभोग एवं दशावर्ष (दशेश की दशा के पूर्ण वर्ष)– इन तीन राशियों से त्रैराशिक गणितप्रक्रिया की जाती है, जैसे– भभोग में पाते हैं दशावर्ष तो भयात में कितने भुक्त दशावर्ष ($= \frac{\text{दशावर्ष} \times \text{भयात}}{\text{भभोग}}$) ? इस त्रैराशिक प्रक्रिया से जो भुक्त–दशावर्षादि होंगे, वे त्रैराशिक सिद्धान्तानुसार (**''प्रमाणमिच्छा च समान जाती........''** इस भास्करोक्त सिद्धान्तानुसार) दशावर्ष की जाति (सौर मान) के ही होंगे। क्योंकि, त्रैराशिक सिद्धान्तानुसार **''इच्छाफल''** **''फल''** की जाति का ही होता है, अर्थात् **''फल''** और **''इच्छाफल''** दोनों समान जाति के होते हैं। स्पष्ट है, यहां **''फल''** दशावर्ष और **'इच्छा फल'** जन्मकालिक भुक्त दशावर्षादि हैं। क्योंकि, यहां दशावर्ष सौरमान के हैं, अतः भुक्त दशावर्षादि भी सौरमान के ही होंगे।

ध्यान दें–विंशोत्तरी दशा के ये 120 वर्ष जातक की परम आयु के वर्ष हैं, अतः ये सौर वर्ष हैं, क्योंकि आयु को सौर वर्षों (सूर्यभगणों) में ही मापा जाता है। वर्षफलसाधन में भी आयु के गताब्द सूर्य के क्रान्तिवृत्तीय

पूर्ण भ्रमण ही तो हैं। सिद्धान्त ग्रन्थों में भी युग, महायुग, मन्वन्तर, कल्प तथा ब्रह्मा की आयु सौर वर्षों में ही निर्दिष्ट है। अपि च– आयुसाधनप्रक्रिया द्वारा प्राप्त आयु के वर्षों को आचार्य **केशव** आदि ने अपनी **'जातक पद्धतियों'** में स्पष्टतः सौर ही बतलाया है– " **आयुः सौरमिदं यतोऽब्दगणना सौरात्**"– (***केशवीय जातकपद्धति***)। इससे सुस्पष्ट है– भयात, भभोग एवं दशावर्षों से त्रैराशिक द्वारा प्राप्त भुक्त दशावर्ष सौर ही हैं।

(viii) आप ठीक हैं। गतवर्ष से इसकी गणना प्रमादवश हुई है। वैसे, यहां परिणाम में तो कोई अन्तर नहीं है।

(ix) आजकल ज्योतिष में सौर वर्ष तीन प्रकार का प्रयोग में आ रहा है–

निरयण सूर्यसिद्धान्तीय (असंशोधित) सौर वर्ष; निरयण दृक्पक्षीय (संशोधित) सौर वर्ष तथा सायन सौर वर्ष।

निरयण सूर्यसिद्धान्तीय सौर वर्ष का मान 365 दिन 06 घण्टा 12.6 मिनट है और **निरयण दृक्पक्षीय सौर वर्ष** का 365 दिन 06 घण्टा 09 मिनट 09 सेकण्ड तथा **सायन सौर वर्ष** का मान 365 दिन 05 घण्टा 48 मिनट 46 सेकण्ड है।

भारतीय ज्योतिष में आजकल **निरयण दृक्पक्षीय सौर वर्ष** ही प्राधान्येन प्रयोग में आ रहा है।

आपने जो वर्षमान (365 दिन 06 घण्टा 14.5 मिनट) उद्धृत किया है, वह किसी भी श्रेणी में नहीं आता।

(x) नक्षत्रमेलापक में कूटों की कुल संख्या 23 है। जो इस प्रकार है– **वर्ण, वश्य, तारा, योनि, राशीशमैत्री, गण, भकूट, नाड़ी, महेन्द्र, दिन, रज्जु, वेध, स्त्रीदूर, गण्ड, लिंग, जाति, गोत्र, पक्षी, आय, योगिनी, वर्ग, चन्द्र** और **युञ्जा। वसिष्ठ** आदि कुछ आचार्यों ने मेलापक के लिए इनमें से 18 तथा कुछेक ने इससे कम 12, 11, 10, 9 या केवल 8 ही कूट स्वीकार किए हैं। 18 कूटों को मान्यता देने वाले **वसिष्ठ आदि ने तो 'युञ्जा'** को कूट माना है। लेकिन 18 से कम कूटों को मान्यता देने वाले अनेक आचार्यों ने मेलापकार्थ **'युञ्जा'** को स्वीकार नहीं किया है। जिनमें **'मुहूर्तचिंतामणि'** और **'मुहूर्त्त मार्त्तण्ड'** के रचयिता भी हैं। **'युञ्जा'** को अधिकतर आचार्यों ने सामान्य कोटि का कूट माना है, अतः इसे उन्होंने अत्यल्प गुण दिए हैं।

'युञ्जा' तीन प्रकार की है– रेवती से मृगशिरा तक के छः नक्षत्र प्रथम, आर्द्रा से अनुराधा तक के 12 नक्षत्र द्वितीय (मध्य) और ज्येष्ठा से उ.भा. तक के 9 नक्षत्र तृतीय (अन्तिम) **'युञ्जा'** कहलाती है।

ऐसा माना जाता है कि–यदि वर एवं कन्या–दोनों के जन्मनक्षत्र प्रथम 'युञ्जा' में पड़ते हों तो कन्या वर से ज्यादा प्रेम करती है; यदि तृतीय 'युञ्जा' में पड़ते हों तो वर कन्या से ज्यादा प्रेम करता है और यदि दोनों के नक्षत्र मध्य युञ्जा में हों तो दोनों की परस्पर प्रगाढ़ प्रीति होती है। इस बारे **'मुहूर्त गणपति'** का यह पद्य है–

"पूर्वभागस्तु रेवत्याः षड्भे आर्द्रादितस्तथा
द्वादशस्त्वपि मध्योऽयं ज्येष्ठातो नवकेऽन्त्यकः।
प्राग्भागे जन्मभं यस्य कन्यायाः वल्लभः पतिः
नृणामपरभागे तु पत्युः कन्या च वल्लभा।।
मध्ये भागे तु दम्पत्योः प्रीतिरुक्ता परस्परम्।"

'ज्योतिर्विदाभरण' आदि अन्य मुहूर्तग्रन्थ भी **'युञ्जा'** के भेदों व फल के बारे में यही मत रखते हैं। **'ज्योतिर्विदाभरण'** की **'मुनिभाव रत्न'** कृत टीका में उद्धृत यह श्लोक भी तीनों युञ्जाओं के फल यही बतलाता है–

**" पूर्वभागयुजिभे पतिःप्रियो योषितामपरभागवर्तिनि ।
सा प्रिया भवति मध्ययोगिनि प्रेम नूनमुभयोः परस्परम्।।"**

शीघ्रबोध का निम्न श्लोक तो इससे कुछ भिन्न अभिप्राय रखता है–

"पूर्वभागे पतिः श्रेष्ठः मध्यभागे च कन्यका।
परभागे च नक्षत्रे द्वयोः प्रीतिर्महीयसी।।"

इस श्लोकानुसार **पूर्व युञ्जा** में कन्या का वर से, **मध्ययुञ्जा** में वर का कन्या से और **अन्तिम युञ्जा** में दोनों का परस्पर प्रागाढ़ प्रेम होता है।

ऐसा लगता है– इस श्लोक में लेखक या पाठक के प्रमाद से यह पाठान्तर बन गया है। इसका वास्तविक रूप यह होना चाहिए–

"पूर्वभागे पतिः श्रेष्ठः परभागे च कन्यका।
मध्यभागे च नक्षत्रे द्वयोः प्रीतिर्महीयसी।।"

ऐसा पाठ स्वीकार करने पर अन्य **'मुहूर्त्त गणपति'**, **'ज्योतिर्विदाभरण'** कार आदि से इसका विरोध नहीं रहेगा।

अपि च–'मुहूर्त्तचिन्तामणि' की मूल लिखित प्रति में **युञ्जा** का उल्लेख नहीं है–ऐसा लिपिसंशोधकों का कहना है। लेकिन इसके मुद्रित कुछ संस्करणों में युञ्जा के बारे में यह पद्य मिलता है–

"पौष्णेश– शाक्रार्द्र– ससूर्यनन्दा पूर्वार्द्धमध्यापरभागयुग्मम्।
भर्ता प्रियः प्राग्युजिभे स्त्रियाः स्यान् मध्ये द्वयोः प्रेम परे प्रिया स्त्री।।"

यहां यह पद्य **युञ्जा** के बारे में यद्यपि **'ज्योतिर्विदाभरण'**कार आदि के मत का ही समर्थन करता है, तथापि इसे विद्वानों ने इस ग्रन्थ में प्रक्षिप्त माना है, क्योंकि हस्तलिखित मूललिपि में अलभ्य होने के साथ–साथ ग्रन्थ में यह अस्थान (कूटप्रसंग से भिन्न स्थान) पर भी समाविष्ट है। **किञ्च–** मुद्रितसंस्करण में इसे पद्यसंख्या भी नहीं दी गई है। इस पद्य की जो संस्कृतटीका हमें मुद्रित संस्करण में मिलती है, वह भी युञ्जा के फल के बारे में भ्रामक है। यहां भ्रान्त टीकाकार ने लिखा है कि– श्लोक में दिए गए तीनों युञ्जाओं के ये नक्षत्र स्त्री–पुरुष–समागमकालीन हैं। इस टीकाकार का यह व्याख्यान **'ज्योतिर्विदाभरण'**कार आदि सभी मुहूर्त्तशास्त्रियों के मत से सर्वथा भिन्न तथा तर्कच्युत होने से तिरस्कार्य है।

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है– एक ही 'युञ्जा' में उत्पन्न वर–कन्या में पारस्परिक अनुराग तो होता ही है, भले ही वह मात्रा में एक का ज्यादा अथवा दूसरे का कुछ कम किंवा दोनों में वह पर्याप्त (परम) हो। इससे यहं संकेत भी मिलता है कि– भिन्न–भिन्न युञ्जाओं वाले नक्षत्रों में जन्मे वर–कन्या का पारस्परिक अनुराग अन्यथा होगा।

'युञ्जा' को **युजि** और **योग** भी कहा जाता है।

(xi) हां, ग्रहणकाल में भी सूर्य का **दीप्तिबल** 100 ही रहता है, क्योंकि तब भी सूर्य पूर्ण दीप्तिमान् होता है। अन्तर केवल इतना है कि– उस समय वह चन्द्रबिम्ब की आड़ में आने से दिखलाई नहीं पड़ता।

यदि ग्रहण के समय दृगवरोध के कारण सूर्य का दीप्तिबल 100 % से न्यून या शून्य मानने का कोई आग्रह करे तो उसे रात्रि के समय सूर्य का दीप्तिबल हमेशा शून्य मानना होगा। **अपि च–** अन्य चं. मं. आदि ग्रह भी जितने समय तक क्षितिज से नीचे रहेंगे तब तक उनका दीप्तिबल भी हमेशा शून्य मानना होगा। लेकिन यह सिद्धान्त किसी भी दैवज्ञ या नक्षत्रविद् को मान्य नहीं हो सकता।

८. समस्या– 'स्त्रीदूर' और 'नृदूर' में क्या अन्तर है ?

आचार्य (प्रो.) केशवराम शर्मा,
M.A., दर्शनाचार्य, सोलन (हि.प्र.)।

समाधान– दोनों कूट मूलतः एक ही हैं। **'स्त्रीदूर'** कूट में कन्यानक्षत्र से 27 नक्षत्रों को 9–9

नक्षत्रों में विभाजित किया जाता है। यदि वरनक्षत्र कन्यानक्षत्र से प्रथम नौ नक्षत्रों में हो तो **'स्त्रीदूर'** दोष अधिक, यदि तत्परवर्ती नौ नक्षत्रों में हो तो **'स्त्रीदूर'** सामान्य माना जाता है। यदि वर का नक्षत्र शेष (अन्तिम) 9 नक्षत्रों में हो तो **'स्त्रीदूर दोष'** नहीं होता–

" स्त्रीधिष्ण्यतो भे नवके वरस्य चाद्ये तयोर्वैरमथ द्वितीये।
सामान्यमेतच्च वधूविदूरं तस्मात्तृतीये नवके विवाहः।।" –(*वसिष्ठ संहिता*)

अपि च–

" स्त्रीधिष्ण्यादाद्यनवके स्त्रीदूरमतिनिन्दितम्।"– (*नारद संहिता*)

'नृदूर' कूट तब होता है, जब वरनक्षत्र कन्या के नक्षत्र से परवर्त्ती यानी द्वितीय हो। **उदाहरण के लिए–** कन्यानक्षत्र **'भरणी'** और वरनक्षत्र **'कृत्तिका'** होने से **'नृदूर'** दोष होगा–

" भामिनी जन्मनक्षत्राद्द्वितीयं पतिजन्मभम्।
न शुभं भर्तृनाशाय कथितं ब्रह्मयामले।।" –(*डामरसंग्रह*)

ये उक्त दोनों ही कूट अष्टकूटों की परम्परा में नहीं लिए गए हैं। जबकि **नारद, वसिष्ठ, गर्ग** आदि ने इन्हें अपने कूटों में समाविष्ट किया है। **'मुहूर्त्तचिन्तामणि'** आदि ग्रन्थ भी इन्हें कूटों में समाविष्ट नहीं करते।

उपरोक्त **'स्त्रीदूर'** और **'नृदूर'** कूटों की परिभाषाओं से स्पष्ट है कि– वर का नक्षत्र कन्या के नक्षत्र से परवर्ती होना शुभ नहीं। यदि वरनक्षत्र कन्यानक्षत्र से सर्वथा निरन्तर आगे है तो वह सर्वाधिक अशुभ है। वह कन्यानक्षत्र से जितना अधिक दूर होगा, उतना ही यह दोष उत्तरोत्तर अल्प होता जाएगा। अतः हम कह सकते हैं कि– **"परम स्त्रीदूर"** दोष ही **'नृदूर दोष'** है।

'स्त्रीदूर' को **'स्त्रीदीर्घ'** भी कहते हैं।

समस्या– सूर्य की सूक्ष्म परमक्रान्ति वर्तमान में क्या है और यह किस अनुपात से घट या बढ़ रही है ?

श्री मुकेश कुमार जैन,
हिण्डौन सिटी (राज.)।

समाधान– इस वर्ष (सन् 2009 A.D.) में सूर्य की सूक्ष्म परमक्रान्ति 23° 26′ 17″.19 है। सूर्य की परमक्रान्ति इन दिनों प्रतिवर्ष 0″.4684 (=28 प्रतिविकला) कम हो रही है। इष्टवर्षीय सूक्ष्मतम सूर्य की परमक्रान्ति जानने का सूत्र यह है–

इष्टवर्षीय परमक्रान्ति = 23°-26′-21″·41– 0″·46845 व– 0″·000059 व² + 0″·0000181 व³

(यहां 23°-26′-21″·41 सन् 2000 A.D. की सूक्ष्म परमक्रान्ति और व = सन् 2000 A.D. से बीते वर्ष) ।

यदि 2000 A.D. से पूर्ववर्ती किसी वर्ष की सूर्य की सूक्ष्म परमक्रान्ति जाननी हो तो सूत्र इस प्रकार होगा–

इष्टवर्षीय परमक्रान्ति = 23°-26′-21″·41 + 0″·46845 व+ 0″·000059 व² – 0″·0000181 व³

(यहां 23°-26′-21″·41 सन् 2000 A.D. की सूक्ष्म परमक्रान्ति तथा व = सन् 2000 A.D. से पूर्ववर्ती वर्षसंख्या।)

प्रसंगवश यहां यह भी बतलाना आवश्यक है कि– सूर्यसिद्धान्त आदि हमारे प्राचीन सिद्धान्त एवं करणग्रन्थों में तो सूर्य की परमक्रान्ति स्थायी रूप से 24° ही मानी गई है, जो वर्तमान में वास्तविक परमक्रान्ति से लगभग 34′ अधिक है। अतः स्पष्ट है– इन ग्रन्थों से साधित सूर्योदयास्त, लग्न आदि पूर्णतः शुद्ध नहीं हो सकते।

[विस्तृत विवेचन के लिए पृ **287** पर दिया गया **सूर्य की परमक्रान्ति** लेख पढ़ें।]

****

एकादशी व्रत-निर्णय

एकादशी व्रत को यदि **'व्रतराज'** कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस व्रत के माहात्म्यवर्णन से हमारे **पुराण** एवं अन्य **धर्मग्रन्थ** भरे पड़े हैं। धर्मग्रन्थों में एकादशी के **उपवास** का भारी माहात्म्य लिखा है। एकादशी के दिन अन्नग्रहण करने वाले को **महापापी** बतलाया गया है। कहा गया है कि– इस दिन अन्न में सभी पाप निवास करते हैं, अतः एकादशी में भोजन करने वाला व्यक्ति महापापों का भोक्ता होता है। इस दिन भोजन करने वाले व्यक्ति को मातृहत्या, पितृहत्या, गुरुहत्या एवं भ्रातृहत्या का पाप लगता है। इस दिन व्रत न करने वाले व्यक्ति को **''रौरव''** नरक प्राप्त होता है।

इस व्रत को **'नित्य'** एवं **'काम्य'**– दोनों श्रेणियों में रखा गया है। इस व्रत के समान पापों से सर्वथा मुक्ति दिलाने वाला कोई दूसरा विधान नहीं है। यह व्रत स्वर्ग, अपवर्ग, राज्य, वैभव, पुत्र, स्त्री एवं आरोग्य–सब कुछ देता है। जो व्यक्ति **विष्णुसायुज्य** चाहता है, भवार्णव तैरना चाहता है, ऐहलौकिक और पारलौकिक किसी भी ईप्सा की पूर्ति चाहता है, उसे शास्त्रों ने दोनों (कृष्ण एवं शुक्ल) पक्षों की एकादशियों में उपवास रखने का परामर्श दिया है।

स्कन्द, विष्णु, कूर्म आदि पुराणों में इस व्रत का अनुपम माहात्म्य बार–बार दोहराया मिलता है। 8 वर्ष की आयु से अस्सी वर्ष की आयु तक इस व्रत को **'विष्णुप्रसादार्थ'** अनुष्ठित करने के लिए पुराणों का आदेश है। उनका कहना है– वयोजन्य शैथिल्य एवं रोग आदि के कारण असामर्थ्य होने पर भी इस व्रत को **'एकभक्त'** या **'नक्त'** के रूप में आचरण करते रहना चाहिए।

इस व्रत का माहात्म्य जितना विशाल है, इसकी तिथि के निर्धारण में शास्त्रकारों के मत –मतान्तर भी उससे कम नहीं हैं। **एकादशी व्रततिथि** के निर्णय के लिए **स्कन्द, कूर्म, पद्म** आदि पुराणों में तो भारी विचारविमर्श है ही, **कालमाधव, पुरुषार्थचिन्तामणि, निर्णयसिन्धु** आदि निबन्धग्रन्थों में भी इस व्रत की तिथि के ऐकमत्येन निर्धारण के लिए **तुमुल** शास्त्रार्थ हमें देखने को मिलता है, जिससे अन्य सभी व्रतों की अपेक्षा इस व्रत के प्रतिपादन नें इन ग्रन्थों के सर्वाधिक भाग को आत्मसात् किया हुआ है। यदि वर्ष के सभी व्रत–पर्वों के निर्धारणार्थ किसी निबन्धग्रन्थ में, मान लीजिए, 200 पृष्ठ हैं, तो समझ लीजिए उनमें से 30–40 पृष्ठ तो केवल एकादशी व्रत के ही निर्धारणार्थ होंगे। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि– इस व्रत की तिथि के निर्णय के बारे में हमारे पुराणों तथा धर्माचार्यों में मतभेद की कितनी विशाल परम्परा रही है। इस उलझी मतभेदपरम्परा को **माधव** आदि विद्वान् तार्किकों ने बुद्धिकौशल से न्यायेन समन्वित करते हुए सुलझाकर धार्मिकों का धर्ममार्ग प्रशस्त कर दिया है।

यहां मैं **'कालमाधव'** आदि निबन्धग्रन्थों में दिए गए लम्बे विकट वाद–विवादों को छोड़कर सारांश के रूप में **'एकादशी व्रत का निर्णयप्रकार'** अत्यन्त सरल, सुबोध शैली में पाठकों के लिए दे रहा हूं। मैं समझता हूं –एकादशी व्रत की तिथि के निर्णय का सामान्यजन के लिए भी इस जैसा सुबोध रूप आपको अ. ''त्र कहीं नहीं मिलेगा। यह मेरी पुस्तक **'व्रत–पर्व विवेक'** से उद्धृत है।

एकादशी–व्रततिथि–निर्णय का अत्यन्त सरल, सुगम प्रकार

एकादशी व्रत प्रत्येक पक्ष की एकादशी में **'स्मार्त्त'** एवं **'वैष्णव'** सम्प्रदाय के लोगों द्वारा अपने–अपने सम्प्रदायानुसारी सिद्धान्तों के आधार पर निर्णीत दिन में किया जाता है।

प्रत्येक पक्ष की एकादशी का नाम भिन्न-भिन्न है, जो इसप्रकार है-

24 पक्षों की एकादशियों के नाम							
चैत्र शु.	कामदा	आषा. शु.	देवशयनी	आश्वि.शु.	पापां (पाशा)कुशा	पौष शु.	पुत्रदा
वैशा. कृ.	वरुथिनी	श्राव. कृ.	कामदा (कामिका)	कार्त्ति.कृ.	रमा	माघ कृ.	षट्तिला
वैशा. शु.	मोहिनी	श्राव. शु.	पवित्रा	कार्त्ति.शु.	देवप्रबोधिनी	माघ शु.	जया
ज्ये. कृ.	अपरा	भाद्र. कृ.	अजा	मार्ग. कृ.	उत्पन्ना	फाल्गु.कृ.	विजया
ज्ये. शु.	निर्जला	भाद्र. शु.	पद्मा	मार्ग. शु.	मोक्षदा	फाल्गु.शु.	आमला (आमलकी)
आषा.कृ.	योगिनी	आश्वि. कृ.	इन्दिरा	पौष कृ.	सफला	चैत्र कृ.	पापमोचिनी

अधिकमास के दोनों (शुक्ल / कृष्ण) पक्षों की एकादशियों का नाम **'पुरुषोत्तमा'** होता है।

स्मार्त्त-वैष्णव एकादशी व्रत

स्मार्त्त एवं वैष्णव⊙ सम्प्रदायों के अनुसार एकादशी व्रत के तिथिनिर्णय-नियम पृथक्-पृथक् हैं, जिन्हें दो भागों में बांटा जा सकता है- प्रथम निर्णय-नियम, जिसे **'सामान्य नियम'**◈ कहा जा सकता है, वहां लागू होता है, जहां एकादशी या द्वादशी का क्षय या वृद्धि घटित न हो। इस 'सामान्य नियम' को इन तीन भागों में विभाजित किया गया है-

(i) 'अरुणोदये दशमीविद्धा एकादशी' नियम।

(ii) 'सूर्योदये दशमीविद्धा एकादशी' नियम।

(iii) 'शुद्धा (अरुणोदय और सूर्योदय-दोनों कालों में दशमी से अविद्धा) एकादशी' नियम।

द्वितीय निर्णय-नियम, जिसे **'विशेष नियम'** कहा जा सकता है, वहां लागू होता है, जहां एकादशी या द्वादशी का क्षय या वृद्धि घटित हो। इस **'विशेष नियम'**◈ को इन छः भागों में बांटा गया है-

(i) 'एकादशीवृद्धि-द्वादशीक्षय' नियम।

⊙ *'वैष्णव' शब्द का प्रयोग धर्मशास्त्रकारों ने यतियों, संन्यासियों के लिए किया है। जिन लोगों ने किसी वैष्णव संन्यासी गुरु से वैखानस, नारद, पंचरात्रादि आगमोक्त विधि से दीक्षा ली है, वे भी वैष्णव हैं। कुल-परम्परया जो स्वयं को वैष्णव सम्प्रदाय में दीक्षित मानते चले आ रहे हैं, वे भी वैष्णव माने जाते हैं।*

ध्यान रहे-वैष्णवों के एकादशी व्रत वाले दिन ही विधवाओं का भी एकादशी व्रत माना गया है, क्योंकि विधवाओं को शास्त्रकारों ने संन्यासियों की श्रेणी में माना है।

'स्मार्त' शब्द का प्रयोग शास्त्रकारों ने गृहस्थियों के लिए किया है। अतः सभी गृहस्थी लोग, जो वैष्णव सम्प्रदाय में दीक्षित नहीं हैं, वे स्मार्त कहलाते हैं। पश्चिमोत्तर भारत (पंजाब, जम्मू-कास्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान आदि) के लगभग सभी गृहस्थी स्मार्त हैं।

◈ *तीन 'सामान्य नियम' एवं छः विशेष नियमों में एकादशी-व्रतनिर्णय का यह विभाजन मेरी अपनी कल्पना है, जिसमें एकादशी-व्रतनिर्णय के विकट वाद-विवाद में उलझे मीमांसक धर्मशास्त्रियों के तर्क-वितर्कों के सिद्धान्त (अन्तिम निर्णय) का सार सरलरूप में संगृहीत है।*

(ii) 'द्वादशीवृद्धि' नियम।

(iii) 'एकादशीवृद्धि' नियम।

(iv) 'द्वादशीक्षय'' नियम।

(v) 'एकादशीक्षय– द्वादशीवृद्धि' नियम।

(vi) 'एकादशीक्षय' नियम।

ध्यान रहे– इन छः विशेष नियमों में से अनेक नियम उपरोक्त सामान्य नियमों के अनेकत्र अपवाद हैं।

इसप्रकार एकादशी–व्रतनिर्णय के ये **तीन सामान्य** और **छः विशेष**– इस तरह **कुल नौ नियम** हैं। इनका सोदाहरण सप्रमाण स्पष्टीकरण नीचे दिया जा रहा है।

पहिले सामान्य नियम लेते हैं–

(i) 'अरुणोदये दशमीविद्धा एकादशी' नियम -- यदि दशमी अरुणोदयकाल* को स्पर्श कर रही हो (यानी दशमी का समाप्तिकाल 56 घड़ी से अधिक हो) तो दशमी द्वारा अरुणोदयवेध माना जाता है। इस स्थिति में वैष्णव दूसरे दिन त्रयोदशीयुता द्वादशी के दिन व्रत करते हैं। स्मार्त्त तो उसी दिन द्वादशीयुता एकादशी में व्रत कर लेते हैं, अर्थात् दशमी द्वारा अरुणोदयवेध स्मार्त्तों को त्याज्य नहीं है, वैष्णवों को त्याज्य है।

उदाहरण–

वार	तिथि	घ.	प.	
शनि	10	56	05	
रवि	11	58	07	स्मार्त्त व्रत
चंद्र	12	59	00	वैष्णव व्रत

यहां प्रमाणार्थ **'गरुड़पुराण'** का यह वाक्य है–

दशमीशेषसंयुक्तो यदि स्यादरुणोदयः।
नैवोपोष्यं वैष्णवेन तद्दिनैकादशीव्रतम्।।

(ii) 'सूर्योदये दशमीविद्धा एकादशी' नियम-- यदि दशमी सूर्योदयानन्तर तनिक भी विद्यमान हो तो दशमी द्वारा सूर्योदयवेध माना जाता है। इस स्थिति में स्मार्त्त एवं वैष्णव-- दोनों उस दिन व्रत नहीं करते, तब वे दूसरे दिन द्वादशीयुता एकादशी में व्रत करते हैं, अर्थात् दशमी द्वारा सूर्योदयवेध दोनों सम्प्रदायों को अग्राह्य है।

उदाहरण–

वार	तिथि	घ.	प.	
चन्द्र	10	0	10	
मंगल	11	2	20	स्मार्त्त– वैष्णव व्रत
बुध	12	5	30	

---

* *सूर्योदय से पूर्ववर्त्ती 4 घड़ियों की कालावधि को 'अरुणोदयकाल' कहा जाता है।*

यहां **'कण्व'** का यह वचन प्रमाण है–

उदयोपरि विद्धा तु दशम्यैकादशी यदि।
दानवेभ्यःप्रीणनार्थं दत्तवान् पाकशासनः।।

(iii) 'शुद्धा एकादशी' नियम– यदि दशमी द्वारा अरुणोदय और सूर्योदय– दोनों का वेध न हो (यानी दशमी का समाप्तिकाल 56 घड़ी से ज्यादा न हो) तो एकादशी शुद्धा मानी जाती है। शुद्धा एकादशी की स्थिति में स्मार्त्त एवं वैष्णव दोनों उसी दिन(द्वादशीयुता एकादशी वाले दिन ही) व्रत करते हैं।

उदाहरण–

वार	तिथि	घ. प.	
गुरु	10	55 59	
शुक्र	11	57 00	स्मार्त्त– वैष्णव व्रत
शनि	12	58 30	

यहां दशमी द्वारा अरुणोदय एवं सूर्योदय–दोनों वेधों के अभाव में स्मार्त्त एवं वैष्णव–दोनों का उसी दिन व्रत उपरोक्त दो सामान्य नियमों में प्रदर्शित प्रमाणों से सिद्ध है।

यह तीन सामान्य नियमों का स्पष्टीकरण है। अब आगे छः **'विशेष नियमों'** का स्पष्टीकरण करते हैं–

(i) 'एकादशीवृद्धि–द्वादशीक्षय' नियम– एकादशी की वृद्धि होने के साथ ही द्वादशी का क्षय भी हो तो स्मार्त्त लोग 11, 12 और 13– इन तिथियों से युक्त दिन में व्रत नहीं करते। वे षष्टि– घट्यात्मक एकादशी के दिन व्रत करते हैं। लेकिन यहां वैष्णव लोग तो 11, 12 और 13 तिथियों से युक्त दिन में ही व्रत करते हैं।

ध्यान रहे– यह नियम दशमी द्वारा अरुणोदय के वेध और अवेध–दोनों स्थितियों में लागू होता है।

उदाहरण–

वार	तिथि	घ. प.	
शुक्र	10	55 40 / 56 40	
शनि	11	60 00	स्मार्त्त व्रत
रवि	11 12	1 00 59 30	वैष्णव व्रत

'कूर्मपुराण' का यह वचन स्पष्ट करता है कि– 11, 12 और 13 तिथियों से मिश्रित दिन में पुत्र–पौत्रों वाले गृहस्थी (स्मार्त्त) को व्रत नहीं करना चाहिए–

एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी।
उपवासं न कुर्वीत पुत्र–पौत्रसमन्वितः।।

यह वाक्य यहां स्मार्त्तों को षष्टिघट्यात्मक एकादशी तिथि वाले दिन और प्रकारान्तर से 11, 12,

13 तिथियों से मिश्रित दिन में वैष्णवों को व्रत करने का निर्देश करता है। इस स्थिति में 11, 12, 13 तिथियों से मिश्रित दिन में व्रत करने का निर्देश करने वाला यह वाक्य निबन्धकारों द्वारा उद्धृत किया जाता है, जिसे वैष्णवों के लिए माना गया है–

एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी।
त्रिभिः मिश्रा तिथिःप्रोक्ता सर्वपापहरा सदा।।

(ii) 'द्वादशी वृद्धि' नियम– द्वादशी की वृद्धि होने पर स्मार्त्त द्वादशीयुता एकादशी के दिन और वैष्णव षष्टिघट्यात्मक द्वादशी के दिन व्रत करते हैं। ध्यान रहे– दशमी द्वारा अरुणोदय के वेध और अवेध–दोनों स्थितियों में यह नियम भी समानरूपेण चरितार्थ होता है।

उदाहरण–

वार	तिथि	घ. प.	
मंगल	10	55 00 / 57 00	
बुध	11	59 00	स्मार्त्त व्रत
गुरु	12	60 00	वैष्णव व्रत
शुक्र	12	2 00	

इस स्थिति में **'माधव'** और **'हेमाद्रि'** एकमत नहीं हैं। यहां **माधव** के मतानुसार स्मार्त्तों का व्रत द्वादशीयुता एकादशी के दिन और वैष्णवों का षष्टिघट्यात्मक द्वादशी के दिन होना चाहिए, जबकि **हेमाद्रि** के मतानुसार स्मार्त्तों का व्रत भी वैष्णवों के व्रत के साथ षष्टिघट्यात्मक द्वादशी के दिन ही होना चाहिए। लेकिन यहां माधवमत ही बहुसम्मत है।

(iii) 'एकादशीवृद्धि' नियम– एकादशी की वृद्धि होने पर स्मार्त्त एवं वैष्णव– दोनों द्वादशीयुता एकादशी के दिन ही व्रत करते हैं। यह नियम भी दशमी द्वारा अरुणोदय का वेध एवं अवेध– दोनों स्थितियों में समान है।

उदाहरण–

वार	तिथि	घ. प.	
बुध	10	55 00 / 56 10	
गुरु	11	60 00	
शुक्र	11	2 00	स्मार्त्त–वैष्णव व्रत
शनि	12	7 00	

इस नियम का समर्थन **'नारद'** का यह वाक्य करता है–

सम्पूर्णैकादशी यत्र प्रभाते पुनरेव सा।
सर्वैरेवोत्तरा कार्या परतो द्वादशी यदि।।

अर्थात् पहिले दिन यदि षष्टिघट्यात्मक एकादशी हो और दूसरे दिन भी वह एकादशी विद्यमान हो, तब सभी (स्मार्त्तों और वैष्णवों) को दूसरे दिन व्रत करना चाहिए, बशर्ते कि वहां द्वादशी का क्षय न हुआ हो। लेकिन **'स्कन्द'** का मत है कि– यहां (एकादशी की वृद्धि होने पर) पहिले दिन षष्टिघट्यात्मक एकादशी

के दिन स्मार्त्तों एवं दूसरे दिन वैष्णवों को व्रत करना चाहिए। यहां उनका वचन यह है–

प्रथमेऽहनि सम्पूर्णा व्याप्याहोरात्र–संयुता।
द्वादश्यां च तथा तात दृश्यते पुनरेव च।।
पूर्वा कार्या गृहस्थैस्तु यतिभिश्चोत्तरा विभो।।

यहां **'नारद'** के मत को ही बहुमत प्राप्त है।

(iv) **'द्वादशीक्षय' नियम** :– द्वादशी का क्षय हो जाने पर स्मार्त्तों को दशमीयुता एवं वैष्णवों को द्वादशी–त्रयोदशीयुता एकादशी के दिन व्रत करना चाहिए।

उदाहरण–

वार	तिथि	घ. प.	
गुरु	10	5 00	स्मार्त्त व्रत
शुक्र	11	3 00	वैष्णव व्रत
	12	59 00	

यहां **'पद्मपुराण'** का वाक्य है–

एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी।
त्र्यहःस्पृक् तदहोरात्रं नोपोष्यं तत्सुतार्थिभिः।।

इस वाक्यानुसार 11, 12, 13 तिथियों से मिश्रित दिन में स्मार्त्तों (गृहस्थियों) के व्रत का निषेध और वैष्णवों के व्रत का विधान है। अतः यहां **पद्मपुराण** का यह वाक्य प्रकारान्तरेण स्मार्त्तों को सूर्योदयवेधवती दशमी के दिन एकादशीव्रत करने की ओर संकेत करता है। इसी स्थिति में दशमीमिश्रित एकादशी में व्रत करने का स्पष्ट निर्देश **वृद्धवसिष्ठ** के इस वाक्य में भी है–

द्वादशी स्वल्पमल्पापि यदि न स्यात्परेऽहनि।
दशमी–मिश्रिता कार्या महापातकनाशिनी।।

ध्यान दें– यहां **वृद्धवसिष्ठ** के इस विशेष वचनानुसार सूर्योदयवेधवती दशमी के दिन स्मार्त्तों का व्रत निर्धारित किया गया है, जोकि उपरोक्त **"उदयोपरि विद्धा तु............"**–इस सामान्य नियमानुसार निःसन्देह निषिद्ध है। लेकिन शास्त्रों द्वारा स्मार्त्तों के लिए त्रयोदशी में पारणा भी सर्वथा वर्जित मानी गई है। यदि इस (द्वादशीक्षय की) स्थिति में स्मार्त्तों का व्रत भी वैष्णवों के साथ कर दिया जाए तो स्मार्त्तों को व्रत की पारणा त्रयोदशी में करने की स्थिति आ पड़ेगी। अतः अन्य विकल्प के अभाव में स्मार्त्तों को दशमीमिश्रिता एकादशी में ही व्रत करने की अनुमति दी गई है। **किंच–** इस प्रकार की स्थिति में जब स्मार्त्तों को त्रयोदशी में पारणा करने की नौबत आ पड़े तब दशमीमिश्रिता एकादशी में ही व्रत करने की अनुमति **ऋष्यशृंग** ने भी इस वाक्य में स्पष्ट दी है–

पारणाहे न लभ्येत द्वादशी कलयापि चेत्।
तदानीं दशमीविद्धाऽप्युपोष्यैकादशी तिथिः।।

(v) **'एकादशीक्षय– द्वादशीवृद्धि' नियम** :– यदि एकादशी का क्षय और साथ ही द्वादशी की

वृद्धि भी हो तो स्मार्त्त और वैष्णव दोनों षष्टिघट्यात्मक द्वादशी के दिन व्रत करते हैं–

उदाहरण–

वार	तिथि	घ. प.	
शुक्र	10	1 00	
	11	58 00	
शनि	12	60 00	स्मार्त्त–वैष्णव व्रत
रवि	12	1 00	

यहां **व्यास** का यह वाक्य है–

एकादशी यदा लुप्ता परतो द्वादशी भवेत्।
उपोष्या द्वादशी तत्र यदीच्छेत्परमां गतिम्।।

वैसे, दशमी द्वारा सूर्योदयवेध के कारण उपरोक्त सामान्य नियमानुसार भी **व्यास** का यह निर्देश संगत है।

(vi) 'एकादशीक्षय' नियम :– यदि एकादशी का क्षय हुआ हो तो स्मार्त्त दशमीयुता एकादशी के दिन और वैष्णव त्रयोदशीयुता द्वादशी के दिन व्रत करते हैं।

उदाहरण–

वार	तिथि	घ. प.	
शनि	10	2 00	स्मार्त्त व्रत
	11	58 00	
रवि	12	55 00	वैष्णव व्रत

ध्यान दें– यहां स्मार्त्तों के व्रत को वैष्णवों के व्रत के साथ त्रयोदशीयुता द्वादशी के दिन नहीं किया जा सकता। क्योंकि, ऐसा करने पर उनकी पारणा त्रयोदशी में पड़ जाती है, जोकि सर्वथा निषिद्ध है। अतः इस स्थिति में स्मार्त्तव्रत दशमीमिश्रिता एकादशी में ही होगा। प्रमाणार्थ **ऋष्यश्रृंग** का उपरोक्त वाक्य **"पारणाहे न लभ्येत........ दशमीविद्धाऽप्युपोष्यैकादशी तिथिः।।"**– देखिए। **स्पष्ट है** – यहां उपरोक्त नियम **(iv)** वाली स्थिति है।

यह स्मार्त्तों, वैष्णवों के एकादशी व्रत की तिथि से सम्बद्ध मतमतान्तरों का मीमांसक धर्मशास्त्रियों द्वारा समन्वित निर्णय है, जिसे सुव्यवस्थित कर यथाशक्य सरलतम शैली में उपस्थापित किया गया है। मैं समझता हूं– एकादशीव्रत की तिथि के सरलतया सद्यःनिर्धारण में यह विवेचन पर्याप्त सक्षम है।

******

मुहूर्त्तशोधन में प्रादेशिकता

लेखक– प्रियव्रत शर्मा

[अनेक शुभकृत्यों के मुहूर्तों का निर्धारण हमारे मुहूर्त्तग्रन्थों में जनपदों (प्रान्तों, प्रदेशों) के आधार पर किया मिलता है। इन जनपदों के नाम, जो इन मुहूर्त्तग्रन्थों में मिलते हैं; अत्यन्त प्राचीनकालीन हैं, जिससे आजकल भूगोल पर इनकी यथार्थ स्थिति ढूंढ निकालना दैवज्ञों के लिए भारी समस्या है। क्या इस समस्या का कोई समाधान है ?– इस लेख में पढ़िए।]

मुहूर्त्तग्रन्थों में अनेक मूहूर्तों के विधि–निषेधों का प्रादेशिकता के आधार पर निर्णय मिलता है। ऐसे प्रसंगों में अनेक प्राचीन जनपदों (प्रदेशों) के नाम वहां हमें लिखे मिलते हैं। **जैसे**– अंग, बंग, कलिंग, उत्कल, मालवक, अहल्य, जांगल, यामुन, विद्रुम, गौड़, कुरु, वाल्हीक, पांचाल, अरिभीण, बलि,अर्बुद, मरु, विदर्भ, मगध, हूण, खश, त्रिपुष्कर .... आदि–आदि। उदाहरण के तौर पर नीचे कुछ ऐसे पद्य उद्धृत कर रहे हैं, जिनमें मुहूर्त्तविशेषों का विधान/निषेध ऐसे ही जनपदों के लिए किया गया है। देखिए–

"लत्तां मालवके देशे पातञ्च कुरु– जांगले।
एकार्गलञ्च काश्मीरे वेधं सर्वत्र वर्जयेत्।।
उपग्रहर्क्षं कुरु–वाल्हीकेषु कलिंग–बंगेषु च पातितं भम्।
सौराष्ट्र–शाल्वे च तु लत्तितं भं त्यजेत्तु विद्धं किल सर्वदेशे।।"

अपि च–

"तिथयो मासशून्याश्च शून्यलग्नानि यान्यपि।
मध्यदेशे विवर्ज्यानि न दूष्याणीतरेषु च।।
युतिदोषो भवेद् गौड़े जामित्रस्य च यामुने।
मासदग्धाश्च तिथयो मध्यदेशे विवर्जिताः।।"

इन श्लोकों में निर्दिष्ट जनपदों की ये मालवक, जांगल, वाल्हीक आदि संज्ञाएं शताब्दियों/सहस्राब्दियों पुरानी हैं। इनमें से अधिकतर जनपदों के आधुनिक नाम हमें ज्ञात नहीं हैं। इनकी यथार्थ सीमाएं तो **'इदमित्थम्'** निर्णीत करना बिल्कुल असम्भव है। अनेक राजनैतिक एवं अन्य कारणों से प्रत्येक प्रान्त/जनपद की सीमाएं बार–बार परिवर्तित, परिवर्धित और संकुचित होती रही हैं। इनमें से अनेक जनपद तो ऐसे हैं, जिनकी भूगोल पर लगभग स्थिति भी भूगोलशास्त्र के विशेषज्ञों को भी स्पष्ट नहीं हैं। संस्कृत के प्रामाणिक प्राचीन **'कोश'** भी इन जनपदों (प्रदेशों) को परिभाषित करने में सर्वथा असमर्थ सिद्ध हुए हैं। Monier Williams आदि द्वारा आधुनिक शोधपूर्ण संस्कृतमहाकोश भी इन जनपदों (प्रदेशों) की सीमाओं को पूरी तरह (स्पष्टता से) परिभाषित करने में सक्षम नहीं हैं। हमारे इन मुहूर्त–संहिता ग्रन्थों के प्राचीन एवं आधुनिक व्याख्याकार भी इन प्रान्तों/जनपदों की भूगोल पर यथार्थ स्थिति को स्पष्ट करने में सफल नहीं हो सके। **जैसे**– हूण, बंग, खश, त्रिपुष्कर प्रदेशों के बारे में **'पीयूषधारा'**कार ने " **हूण,–बंगौ प्राच्यदेशौ, खशो देश उत्तरस्यां, त्रिपुष्करः त्रिपुष्कराख्यो देशः**"– कहकर अपना पीछा छुड़ा लिया। इतने संकेतमात्र से पाठक इन प्रदेशों/ जनपदों की आधुनिक–भौगोलिक स्थिति के बारे में क्या–कुछ समझ सकेगा– यह स्पष्ट है। **'ज्योतिर्विदाभरण', 'पूर्वकालामृत', 'मुहूर्त्त मार्त्तण्ड'** आदि की टीकाओं से भी इन मुहूर्त्तग्रन्थों में चर्चित इन जनपदों का कुछ भी अता–पता हमें नहीं मिलता। वहां भी इन जनपदों के नामों को लगभग यथावत् उद्धृत कर श्लोकव्याख्या कर दी गई है। जहां कहीं भी इन जनपदों की स्थिति को कुछ संहिताकारों ने स्पष्ट करने का प्रयास किया है, वहां भी तात्कालिक (प्राचीन) जनपदों के सापेक्ष इन्हें स्पष्ट करने के प्रयत्न के कारण अस्पष्टताएं समाप्त नहीं हुई हैं। क्योंकि– जिन जनपद, उपजनपदों के सापेक्ष वे इन जनपदों की स्थिति–स्वरूप का स्पष्टीकरण करना चाहते हैं, वे जनपद, उपजनपद भी आज के सन्दर्भ में उतने ही अस्पष्ट हैं। **देखिए– 'वराहसंहिता'** में **'मध्यदेश'** इस प्रकार परिभाषित किया गया है–

**"मद्रारिमेद–माण्डव्य–शाल्वनीपोज्जिहान– संख्यानाः।
मरुवत्सघोष–यामुन– सारस्वत–मत्स्य–माध्यमिकाः।।**

माथुर– कोप– ज्योतिषधर्मारण्यानि सूरसेनाश्च।
गौर्ग्रीवौ– दैहिकपंचगुडाश्वत्थ पांचालाः।।
साकेतकंक–कुरु–कालकोटिकुकुराश्च पारियात्रनगः।
औदुम्बर– कापिष्ठक– गजाह्वयाश्चेति मध्यमिदम्।।''

देखिए– मध्यदेश की स्थिति बतलाते हुए **वराहमिहिर** ने जिन उपजनपदों के आधार पर **'मध्यदेश'** की स्थिति या स्वरूप को समझाने का प्रयास किया है, वे लगभग सभी आज के दैवज्ञ के लिए किसी भी प्रकार का अपेक्षित Clue(अता–पता) देने में सर्वथा असमर्थ हैं।

हां, इन जनपदों के अनेक नाम ऐसे भी हैं, जिनकी भौगोलिक स्थिति हमें ज्ञात अवश्य है, लेकिन वह भी आसन्नमान से। इनमें अंग, बंग, कलिंग, विदर्भ, उत्कल, सौराष्ट्र आदि आते हैं। लेकिन इनका केन्द्रस्थल तथा इनके केन्द्रस्थल से पूर्व, पश्चिम आदि दिशाओं में इनका **'क्रोश योजनात्मक'** विस्तार बिल्कुल भी ज्ञात नहीं है।

किञ्च– मुहूर्त्तग्रन्थों मे अनेकत्र नदियों के तटवर्ती प्रदेशों को भी कालविशेष में शुभकृत्यों के लिए ग्राह्य या निषिद्ध लिखा है। **जैसे**–

**''विपाशेरावती तीरे शुतुद्रयाश्च त्रिपुष्करे।
विवाहादि शुभं नेष्टं होलिका प्राग्दिनाष्टकम्।।''**– *(मुहूर्त्त चिन्तामणि)*

ऐसे निर्देशों का पालन भी मौहूर्त्तिकों के लिए समस्या है। क्योंकि, नदीतट कितने क्रोश या योजन तक माना जाए– यह भी इन ग्रन्थों में परिभाषित नहीं है। **अपि च**– इन नदियों के धारामुख यथेच्छ अनेक दिशाओं में समय–समय पर बदलते रहे हैं, जिससे इनके तटवर्ती प्रदेश अब वे नहीं रहे, जो इन मुहूर्त्तग्रन्थों के निर्माणकाल में शताब्दयों पूर्व थे। अतः मूलस्थान से पचासों योजन इधर–उधर विचलित इन नदीतटों के अनुसार शास्त्रोक्त इन विधि–निषेधों का पालन कहां तक संगत होगा ? इस अनिश्चय की स्थिति में प्रादेशिकता के आधार पर मुहूर्त्तनिर्णय कर पाना मुहूर्त्तकार के लिए भारी समस्या है।

ऐसे अज्ञातस्थिति विस्तार वाले प्राचीन जनपदों/नदी/नदों के आधार पर मुहूर्त्तसम्बन्धी विधि–निषेधों का दृढ़ता से पालन अब एक असमाधेय समस्या है। यह समस्या आधुनिक ही नहीं, अपितु यह पर्याप्त प्राचीनकाल से मुहूर्त्तशोधकों को परेशान करती चली आ रही है। इसका सीधा समाधान असम्भव जानकर कुशल दैवज्ञ विद्वानों ने इसका अन्यथा समाधान दैवज्ञों को समझाया है। उनका कहना है– क्योंकि, हूण, खश, अरिमीण, वाल्हीक आदि प्राचीन प्रदेशों की यथार्थ स्थिति और सीमाएं अब **'इदमित्थम्'** निर्धारित नहीं की जा सकतीं, अतः दैवज्ञ को तत्तत्स्थानीय परम्पराओं के अनुसार ही मुहूर्त्तशास्त्रगत विधि–निषेधों का यथाशक्य प्रयोग करते हुए शुभकृत्यों के मुहूर्त्तों का निर्णय करना चाहिए। उन्होंने तो यहां तक भी कहा है कि– यदि कभी शास्त्रनिर्णय देशाचार से विलग हो तो वहां देशाचार को ही महत्त्व दिया जाए। इस विषय में **'वराहमिहिर'** का यह वचन है–

**''देशाचारस्तावदादौ विचिन्त्यः देशे–देशे या स्थितिः सैव कार्या।
लोकद्विष्टं पण्डिताः वर्जयन्ति दैवज्ञोऽतो लोकमार्गेण यायात्।।''**

'ज्योतिर्विदामरण' कार तो लोक (परंपरा) धर्म को वेद, पुराण और स्मृतिप्रतिपादित धर्म से भी अधिक मान्य बतलाते हैं, क्योंकि लोकाचार शास्त्रीय आचार से अधिक बलवत्तर है–

**''पुराणवेदस्मृतिधर्मतो बहिः धर्मोऽयमत्र प्रतिपादनीयः।
शास्त्रप्रमाणादपि लोकधर्मः प्रमाणमेतद्बलवत्तदादरात्।।''**

इससे स्पष्ट है– 'ज्योतिर्विदामरण' कार आदि आचार्य देशाचार के विरुद्ध मुहूर्त्तसिद्धान्तों को मान्यता देने के पक्ष में कदापि नहीं हैं।

इस प्रकार मुहूर्त्तों के निर्धारण में उत्पन्न होने वाली प्रदेशानुसारी एवं अन्य सभी प्रकार की दैवज्ञों की दुविधा को वराह आदि आचार्यों का यह उपरोक्त परामर्श निरस्त जरूर करता है; लेकिन इससे यह भी प्रमाणित हो जाता है कि– मुहूर्त्तशास्त्रों के ये सभी नियम (बन्धन) तत्तत् प्रान्तों/जनपदों की लोकपरम्परा के अतिरिक्त और कुछ नहीं है।

****

परिहृत दुष्टकूटों के गुण

[क्या परिहार हो जाने पर दोषपूर्ण कूट के गुण प्राप्त मूल गुणसंख्या में मिलाए जाएं ?]

लेखक :- प्रियव्रत शर्मा

[मिलान पर लिखी मेरी पुस्तक *'ग्रहयोग एवम् दाम्पत्य जीवन'* में मैंने अष्टकूटों के विवेचन में यह प्रतिपादित किया है कि – जो दुष्टकूट परिहृत हो जाए, उसके पूरे नहीं तो कम से कम आधे गुण तो *'मूल गुणयोग' (सामान्य मेलापक द्वारा प्राप्त गुणयोग)* में मिलाना ज़रूरी है, जिससे वास्तविक गुणयोग प्राप्त होता है। क्योंकि दोषपरिहार का अर्थ यही है कि– दोष समाप्त हो गया है। अतः उस दोष से उत्पन्न गुणहानि भी समाप्त मानी जाए। लेकिन कई दैवज्ञ, जिन्होंने मेरी उक्त पुस्तक में दिया गया एतद्विषयक प्रतिपादन पढ़ा नहीं है, वे इस विषय पर आपत्ति करते हैं। उनकी यहां एकमात्र आपत्ति यह है कि– परिहृत सदोष कूट के गुणों को *'मूल गुणयोग'* में जोड़ने की बात किसी भी मुहूर्त्तग्रन्थ में नहीं लिखी है। इन आपत्तिकारी दैवज्ञों की शंका निवृत्त करने के लिए इस विषय पर यह लेख यहां सविवेचन दिया जा रहा है।]

दोषपरिहार का अर्थ है– दोष की समाप्ति। अतः जब कूट का दोष समाप्त होगा तब स्पष्ट है, उस कूट के गुण,जो सामान्य वाक्यद्वारा निर्दिष्ट दोष के कारण समाप्त (शून्य) अथवा कम कर दिए गए थे, पुनः प्राप्त हो जाएंगे और उन्हें **'मूल गुणयोग'** में जोड़ा जाएगा। तर्कशास्त्र का न्याय है– **" निमित्तापाये नैमित्तिकस्याप्यपायः"**, अर्थात् किसी कार्य (उत्पाद) का कारण (उत्पत्तिहेतु) ही समाप्त हो जाए तो वह कार्य भी समाप्त हो जाता है। **जैसे**– कमज़ोरी रोग का कारण हो तो कमज़ोरी समाप्त हो जाने पर रोग भी समाप्त हो जाएगा। इसी तरह जब दोष ही परिहृत (समाप्त) हो गया तब उससे उत्पन्न गुणाभाव/गुणन्यूनता भी समाप्त हो जानी चाहिए। यह शत–प्रतिशत तर्कसंगत है।

इस प्रकार स्पष्ट है– दुष्टकूटों के ये शास्त्रीय परिहारवाक्य प्रकारान्तर से यह भी बतलाते हैं कि– परिहृत दुष्टकूट के गुणों को **'मूल गुणयोग'** में जोड़ना आवश्यक है और इस तरह प्राप्त वास्तविक गुणसंख्या के आधार पर ही **"गुणैः षोडशभिर्निन्द्यम् ...."** नियमानुसार विवाहसम्बन्ध की शक्याशक्यता का निर्णय करना चाहिए। यदि शास्त्र–वाक्याभिप्राय को समझने में असमर्थ कोई दैवज्ञ परिहृत दुष्टकूट के गुणों को **'मूल गुणयोग'** में मिलाने का विरोध करता है, तब उसे 16 से कम **'मूल गुणयोग'** होने की स्थिति में दुष्टकूटों का परिहार हो जाने पर भी विवाहसम्बन्ध की अनुमति नहीं देनी चाहिए। यदि वह परिहृत दुष्टकूटों के गुणों को तिरस्कृत करते हुए 16 से कम **'मूल गुणयोग'** के कारण विवाहसम्बन्ध को अशास्त्रीय बतलाता है, तब स्पष्ट है– वह दुष्टकूटों के शास्त्रीय परिहार–वाक्यों को रद्दी की टोकरी में फेंक रहा है। ऐसे अतर्कशील दैवज्ञ को तो **संहिता** आदि ग्रन्थों में निर्दिष्ट कूटदोषों को अग्राहय बतलाने वाले वाक्यों को भी मानने का अधिकार तर्कशास्त्र नहीं देता। क्योंकि, जिन ऋषियों/आचार्यों ने कूटदोषों को अग्राहय लिखा है, कूटदोषों के परिहारवाक्य भी उन्होंने ही लिखे हैं। किसी ऋषि/आचार्य के मत के एकभाग को मान्यता देना और उसी के दूसरे भाग को अमान्य ठहराना न्यायसंगत कदापि नहीं है– **"नहि कुक्कुट्याः अर्द्धं प्रसवाय अर्द्धञ्च भक्षणाय कल्पते"** (अर्थात् आधी मुर्गी अण्डे देने और आधी खाने के लिए नहीं हो सकती)।

स्पष्ट है– दैवज्ञ को मिलानविचार में परिहारवाक्यों को मान्यता तो अनिवार्यतः देनी ही पड़ती है। जब परिहारवाक्य मानने के लिए वह शास्त्रानुसार बाधित है तब परिहृत दुष्टकूटों के गुणों को वह अस्वीकार नहीं कर सकता। **"परिहृत दुष्टकूट के गुणों को अस्वीकार करना"** प्रकारान्तर से **" दुष्टकूट के परिहार को अस्वीकार करना"** ही है। क्योंकि इन दोनों में परस्पर कारण–कार्य भाव सम्बन्ध है।

किञ्च– जो दैवज्ञ परिहृत दुष्टकूटों के गुणों को 16 से कम **'मूल गुणयोग'** में जोड़े बिना ही विवाहसम्बंध की अनुमति देने के पक्ष में हैं, वे भी प्रकारान्तरंण **(वधू–श्वश्रू–न्यायेन)** परिहृत दुष्टकूटों के

गुणों को **'मूल गुणयोग'** में जोड़ने का सिद्धान्त मनसा तो स्वीकारते ही हैं, अन्यथा 16 से कम गुणों वाले मिलान को ग्राह्य बतलाने वाले ये दैवज्ञ **''गुणैः षोडशभिर्निन्द्यम् ....''** शास्त्रवाक्य के उल्लंघन के अपराधी होंगे।

अन्त में मैं इन तर्कोपेक्षी दैवज्ञों का, जो शास्त्र के स्पष्ट वाचिक आदेश के बिना सुस्पष्ट, तर्कसंगत बात को भी स्वीकारने को तैयार नहीं हैं, **''काकदधिरक्षण'** न्याय की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। इस न्याय का आख्यान इस प्रकार है–

देवदत्त को दही के कटोरे के पास बैठाकर, उसकी मां बोली– 'देवदत्त! ध्यान रखना, कौओं से दही को बचाना, मैं मन्दिर जा रही हूँ'। माता जी पूजा करके जब मन्दिर से लौटी तो देखा– कटोरा बिल्कुल खाली है, उसमें दही कतई नहीं। उसने देवदत्त से पूछा–' दही कहां गया ? देवदत्त ने भोलेपन से कहा– 'उसे तो बिल्ली चाट गई। मैंने उसे रोका नहीं, क्योंकि आपने तो दही को कौओं से बचाने के लिए कहा था।'

सारांश यह है– सभी कुछ शास्त्र नहीं कहते। शास्त्रकार स्पष्टतया प्रतीयमान बात को वचसा उपस्थापित करना बहुशः अनपेक्षित समझते हैं, क्योंकि विमर्शशील व्यक्ति उसे स्वयं समझ जाता है–

''अनुक्तमप्यूहति पण्डितो जनः''।

सूर्य की परमक्रान्ति

(Obliquity of the ecliptic)

लेखक- प्रियव्रत शर्मा

[सूर्य की परमक्रान्ति (क्रान्तिवृत्त एवम् नाड़ीवृत्त के धरातलों से उत्पन्न कोण) जो आजकल (सन् 2009 ई. में) 23°-26′-17′′.19 है, धीरे--धीरे प्रतिवर्ष 28 प्रतिविकला की दर से कम होती जा रही है--ऐसा कुछ ज्योतिष एवम् भूगोलग्रन्थों से संकेत मिलता है। यदि कहीं इसी क्षयगति से परमक्रान्ति कम होती चली गई तो हमारी यह प्रिय धरा सुदूर भविष्य में आवासयोग्य नहीं रहेगी। क्या यह आशंका यथार्थ है ? इसे यह लेख स्पष्ट करता है।]

क्रान्तिवृत्त एवम् नाड़ीवृत्त (Equator) के धरातलों का मध्यवर्ती कोण, जिसे परमक्रान्ति कहा जाता है, पृथ्वी की आवास-योग्यता का एक प्रमुख कारण है। यदि कहीं यह कोण शून्य हो जाए, यानि क्रान्तिवृत्त और नाड़ीवृत्त दोनों अभिन्न हो जाएं तो यह हमारी स्वर्ग-सी सुरम्य, स्पृहणीय जन्मभूमि बिल्कुल अन्यथा ही हो जाएगी और तब इस पर आजकल उपलब्ध अधिकतर प्राणी एवम् अन्य पदार्थ शायद ही यहां उपलब्ध हों। नाड़ीवृत्त से सूर्य के उत्तरी एवं दक्षिणी अन्तर की न्यूनाधिकता पर हमारी ऋतुएं निर्भर करती हैं, क्रान्तिवृत्त एवम् नाड़ीवृत्त की अभिन्नता की स्थिति में स्पष्ट है सूर्य वर्षभर नाड़ीवृत्त में ही भ्रमण करेगा। जिससे विश्व के पृथक्-पृथक् स्थलों पर तब वर्षभर एक ही विलक्षण स्थानीय ऋतु रहेगी, जो न तो वसन्त ही होगी और न ही ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमन्त या शिशिर ही। क्योंकि इन छः ऋतुओं में से प्रत्येक ऋतु अपनी पूर्वापरवर्ती दो ऋतुओं के वायुमण्डल आदि के मिश्रण से बनती है, किसी भी ऋतु का स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं है। भूगोल पर आजकल उत्पन्न होने वाले विभिन्न ऋतुओं के फल फूल, धान्य-वनस्पति भी वर्षभर एकही अपरिवर्तित ऋतु के कारण सर्वथा लुप्त हो जाएंगे। ऐसी सर्वदा एकरूप ऋतु के वातावरण में मनुष्य एवम् अन्य जीव-जन्तुओं का अस्तित्व भी सम्भव नहीं होगा। परमक्रान्ति की शून्यता की स्थिति में भूगोल पर सर्वत्र दिन-रात बराबर होंगे। केवल उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव-स्थानों (उत्तरी एवम् दक्षिणी 90° अक्षांशीय बिन्दुस्थलों) को छोड़कर अन्यत्र सर्वत्र आजकल के उत्तरी एवम् दक्षिणी ध्रुव प्रदेशों (Arctic, Antarctic Regions) में भी प्रत्येक दिन सूर्य 12 घण्टा के लिए क्षितिज से ऊपर रहेगा। किञ्च उत्तरी-दक्षिणी ध्रुव स्थानों पर भी सूर्य वर्षभर किरणवक्रीभवन के कारण एक-दो अंश क्षितिज से ऊपर 24 घण्टे चारों दिशाओं में भ्रमण करता दीखेगा। इसके परिणामस्वरूप Arctic और Antarctic Regions के क्षेत्र ऐसे हिमाच्छादित नहीं रह सकेंगे, जैसे कि आजकल हैं। Tropic of Cancer और Tropic of Capricorn की धारणा अर्थहीन हो जाएगी। उष्णकटिबन्ध नाम का कोई प्रदेश पृथ्वी पर नहीं रहेगा।प्रकृति की इस भारी उथल-पुथल से भूगोल के अन्य सभी क्षेत्रों में अकल्प्य भारी प्रकृति-व्यत्यय होगा। परमक्रान्ति की शून्यता से उत्पन्न यह भारी प्रकृति-व्यत्यय इस भूगोल पर प्राणियों एवम् वनस्पतियों के जीवन के लिए असह्य समस्याएं पैदा करेगा।

क्या इस प्रकार उपरोक्त महान् प्रकृति-विक्षोभ की कारण परमक्रान्ति की ऐसी शून्यता कभी हो सकती है ? आइए, आधुनिक खगोल शास्त्रियों द्वारा साधित परमक्रान्ति की क्षयवृद्धि के प्रतिपादक सूत्र के विश्लेषण द्वारा हम इसका निर्णय करते हैं।

हमारे सिद्धान्तज्योतिष एवम् भूगोल के अधिकतर ग्रन्थों में यह सामान्य निर्देश मिलता है कि परमक्रान्ति (सूर्य की परमक्रान्ति), जो आजकल (सन् 2009 में) 23°-26′-17″.19 है, प्रतिवर्ष 28 प्रति विकला की दर से कम होती जा रही है। इस निर्देश को यदि यथार्थ मान लिया जाए तो सामान्य गुणन-प्रक्रिया से स्पष्ट हो जाता है कि-आजकल की इस परमक्रान्ति कों शून्य होने में लगभग 1,80,000 वर्ष लगेंगे, अर्थात् तब इतने वर्षो बाद क्रान्तिवृत और नाड़ीवृत्त की अभिन्नता हो जाने के कारण भूगोल पर उपरोक्त प्रकृति-विक्षोभ देखने को मिलेगा। लेकिन नाक्षत्रभौतिकी के सिद्धान्त हमें बतलाते हैं कि इन ग्रन्थों में निर्दिष्ट परमक्रान्ति के क्षय की यह वार्षिक दर आगामी लगभग दो-तीन हजार वर्षों के लिए तो सामान्यतः स्वीकार

की जा सकती है। लेकिन ध्यान रहे– यह क्षयदर स्थायी नहीं है। क्षय की यह दर उत्तरोत्तर बहुत धीरे–धीरे कम होती जा रही है और आगामी लगभग 16,000 वर्षों में (यानी 18,000 A.D. में) यह शून्य हो जाएगी और तब परमक्रान्ति की यह क्षय–प्रक्रिया रुक जाएगी। एतद्‌विषयक गणितसूत्र, जिसे अभी हम उद्धृत करने जा रहे हैं, हमें बतलाता है कि– आगामी लगभग 9,000 वर्षों में (यानि सन् 11,000 A.D. में) परमक्रान्ति का अधिकतम क्षय हो चुकेगा, जोकि 49′ से अधिक नहीं होगा, अर्थात् 11,000 A.D. में परमक्रान्ति आज की परमक्रान्ति से लगभग 49′ ही कम हो पाएगी। यानि तब यह 22°–37′ के लगभग होगी। इससे कम परमक्रान्ति कभी नहीं हो सकेगी। इसके अनन्तर परमक्रान्ति की क्षयदर उत्तरोत्तर घटती जाएगी। इस परमाल्प सीमा पर पहुंचने के बाद यानि 11,000 A.D. के बाद परमक्रान्ति पुनः धीरे–धीरे बढ़ने लगेगी। तदनन्तर इसका क्षय नहीं अपितु वृद्धि होगी। स्पष्टता के लिए लेख के अन्त में पृष्ठ 289 पर दिया गया कोष्ठक देखिए, जिसमें 2000 A.D. से 21,000 A.D. तक की सूक्ष्म परमक्रान्ति दी गई है। परमक्रान्ति की क्षयवृद्धि को इस निम्नांकित सूत्र से प्रकट किया गया है। इस सूत्र द्वारा आप किसी भी वर्ष की परमक्रान्ति अत्यन्त सूक्ष्मता से जान सकते हैं। सूत्र इस प्रकार है–

इष्टवर्षीय परमक्रान्ति = 23°–26′–21″.41 – 46″.845 श – 0″.0059 श² + 0″.00181 श³
(यहां 23°–26′–21″.41 ई. सन् 2000 A.D. की परमक्रान्ति है और श = 2000 A.D. के बाद बीती शताब्दी / शताब्दियां)

इस सूत्र के प्रयोग के लिए सन् 2000 A.D. के बाद बीते वर्षों को 100 से भाग देकर शताब्दियों में बदलना होगा। यदि यहां **श** (शताब्दी) के स्थान पर वर्षोंका ही प्रयोग करना अभीष्ट हो तो इस सूत्र को इस प्रकार लिखा जाएगा–

अभीष्टवर्षीय परमक्रान्ति = 23°-26′-21″.41–0″.46845 व–0″.000059 व² + 0″.0000181 व³
(यहां 23°-26′-21″.41 ई. सन् 2000 A.D. की परमक्रान्ति और व = 2000 ई. सन् के बाद बीते वर्षों की संख्या।)

उदाहरणार्थ :– 2010 ई. की परमक्रान्ति जानने के लिए हम इस सूत्र का प्रयोग इस प्रकार करेंगे–
(यहां 'व' = 10 होगा।)

सन् 2010 ई. की परमक्रान्ति = 23°-26′-21″.41–0″.46845 (10)– 0″.000059 (10)² + 0″.0000181 (10)³
= 23°-26′-21″.41 – 4″.6845 – 0″.0059 + 0″.0181
= 23°-26′-21″.41 – 4″.6904 + 0″.0181
= 23°-26′-21″.41 – 4″.6723
= **23°-26′-16″.74** (सन् 2010 ई. की परमक्रान्ति)

प्रसंगवश यहां यह भी बतलाना आवश्यक है कि– 'सूर्यसिद्धान्त' आदि हमारे सभी सिद्धान्त एवम् करणग्रन्थों में तो परमक्रान्ति स्थायी रूप से 24° ही मानी गई है, जो आजकल वास्तविक परमक्रान्ति से लगभग 34′ अधिक है। अतः स्पष्ट है, इन ग्रन्थों से साधित सूर्योदयास्तकाल एवम् लग्नादि पूर्णतः शुद्ध नहीं हो सकते।

ईस्वी सन् 2000 A.D. से 21,000 A.D. तक सूर्य की सूक्ष्म परमक्रान्ति तथा इसकी वार्षिक क्षय–वृद्धि-दर

ईस्वी सन् (A.D.)	अभीष्ट वर्षीय परमक्रान्ति अं. क. वि.	★ परमक्रान्ति में मध्यम-मानेन वार्षिक क्षयदर प्रति विकला	ईस्वी सन् (A.D.)	अभीष्ट वर्षीय परमक्रान्ति अं. क. वि.	★ परमक्रान्ति में मध्यम-मानेन वार्षिक क्षय–वृद्धिदर प्रति विकला
2000	23 26 21	– 28.1	12000	22 37 28	– 17.6
3000	23 18 34	– 28.0	13000	22 39 26	– 15.4
4000	23 10 57	– 27.7	14000	22 43 22	– 12.9
5000	23 03 39	– 27.2	15000	22 49 29	– 10.2
6000	22 56 54	– 26.5	16000	22 57 54	– 7.3
7000	22 50 51	– 25.6	17000	23 08 51	– 4.2
8000	22 45 40	– 24.4	18000	23 22 29	– 0.9
9000	22 41 34	– 23.0	19000	23 38 58	+ 2.7
10000	22 38 42	– 21.4	20000	23 58 34	+ 6.4
11000	22 37 17	– 19.7	21000	24 21 23	+ 10.4

★ परमक्रान्ति = 2000 **A.D.** की परमक्रान्ति।

ध्यान दें– अभीष्टवर्षीय परमक्रान्ति के ज्ञापक सूत्र द्वारा प्राप्त उपरोक्त परिणामों से स्पष्ट है कि– 12000 **A.D.** के बाद परमक्रान्ति उत्तरोत्तर द्रुतगति से बढ़ने लगती है। क्या इस बढोतरी (Acceleration) की कोई सीमा भी है ? इस पर फिर कभी विचार–विमर्श किया जाएगा।

सूर्योदयास्तकाल (भा. स्टैं. टा.)

नगर→	अमृतसर (पं.)		अहमदाबाद		कांगड़ा (हि.प्र.)		कुरुक्षेत्र (हरि.)		कोलकाता (बं.)		गुवाहाटी		ग्वालियर(म.प्र.)	
तारीख	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त
↓	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.
दिसं. 31	7 34	17 36	7 24	18 03	7 29	17 27	7 23	17 29	6 20	16 59	6 14	16 40	7 08	17 33
जन. 4	7 34	17 38	7 25	18 05	7 30	17 29	7 24	17 32	6 21	17 02	6 15	16 42	7 09	17 36
8	7 35	17 42	7 26	18 07	7 30	17 33	7 24	17 35	6 22	17 05	6 15	16 45	7 10	17 39
12	7 35	17 45	7 26	18 10	7 30	17 36	7 24	17 39	6 23	17 07	6 15	16 48	7 10	17 41
16	7 34	17 49	7 26	18 13	7 30	17 40	7 24	17 42	6 23	17 10	6 15	16 51	7 10	17 44
20	7 33	17 52	7 26	18 16	7 29	17 43	7 23	17 45	6 23	17 13	6 15	16 54	7 09	17 48
24	7 32	17 55	7 25	18 19	7 27	17 47	7 21	17 49	6 22	17 16	6 14	16 57	7 09	17 51
28	7 29	17 59	7 24	18 21	7 25	17 51	7 20	17 52	6 21	17 18	6 12	17 00	7 07	17 54
फर. 1	7 27	18 02	7 23	18 24	7 23	17 55	7 18	17 56	6 20	17 21	6 11	17 03	7 05	17 57
5	7 26	18 06	7 21	18 .27	7 20	17 58	7 15	17 59	6 18	17 23	6 09	17 06	7 03	18 00
9	7 21	18 09	7 19	18 29	7 17	18 02	7 12	18 03	6 16	17 26	6 06	17 09	7 01	18 02
13	7 18	18 12	7 16	18 32	7 13	18 05	7 09	18 06	6 14	17 28	6 03	17 11	6 58	18 05
17	7 14	18 15	7 14	18 34	7 09	18 09	7 05	18 09	6 11	17 30	6 00	17 14	6 55	18 08
21	7 10	18 19	7 11	18 36	7 05	18 12	7 01	18 12	6 08	17 32	5 57	17 17	6 52	18 10
25	7 06	18 22	7 08	18 38	7 01	18 15	6 57	18 15	6 05	17 34	5 53	17 19	6 49	18 13
मार्च 1	7 02	18 25	7 04	18 40	6 57	18 18	6 53	18 18	6 02	17 36	5 50	17 21	6 45	18 15
5	6 57	18 28	7 01	18 42	6 52	18 21	6 49	18 20	5 59	17 38	5 46	17 23	6 41	18 17
9	6 52	18 30	6 57	18 43	6 47	18 24	6 44	18 23	5 55	17 40	5 42	17 26	6 37	18 19
13	6 48	18 33	6 54	18 45	6 42	18 27	6 40	18 26	5 51	17 41	5 38	17 28	6 33	18 21
17	6 42	18 35	6 50	18 46	6 37	18 30	6 35	18 28	5 48	17 43	5 33	17 30	6 29	18 23
21	6 37	18 38	6 46	18 48	6 32	18 33	6 30	18 31	5 44	17 44	5 29	17 32	6 24	18 25
25	6 32	18 41	6 42	18 49	6 27	18 35	6 25	18 33	5 40	17 45	5 25	17 33	6 20	18 27
29	6 27	18 43	6 38	18 51	6 21	18 38	6 20	18 35	5 36	17 47	5 21	17 35	6 16	18 29
अप्रै. 2	6 22	18 45	6 34	18 52	6 16	18 41	6 15	18 38	5 32	17 48	5 16	17 37	6 12	18 31
6	6 17	18 48	6 31	18 54	6 11	18 44	6 11	18 40	5 29	17 50	5 12	17 39	6 07	18 33
10	6 12	18 50	6 27	18 55	6 06	18 46	6 06	18 43	5 25	17 51	5 08	17 41	6 03	18 34
14	6 08	18 53	6 23	18 57	6 02	18 49	6 01	18 45	5 21	17 53	5 04	17 43	6 00	18 36
18	6 03	18 55	6 20	18 58	5 57	18 52	5 57	18 48	5 18	17 54	5 00	17 45	5 56	18 38
22	5 59	18 58	6 17	19 00	5 52	18 55	5 53	18 50	5 15	17 56	4 57	17 47	5 52	18 40
26	5 54	19 01	6 13	19 02	5 48	18 58	5 49	18 53	5 12	17 57	4 53	17 49	5 48	18 42
30	5 50	19 03	6 11	19 03	5 44	19 00	5 45	18 55	5 09	17 59	4 50	17 51	5 45	18 44
मई 4	5 47	19 06	6 08	19 05	5 40	19 03	5 42	18 58	5 06	18 01	4 47	17 53	5 42	18 46
8	5 43	19 09	6 05	19 07	5 37	19 06	5 39	19 00	5 04	18 02	4 44	17 55	5 39	18 48
12	5 40	19 11	6 03	19 09	5 34	19 09	5 36	19 03	5 02	18 04	4 42	17 57	5 37	18 51
16	5 38	19 14	6 01	19 11	5 31	19 12	5 33	19 06	5 00	18 06	4 39	18 00	5 35	18 53
20	5 35	19 16	6 00	19 13	5 29	19 14	5 31	19 08	4 58	18 08	4 38	18 02	5 33	18 55
24	5 33	19 19	5 59	19 15	5 27	19 17	5 29	19 10	4 57	18 10	4 36	18 04	5 31	18 57
28	5 32	19 21	5 58	19 16	5 25	19 19	5 27	19 13	4 56	18 12	4 35	18 06	5 30	18 59
जून 1	5 30	19 23	5 57	19 18	5 24	19 22	5 26	19 15	4 55	18 13	4 34	18 08	5 29	19 01
5	5 30	19 25	5 57	19 20	5 20	19 24	5 26	19 17	4 55	18 15	4 34	18 10	5 29	19 03
9	5 29	19 27	5 57	19 21	5 22	19 26	5 25	19 19	4 55	18 16	4 33	18 11	5 29	19 04
13	5 29	19 29	5 57	19 23	5 22	19 28	5 25	19 20	4 55	18 18	4 33	18 13	5 29	19 06
17	5 29	19 30	5 57	19 24	5 22	19 29	5 25	19 22	4 56	18 19	4 34	18 14	5 29	19 07
21	5 30	19 31	5 58	19 25	5 23	19 30	5 26	19 23	4 56	18 20	4 35	18 15	5 30	19 08
25	5 31	19 32	5 59	19 25	5 24	19 30	5 27	19 23	4 57	18 21	4 36	18 16	5 31	19 09
29	5 32	19 32	6 00	19 26	5 25	19 31	5 28	19 24	4 58	18 21	4 37	18 16	5 32	19 09

सूर्योदयास्तकाल (भा. स्टैं. टा.)

नगर→	अमृतसर (पं.)		अहमदाबाद		कांगड़ा (हि.प्र.)		कुरुक्षेत्र (हरि.)		कोलकाता (बं.)		गुवाहाटी		ग्वालियर(म.प्र.)	
तारीख	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त
↓	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.
जुला. 3	5 33	19 32	6 02	19 26	5 27	19 31	5 30	19 24	5 00	18 21	4 38	18 16	5 33	19 09
7	5 36	19 31	6 03	19 26	5 29	19 30	5 32	19 23	5 01	18 21	4 40	18 16	5 35	19 09
11	5 38	19 30	6 05	19 26	5 31	19 29	5 34	19 22	5 03	18 21	4 42	18 15	5 37	19 09
15	5 40	19 30	6 06	19 25	5 33	19 27	5 36	19 21	5 04	18 20	4 43	18 14	5 38	19 08
19	5 42	19 28	6 08	19 24	5 35	19 26	5 38	19 20	5 06	18 19	4 45	18 13	5 40	19 06
23	5 44	19 26	6 10	19 22	5 38	19 24	5 40	19 18	5 08	18 18	4 47	18 11	5 42	19 05
27	5 47	19 24	6 11	19 21	5 41	19 22	5 42	19 16	5 09	18 16	4 49	18 09	5 44	19 03
31	5 50	19 21	6 13	19 19	5 43	19 19	5 45	19 13	5 11	18 14	4 51	18 07	5 46	19 00
अग. 4	5 52	19 18	6 15	19 16	5 46	19 15	5 47	19 10	5 13	18 12	4 53	18 04	5 48	18 58
8	5 55	19 14	6 17	19 14	5 48	19 12	5 50	19 07	5 14	18 10	4 55	18 02	5 50	18 55
12	5 57	19 11	6 18	19 11	5 51	19 08	5 52	19 03	5 16	18 07	4 57	17 58	5 52	18 52
16	6 00	19 07	6 20	19 08	5 54	19 04	5 55	18 59	5 17	18 04	4 59	17 55	5 54	18 49
20	6 02	19 03	6 21	19 05	5 56	18 59	5 57	18 55	5 19	18 01	5 01	17 51	5 56	18 45
24	6 05	18 58	6 22	19 01	5 59	18 55	5 59	18 51	5 20	17 57	5 03	17 48	5 58	18 41
28	6 07	18 54	6 24	18 57	6 01	18 50	6 01	18 46	5 21	17 54	5 05	17 44	5 59	18 37
सितं. 1	6 10	18 49	6 25	18 54	6 04	18 45	6 04	18 42	5 23	17 50	5 06	17 39	6 01	18 33
5	6 12	18 45	6 26	18 50	6 06	18 40	6 06	18 37	5 24	17 46	5 08	17 35	6 03	18 29
9	6 14	18 40	6 28	18 46	6 09	18 35	6 08	18 32	5 25	17 42	5 10	17 31	6 04	18 25
13	6 17	18 35	6 29	18 42	6 11	18 30	6 10	18 27	5 26	17 38	5 11	17 26	6 06	18 20
17	6 19	18 30	6 30	18 38	6 14	18 24	6 12	18 22	5 27	17 34	5 13	17 22	6 07	18 16
21	6 22	18 24	6 31	18 34	6 16	18 19	6 14	18 17	5 29	17 30	5 14	17 17	6 09	18 11
25	6 24	18 19	6 32	18 30	6 19	18 14	6 17	18 12	5 30	17 26	5 16	17 13	6 11	18 07
29	6 27	18 14	6 34	18 26	6 21	18 09	6 19	18 07	5 31	17 22	5 18	17 09	6 13	18 02
अक्तू. 3	6 29	18 09	6 35	18 22	6 24	18 03	6 21	18 02	5 32	17 19	5 19	17 04	6 14	17 58
7	6 32	18 04	6 37	18 18	6 26	17 58	6 23	17 57	5 34	17 15	5 21	17 00	6 16	17 54
11	6 34	18 00	6 38	18 14	6 29	17 54	6 26	17 53	5 35	17 11	5 23	16 56	6 18	17 50
15	6 37	17 55	6 40	18 11	6 32	17 49	6 29	17 47	5 37	17 08	5 25	16 52	6 20	17 46
19	6 40	17 51	6 41	18 07	6 35	17 44	6 31	17 44	5 38	17 04	5 27	16 48	6 22	17 42
23	6 43	17 47	6 43	18 04	6 38	17 40	6 34	17 40	5 40	17 01	5 30	16 45	6 24	17 39
27	6 46	17 43	6 45	18 01	6 41	17 36	6 37	17 36	5 42	16 58	5 32	16 41	6 27	17 36
31	6 49	17 40	6 47	17 59	6 44	17 32	6 40	17 33	5 44	16 56	5 35	16 39	6 29	17 33
नवं. 4	6 53	17 36	6 50	17 57	6 48	17 29	6 43	17 30	5 46	16 54	5 37	16 36	6 32	17 30
8	6 56	17 34	6 52	17 55	6 51	17 26	6 46	17 27	5 49	16 52	5 40	16 34	6 34	17 28
12	6 59	17 31	6 54	17 53	6 55	17 23	6 49	17 24	5 51	16 50	5 43	16 32	6 37	17 26
16	7 03	17 28	6 57	17 52	6 58	17 21	6 53	17 22	5 54	16 49	5 46	16 30	6 40	17 24
20	7 06	17 27	7 00	17 51	7 02	17 19	6 56	17 21	5 56	16 48	5 48	16 29	6 43	17 23
24	7 10	17 26	7 02	17 50	7 05	17 17	6 59	17 20	5 59	16 47	5 51	16 28	6 46	17 22
28	7 13	17 25	7 05	17 50	7 09	17 16	7 03	17 19	6 02	16 47	5 54	16 28	6 49	17 22
दिसं. 2	7 16	17 25	7 08	17 50	7 12	17 16	7 06	17 19	6 04	16 47	5 57	16 28	6 52	17 22
6	7 20	17 25	7 11	17 51	7 15	17 16	7 09	17 19	6 07	16 48	6 00	16 28	6 55	17 22
10	7 23	17 26	7 13	17 52	7 18	17 17	7 12	17 19	6 10	16 49	6 03	16 29	6 57	17 23
14	7 26	17 27	7 16	17 53	7 21	17 18	7 14	17 20	6 12	16 50	6 05	16 30	7 00	17 24
18	7 28	17 28	7 18	17 55	7 23	17 19	7 17	17 22	6 14	16 52	6 08	16 32	7 02	17 26
22	7 30	17 30	7 20	17 57	7 26	17 21	7 19	17 24	6 16	16 54	6 10	16 33	7 04	17 27
26	7 32	17 32	7 22	17 59	7 28	17 23	7 21	17 26	6 18	16 56	6 12	16 36	7 06	17 30
30	7 33	17 35	7 23	18 01	7 29	17 26	7 22	17 28	6 20	16 58	6 13	16 38	7 08	17 32

सूर्योदयास्तकाल (भा. स्टै. टा.)

नगर→	चण्डीगढ़		चेन्नई (ता. ना.)		जम्मू (ज.का.)		जयपुर (राज.)		जालन्धर (पं.)		तिरुवनन्तपुरम्		दिल्ली	
तारीख ↓	सूर्योदय घं. मि.	सूर्यास्त घं. मि.	सूर्योदय घं. मि.	सूर्यास्त घं. मि.	सूर्योदय घं. मि.	सूर्यास्त घं. मि.	सूर्योदय घं. मि.	सूर्यास्त घं. मि.	सूर्योदय घं. मि.	सूर्यास्त घं. मि.	सूर्योदय घं. मि.	सूर्यास्त घं. मि.	सूर्योदय घं. मि.	सूर्यास्त घं. मि.
दिसं. 31	7 23	17 29	6 35	17 51	7 38	17 30	7 20	17 40	7 30	17 32	6 40	18 12	7 18	17 31
जन. 4	7 24	17 31	6 36	17 52	7 38	17 33	7 21	17 42	7 31	17 34	6 41	18 13	7 19	17 34
8	7 24	17 34	6 37	17 55	7 39	17 36	7 21	17 45	7 31	17 38	6 42	18 15	7 19	17 37
12	7 24	17 38	6 38	17 57	7 39	17 40	7 21	17 48	7 31	17 41	6 44	18 17	7 19	17 40
16	7 24	17 41	6 39	17 59	7 38	17 43	7 21	17 51	7 31	17 45	6 45	18 19	7 19	17 43
20	7 23	17 45	6 39	18 01	7 37	17 47	7 21	17 55	7 30	17 48	6 45	18 21	7 18	17 47
24	7 21	17 48	6 39	18 03	7 35	17 51	7 20	17 58	7 28	17 52	6 46	18 23	7 17	17 50
28	7 20	17 52	6 39	18 05	7 33	17 55	7 18	18 01	7 26	17 55	6 46	18 24	7 15	17 53
फर. 1	7 17	17 55	6 39	18 07	7 30	17 58	7 16	18 04	7 24	17 59	6 46	18 26	7 13	17 57
5	7 15	17 59	6 38	18 08	7 27	18 02	7 14	18 07	7 22	18 02	6 46	18 27	7 11	18 00
9	7 12	18 02	6 37	18 10	7 24	18 06	7 12	18 10	7 18	18 06	6 45	18 28	7 08	18 03
13	7 08	18 06	6 36	18 11	7 21	18 10	7 09	18 13	7 15	18 09	6 44	18 28	7 05	18 06
17	7 05	18 09	6 34	18 12	7 17	18 13	7 06	18 16	7 10	18 12	6 43	18 29	7 02	18 09
21	7 01	18 12	6 32	18 13	7 12	18 17	7 02	18 18	7 07	18 16	6 42	18 30	6 58	18 12
25	6 57	18 15	6 30	18 14	7 08	18 20	6 59	18 21	7 03	18 19	6 40	18 30	6 55	18 15
मार्च 1	6 52	18 18	6 28	18 15	7 03	18 24	6 55	18 23	6 59	18 22	6 39	18 30	6 51	18 17
5	6 48	18 21	6 26	18 15	6 58	18 26	6 51	18 26	6 54	18 25	6 37	18 30	6 46	18 20
9	6 43	18 23	6 24	18 16	6 53	18 30	6 47	18 28	6 49	18 27	6 35	18 30	6 42	18 22
13	6 38	18 26	6 21	18 16	6 48	18 33	6 42	18 30	6 45	18 30	6 33	18 30	6 38	18 24
17	6 33	18 29	6 18	18 17	6 43	18 36	6 38	18 32	6 40	18 33	6 31	18 30	6 33	18 27
21	6 28	18 31	6 16	18 17	6 38	18 38	6 34	18 34	6 35	18 35	6 29	18 30	6 28	18 29
25	6 23	18 34	6 13	18 17	6 33	18 41	6 29	18 36	6 30	18 38	6 27	18 29	6 24	18 31
29	6 19	18 36	6 10	18 17	6 27	18 44	6 25	18 38	6 25	18 40	6 25	18 29	6 19	18 33
अप्रै. 2	6 14	18 39	6 08	18 18	6 22	18 47	6 21	18 39	6 20	18 43	6 22	18 29	6 14	18 36
6	6 09	18 41	6 05	18 18	6 17	18 50	6 16	18 42	6 15	18 46	6 20	18 29	6 10	18 38
10	6 04	18 44	6 03	18 18	6 12	18 53	6 12	18 44	6 10	18 48	6 18	18 28	6 05	18 40
14	5 59	18 47	6 00	18 19	6 07	18 56	6 08	18 46	6 06	18 51	6 16	18 28	6 01	18 42
18	5 55	18 49	5 58	18 19	6 02	18 58	6 04	18 48	6 00	18 53	6 15	18 28	5 57	18 44
22	5 51	18 52	5 56	18 19	5 57	19 01	6 00	18 50	5 57	18 56	6 13	18 28	5 53	18 47
26	5 47	18 54	5 54	18 20	5 53	19 04	5 56	18 52	5 53	18 59	6 11	18 28	5 49	18 49
30	5 43	18 57	5 52	18 21	5 49	19 07	5 53	18 55	5 49	19 02	6 10	18 29	5 46	18 52
मई 4	5 39	19 00	5 50	18 22	5 45	19 11	5 50	18 57	5 45	19 04	6 09	18 29	5 42	18 54
8	5 36	19 02	5 49	18 22	5 41	19 13	5 47	18 59	5 42	19 07	6 08	18 29	5 39	18 56
12	5 33	19 05	5 48	18 23	5 38	19 16	5 44	19 01	5 39	19 10	6 07	18 30	5 36	18 59
16	5 30	19 08	5 47	18 24	5 35	19 19	5 42	19 03	5 36	19 12	6 06	18 31	5 34	19 01
20	5 28	19 10	5 46	18 26	5 32	19 22	5 40	19 06	5 34	19 15	6 06	18 32	5 32	19 04
24	5 26	19 13	5 45	18 27	5 30	19 25	5 39	19 08	5 32	19 17	6 05	18 32	5 30	19 06
28	5 25	19 15	5 45	18 28	5 28	19 27	5 37	19 10	5 30	19 20	6 05	18 33	5 29	19 08
जून 1	5 23	19 17	5 45	18 29	5 27	19 30	5 36	19 12	5 29	19 22	6 05	18 34	5 28	19 10
5	5 23	19 19	5 45	18 30	5 26	19 32	5 36	19 14	5 28	19 24	6 06	18 35	5 27	19 12
9	5 22	19 21	5 45	18 31	5 26	19 34	5 36	19 16	5 28	19 26	6 06	18 36	5 27	19 14
13	5 22	19 23	5 46	18 33	5 26	19 35	5 36	19 17	5 27	19 28	6 07	18 37	5 27	19 15
17	5 23	19 24	5 46	18 34	5 26	19 37	5 36	19 18	5 28	19 29	6 08	18 38	5 27	19 17
21	5 23	19 25	5 47	18 35	5 26	19 38	5 37	19 19	5 29	19 30	6 08	18 39	5 28	19 18
25	5 24	19 26	5 48	18 35	5 27	19 39	5 38	19 20	5 30	19 31	6 09	18 40	5 29	19 18
29	5 26	19 26	5 49	18 36	5 29	19 39	5 39	19 20	5 31	19 31	6 10	18 41	5 30	19 19

सूर्योदयास्तकाल (भा. स्टैं. टा.)

नगर→	चण्डीगढ़		चेन्नई		जम्मू (ज.का.)		जयपुर (राज.)		जालन्धर (पं.)		तिरुवनन्तपुरम्		दिल्ली	
तारीख	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त	सूर्योदय	सूर्यास्त
↓	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.
जुला 3	5 27	19 26	5 50	18 36	5 30	19 39	5 41	19 21	5 32	19 31	6 11	18 41	5 32	19 19
7	5 29	19 26	5 51	18 37	5 32	19 38	5 43	19 20	5 34	19 30	6 12	18 42	5 33	19 18
